CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 6 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में 46 आईएएस अफसरों के तबादले, डा. रुपेश कुमार मंडल आयुक्त सहारनपुर बने पेज 2



सुजीत बने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियन खेल टाइम्स



जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लौ तक सम्पादकीय



पाकिस्तान ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल करने का दिया ऑफर पेज 12

# बड़ा फैसला: 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

## 50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो



- आयोग को 18 महीने में देनी होगी रिपोर्ट
- एक जनवरी से हो सकता है लागू

**नई दिल्ली।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी। आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

इसके बाद एक जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है। हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थायी सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे। बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 2.46 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में -शेष पृष्ठ दो पर

### फॉस्फेटिक तथा पोटाश उर्वरक पर सब्सिडी दरों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों के लिए रियायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते रबी सीजन फसल 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने रबी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# डाक्टर्स का त्याग सर्वोपरि, अनदेखी माफ नहीं करेगा समाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**डाक्टर्स का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी, कोविड में मृत प्राइवेट डाक्टर्स को सरकारी बीमा का लाभ मिले: सुप्रीम कोर्ट**



**शीर्ष अदालत ने कहा: यह मान लेना गलत प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वाले प्राइवेट डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी बीमा योजना का लाभ देने के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि अगर न्यायपालिका डाक्टरों का ध्यान नहीं रखेगी और उनके साथ खड़ी नहीं होगी, तो समाज हमें कभी माफ नहीं करेगा।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमा कंपनियां वैध दावों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि यह मान लेना गलत है कि प्राइवेट डाक्टर सिर्फ प्रॉफिट के लिए काम करते हैं। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामला प्रदीप अरोड़ा और अन्य लोगों की याचिका से जुड़ा है। इसमें बॉम्बे हाईकोर्ट के 9 मार्च 2021 के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों के डाक्टर या स्टाफ को इंश्योरेंस का लाभ तभी मिलेगा जब सरकार ने उनकी सेवाएं आधिकारिक रूप से मांगी हों। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह बताए कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के अलावा क्या ऐसी और भी योजनाएं हैं। अदालत ने कहा कि वह एक नियम तय करेगी, जिसके आधार पर बीमा कंपनियां आगे ऐसे मामलों में फैसला ले सकेंगी। यह मामला किरण भास्कर सुर्गडे की कहानी से जुड़ा है, जिन्होंने अपने पति को कोविड-19 महामारी में खो दिया था। उनके पति ठाणे में एक निजी क्लीनिक चलाते थे। बीमा कंपनी ने उनका दावा यह कहकर खारिज कर दिया कि उनका क्लीनिक मान्यता प्राप्त कोविड अस्पताल नहीं था। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (पीएमजीएकेपी) मार्च 2020 में शुरू किया गया था। इस योजना के तहत कोविड-19 से ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के परिवार को 50 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाता है।

# राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल लड़ाकू विमान से भरेंगी उड़ान



**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भारतीय वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति इससे पहले वायुसेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उड़ान भर चुकी हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती मुर्मू बुधवार को हरियाणा जाएंगी और वहां अंबाला वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उडान भरेंगी। श्रीमती मुर्मू ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायुसेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। राफेल भारतीय वायुसेना का प्रमुख लड़ाकू विमान है और इसने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप 'गार्ड आफ ऑनर' दिया जाएगा।

# इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे छह नए रिफ्यूलिंग विमान



- फाइटर जेट्स में हवा में ही फ्यूल भरा जा सकेगा, इजरायल से आठ हजार करोड़ की डील संभव

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरफोर्स में 6 नए मिड-एयर रिफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है।

इस डील के लिए रूस और यूरोप की कुछ कंपनियां भी दौड़ में थीं, लेकिन वे तकनीकी शर्तें और मेक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने आफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। आईएआई की डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमर्शियल विमानों में बदलाव कर उन्हें टैंकर विमानों में बदला जाएगा। कंपनी ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मेक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ की गतिविधियों पर रोक लगाने की कर्नाटक सरकार की कोशिशों को झटका

**बंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल इस आदेश के तहत कर्नाटक सरकार ने निजी संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को संघ की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। हालांकि अब कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ पुनशचौतन्य सेवा समस्थे नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

### गुजरात के पेढवाड़ा गांव में घुसा आठ शेरों का झुंड

**गिर सोमनाथ।** गुजरात में गिर-सोमनाथ जिले के गांवों में एक बार फिर शेरों की आमद ने दहशत फैला दी है। कोडिनार तालुका के पेढवाड़ा गांव में सोमवार की रात एक साथ 8 शेरों का झुंड घुस आया। सबसे पहले इनमें से एक शेरनी ने सड़क पर बैठे मवेशियों पर हमला किया। शेरों ने कुछ घरों में भी घुसने की कोशिश की, जिससे लोग दहशत में आ गए। काफी देर तक गांव की सड़कों पर घूमने के बाद झुंड ने एक गाय का शिकार किया। शिकार खाने के बाद भी शेरों का झुंड गांव में ही डटा रहा। रात भर गांव में रुकने के बाद तड़के सुबह झुंड जंगल की ओर रवाना हो गया। घरों में लगे सीसीटीवी में कैद हुए तो कुछ लोगों ने घरों की छतों से इनके वीडियो बनाए।

# प्रशांत किशोर को चुनाव आयोग का नोटिस



- महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र किया जारी

**पटना/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर को 2 वोटर आईडी पर नोटिस भेजा है और 3 दिन में जवाब मांगा है।

पीके का नाम बिहार के साथ पश्चिम बंगाल में भी मिला है। महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने सीएम का चेहरा घोषित कर दिया है, लेकिन एनडीए ने अब तक अपना सीएम फेस का ऐलान नहीं किया है। एनडीए 30 अक्टूबर को घोषणापत्र जारी करेगा। उधर, राहुल और प्रियंका गांधी 29 अक्टूबर से बिहार में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। राहुल की सभा मुजफ्फरपुर और दरभंगा में होगी। प्रियंका बेगूसराय जिले के बछवाड़ा में रैली करेंगी।

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला: राहुल गांधी

- कहा : भाजपा-जदयू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं, लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है। उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है। बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई।

### प्रियंका का दो दिवसीय वायनाड दौरा आज से

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी। वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके अलावा मोबाइल डिस्पेंसरी के लिए एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाएंगी और कोडेनचेरी ग्राम पंचायत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- IIT कानपुर की तकनीक से बादलों के ऊपर छिड़का केमिकल, ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी। विमान ने तकनीक से बादलों के ऊपर केमिकल छिड़का। आईआईटी कानपुर ने बताया कि क्लाउड सीडिंग सफल रही है। इसे 6 हजार फीट की ऊंचाई पर 6 फ्लेयर से किया गया। ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है। क्लाउड सीडिंग खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार और कई अन्य इलाकों में की गई। उधर, दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए ऐसे कॉमर्शियल व्हीकल्स की एंट्री पर एक नवम्बर से रोक लगा दी है, जो बीएस-6 मानकों के अनुरूप नहीं हैं। इस बीच दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार आया है। मंगलवार सुबह एक्यूआई 306 रिकॉर्ड किया गया। यह सोमवार को 315 से कम था।

# छठ पूजा के आखिरी दिन उगते सूरज को अर्घ्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**दिल्ली में 1300 घाटों पर स्नान, ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका समेत दुनियाभर में भी हुई पूजा**



**नई दिल्ली।** छठ महापर्व का मंगलवार को आखिरी दिन था। 4 दिन का ये महापर्व 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था। मंगलवार को उगते सूरज को 'ऊषा अर्घ्य' के साथ खत्म हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास खत्म हो गया।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने का मुहूर्त सुबह 6:27 बजे तक था। देश के साथ विदेश में भी छठ महापर्व मनाया गया। बिहार, यूपी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई) से इसकी तस्वीरें भी सामने आने लगी हैं। ठंड बढ़ने के बावजूद महिलाएं पानी में खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हुआ, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हुआ। छठ महापर्व को लेकर विदेशों में भी उत्साह था। ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने सोमवार को सूर्य को अर्घ्य दिया था। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद- टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया।

### उत्तराखंड भर्ती घोटाला: सीबीआई ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून (ब्यूरो)।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूकेएसएसएससी द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आखिरकार केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने मोर्चा संभाल लिया है। छात्रों के लगातार और उग्र विरोध के बाद, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन पर राज्य सरकार द्वारा की गई सिफारिश के बाद, सीबीआई ने देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई से राज्य भर के लाखों बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई ने देहरादून की एसीबी शाखा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच की जिम्मेदारी सहायक पुलिस अधीक्षक राजीव चंदोला को सौंपी गई है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**संक्षिप्त समाचार**

### मुरादाबाद का सपा ऑफिस नहीं होगा खाली: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय को लेकर चल रहे विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है, जिसमें जस्टिस जस्टिस अरिंदम सिन्हा और जस्टिस सत्यवीर सिंह की डिविजन बेंच ने जिला प्रशासन के कार्यालय खाली कराने के आदेश को रद्द कर दिया और यथास्थिति बनाए रखने का का आदेश जारी किया है। इस फैसले से सपा को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी यथास्थिति का आदेश दिया था और अब कार्रवाई पर पूरी तरह रोक लगा दी है, कोर्ट ने प्रशासन के दावों को खारिज कर दिया। शहर के सिविल लाइन्स स्थित चक्कर की मिलक में समाजवादी पार्टी का जिला कार्यालय 1994 से चल रहा है। यह भवन मुलायम सिंह यादव को आवंटित किया गया था।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ से अधिक होगा खर्च

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में पर्यटन अवसंरचना के विकास में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए। एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 253.75 करोड़ रुपए के आधार पर, जबकि वित्त वर्ष 2024 में 268.42 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान कोई भी केंद्र पोषित योजना लागू नहीं की जाएगी। सरकार ने कहा कि विज्ञापन और प्रचार के लिए आवंटित 50.50 करोड़ रुपए में से 42.27 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

## डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी

# यूपी में आईएएस अफसरों के बंपर तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में तबादलों का सिलसिला जारी है। एक बार फिर बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। मंगलवार को 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के जिलाधिकारी बदल दिए गए हैं। अजय कुमार द्विवेदी को रामपुर का डीएम बनाया गया है।

आईएएस बालकृष्ण त्रिपाठी को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके साथ ही राजेश प्रकाश को मंडलायुक्त विध्यांचल बनाया गया है। इसके साथ ही धन लक्ष्मी के को महा. निदेशक मत्स्य विभाग की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी तरह संजय कुमार को वर्तमान पद के



■ 46 आईएएस को नई जिम्मेदारी सौंपी, रामपुर, सीतापुर, बस्ती, हाथरस समेत 10 जिलों के डीएम बदले

साथ सचिव उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। तबादलों के क्रम में अटल कुमार राय गृह विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। भानु चंद्र गोस्वामी को मेरठ का मंडल आयुक्त बनाया गया है। डॉक्टर ऋषिकेश भास्कर यशोदा को सचिव राजस्व विभाग, राहत आयुक्त और चकबंदी आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉक्टर रुपेश कुमार को मंडल आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मयूर माहेश्वरी को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पद पर तैनात किया गया है विजय किरण आनंद को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रभारी एनआरआई सेल एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी लीडर के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राहुल पांडे को विशेष सचिव राज्य कर विभाग की जिम्मेदारी दी गई है अतुल वत्स को हाथरस का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। अमनदीप डुली को अपर आयुक्त मनरेगा बनाया गया है इसी तरह हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त वाराणसी, प्रखर कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी, योगेंद्र कुमार को मुख्य विकास अधिकारी अलीगढ़ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक अलीगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 57 पीसीएस अधिकारी हुए स्थायी तहसीलदार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) के 57 अधिकारियों का स्थायीकरण आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, आईएएस अन्नपूर्णा गर्ग द्वारा हस्ताक्षरित है। मुख्य रूप से 2020 और 2022 बैच के तहसीलदार से पदोन्नत होकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बने अधिकारियों को इसका लाभ मिला है। आधिका. रिक सूची में 2020 बैच के अभय राज पांडे एसडीएम आजमगढ़, हेमंत कुमार गुप्ता एसडीएम बलरामपुर, कमलेश कुमार एसडीएम रायबरेली, करणवीर सिंह एसडीएम हमीरपुर, लालता प्रसाद एसडीएम बुलंदशहर, अशोक कुमार सिंह एसडीएम मऊ, विजय यादव एसडीएम महाराजगंज, सुबोध मणि शर्मा एसडीएम प्रतापगढ़, भूपाल सिंह एसडीएम आजमगढ़ और केशव प्रसाद एसडीएम मैनपुरी के नाम शामिल हैं। वहीं 2022 बैच से मोनालिसा जौहरी एसडीएम बहराइच, अभय सिंह एसडीएम मुरादाबाद और तान्या सहायक नगर आयुक्त झांसी का भी स्थायीकरण हुआ है। हालांकि पूर्ण सूची अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और युवा अधिकारियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# बीजेपी सरकार ने किया स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के नौ साल में अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरण, दवाएं और संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों की भारी कमी है। आम जनता मरीजों को सरकारी अस्पतालों में क्वालिटी का इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल रही है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर हर दिन हृदय विदारक खबरें आ रही हैं। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। दवाओं और अन्य जरूरी उपकरणों की सप्लाई में भारी घालमेल है।

### वोटर लिस्ट पर रखेंगे निगरानी

लखनऊ। चुनाव आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे फेस 4 नवम्बर से शुरू होने की घोषणा के साथ ही सपा ने वोटर लिस्ट निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए प्रहरी नियुक्त करने का फैसला लिया है। ये पीडीए मतदाताओ के वोट की रक्षा करेंगे।

# गुरु परंपरा ने रक्षा, सेवा, त्याग व बलिदान का संदेश दिया: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है।

सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि



हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। योगी ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है।

# नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद



■ मुस्लिम लड़कियों को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक के बयान को बताया निदंनीय

और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें अति-निदनीय हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं। राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### ये कहा था पूर्व बीजेपी विधायक ने

गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की दो लड़कियां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़कियां लाओ।

दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है।बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**सेंसेक्स** 84628.16

**निफ्टी** 25936.20



**सोना रु.** 119164

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 143400

प्रति किलो



# शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी टूटे

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 150.68 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 84,628.16 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी आज 29.85 अंक यानी 0.11 प्रतिशत गिरकर 25,936.20 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक सोमवार को अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे।

मझोली और छोटी कंपनियों पर दबाव कम रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.11 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एनएसई में जिन 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,730 में गिरावट और 1,385 में तेजी रही जबकि 122 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। रियलिटी, आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में गिरावट ज्यादा देखी गई। धातु और सरकारी बैंकों के समूहों



में तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 21 के शेयरों में गिरावट और नौ में तेजी रही। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 1.54 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.05 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.03 और बजाज फिनसर्व का 1.00 प्रतिशत टूट गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 0.98 प्रतिशत, पावरग्रिड में 0.93, टीसीएस में 0.90, बजाज फाइनेंस में 0.85, एचसीएल टेक में 0.80, एनटीपीसी में 0.80, एक्सिस बैंक में 0.67, अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.62, आईटीसी में 0.57 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 0.50 प्रतिशत की गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 0.58 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.22 फीसदी टूट गया।

### आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर: रिपोर्ट

**कोलकाता।** भारतीय आवासीय बाजार घटती बिक्री और नई आपूर्ति के बीच स्थिर होता दिख रहा है, जबकि वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट क्षेत्र शीर्ष सात शहरों में लगातार बढ़ रहा है। एनारोक के नवीनतम शोध आंकड़ों से पता चलता है कि मासिक कार्यालय किराया 2024 के नौ महीनों के लगभग 85 रुपए प्रति वर्ग फुट की तुलना में वर्ष 2025 में लगभग 90 रुपए प्रति वर्ग फुट हो जाएगा, जो सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि है। शीर्ष सात शहरों में नए कार्यालयों के निर्माण में वृद्धि के बावजूद, औसत रिक्तियों के स्तर में मामूली तीन प्रतिशत की वार्षिक गिरावट देखी गई, जो 2024 के नौ महीनों में 16.70 प्रतिशत से घटकर 2025 के नौ महीनों में 16.20 प्रतिशत हो गया। चेन्नई एकमात्र ऐसा शहर है जिसने शीर्ष कार्यालय शहरों में एकल- अंकीय कमी दर्ज की है। आयात शुल्क, भू-राजनीतिक तनाव और आईटी क्षेत्रों में छंटनी जैसी वैश्विक चुनौतियों का शीर्ष शहरों में कार्यालय स्थान की मांग पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है।

## सोना 1913 और चांदी 1,631 रुपये हुए सस्ते

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोने की कीमत 1,913 रुपए घटकर 1,19,164 पर आ गई है। इससे पहले इसके दाम 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थे। वहीं चांदी 1,631 रुपए गिरकर 1,43,400 प्रति किलोग्राम हो गई। कल इसकी कीमत 1,45,031 प्रति किलोग्राम थी।

सोने की कीमत पिछले 8 दिनों में 10,420 रुपए घटकर आज 1,19,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। 19 अक्टूबर को इसकी कीमत 1,29,584 रुपए के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं चांदी 1,69,230 रुपए प्रति किलो से गिरकर 1,43,400 रुपए पर आ गई है। ये 25,830 रुपए सस्ती हुई है। दवाली जैसे फेस्टिवल के बाद भारत में सोने-चांदी की खरीदारी का सिलसिला थम गया। इससे सोना-चांदी की डिमांड में कमी आई है। ग्लोबल टेंशन के कम होने से इसमें गिरावट आई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

## उप्र में घरेलू यात्रियों में 15.7 और एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का आया उछाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल से अगस्त के बीच प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस दौरान भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। साल 2016.17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं 2024.25 में यह संख्या बढ़कर 142.28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी



के दौरान 2020-21 में यात्री संख्या 48.35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023.24 की तुलना में 2024.25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023.24 और 2024.25 में अप्रैल.अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान घरेलू यात्रियों में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई। राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है।

### महागठबंधन के लिए वोट मांगेगे अखिलेश यादव और डिंपल

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए वर्सेस इंडिया गठबंधन की चुनावी लड़ाई अब बेहद दिलचस्प होने जा रही हैं। जहां एक तरफ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं, तो वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया भी बिहार चुनाव प्रचार को धार देने बिहार पहुंच रहे हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़ा फैसला:...**

रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, ताकि सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं। आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है। आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा, क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं। आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी।

### एसआईआर पर सवाल उठाने वाले लोकतंत्र के दुश्मन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा 12 राज्यों में मतदाता सूची के एसआईआर की पहल लोकतंत्र को मज़बूत करने वाली नेक कवायद है और जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, वे दरअसल लोकतंत्र के असली दुश्मन हैं। मौर्य ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- वंशवादी दलों की पूरी राजनीति चुनावी फर्जीवाड़े पर टिकी है। इसलिए जब भी कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाता है, वे सबसे ज्यादा हल्ला मचाते हैं। मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है और इससे केवल ईमानदार राजनीति को ही लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में जंगलराज की यादें मिट रही हैं।

# सरकार अग्निवीरों के साथ कर रही है धोखा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ सरकार जवानों के साथ सही नहीं कर रही

कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है। कर्नल चौधरी ने कहा कि हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए। अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है, जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार ने सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थाई किया है, तो बाकी वापस लौटकर क्या भाजपा दफ्तर या किसी कंपनी के बाहर दरबान की नौकरी करेंगे। क्या अग्निवीर अब अडानी डिफेंस के अंदर जाएंगे और वहां जाकर एक प्राइवेट आर्मी की तरह काम करेंगे। मोदी सरकार से हमारा सवाल है कि जब अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी और केंद्र, राज्य की नौकरियों में शामिल करने का वादा किया गया था तो आज उन्हें प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में क्यों भेजा जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# अधिवक्ता चंद्रशेखर की एक्सीडेंट में मौत

**बुढ़ाना।** बार एसोशिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसका संचालन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने किया। जिसमे वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय वीर आर्य एडवोकेट के दामाद चन्द्रशेखर एडवोकेट की आज जनपद मेरठ के सरुरपुर थाना क्षेत्र में भुनी चौक के पास हुई एक भीषण सडक दुर्घटना मे आकस्मिक मौत हो जाने पर उनकी आत्मिक शान्ति के लिए सभी अधिवक्ताओं के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि आज दोपहर 02 बजे से सभी अधिवक्ता समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष बीती 16 अगस्त को बार बुढ़ाना एसोसिएशन से जुडे वरिष्ठ अधिवक्ता स्वतंत्र वीर आर्य किसी बीमारी की चपेट में आकर परलोक सिधार गये थे और आज उनके दामाद की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि चंद्रशेखर अपने ससुर वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय स्वतंत्रवीर आर्य की सीट पर कार्य कर रहे थे। शोक. ाकुल एडवोकेट अचल सहरावत, मौहम्मद मियां रिजवानी, श्यामवीर वर्मा, हरवीर सिंह, योगेश सैनी, रविंद्र कुमार, जाकिर अली, आबाद कुरैशी और अलीम सिद्दीकी आदि एडवोकेट हैं।

## डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहपुर।** थानाक्षेत्र के गांव काकड़ा की एक सड़क दुर्घटना में आज तेज रफ्तार से आ रहे। डीसीएम ने मोटरसाइकिल सवार को रौंदा डाला।

इस सडक हादसे में पप्पू निवासी जड़ौदा की मौके पर मौत हो गई। मृतक मोटरसाइकिल से शाहपुर की ओर आ रहा था, तभी पिछे से आ रही डीसीएम ने टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मौके से फरार हुए डीसीएम चालक को कस्बा चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने घेराबंदी कर किया गिरफ्तार।



# इमरान मसूद का पुतला फूंकने को लेकर पुलिस से झड़प

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को महावीर चौक पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का पुतला जलाने के दौरान हिंद मजदूर किसान समिति के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई।

यह विरोध प्रदर्शन सांसद इमरान मसूद द्वारा कुछ दिन पहले भगत सिंह की तुलना हमास से करने के बाद हो रहा है। उनके इस बयान का देशभर में कड़ा विरोध किया जा रहा है। नगर के महावीर चौक पर हिंद मजदूर किसान समिति के कई कार्यकर्ता एकत्र हुए और इमरान मसूद का पुतला जलाने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच पुतले को लेकर जमकर छीना-झपटी हुई।कार्यकर्ताओं ने इमरान मसूद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उन्हें चेतावनी दी कि यदि वे माफी नहीं मांगते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। समिति के प्रवक्ता अमित कुमार ने बताया कि सांसद मसूद ने अपने पद की गरिमा का ध्यान नहीं रखा। उन्होंने कहा कि जनता इस बात से बेहद नाराज है कि मसूद ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे शहीदों की तुलना हमास से की है। इमरान मसूद को अपने इस बयान पर माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों में प्रवक्ता अमित सिंह, दीप सिंह, नवीन कुमार, तपेन्द्र, विपिन, शेर सिंह, पदम सिंह, धीर सिंह, शैलेन्द्र, विकास, नवीन, सहेन्द्र, संजीव, ज्ञानेन्द्र, सुनील, कुशल प्रधान, विरेन्द्र, रविकान्त, प्रवीन, चौधरी अतर शामिल रहे।



## 35 वर्षीय महिला की किशोर से शादी, मां ने लगाई पुलिस से गुहार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़के की 35 वर्षीय महिला से जबरन शादी कराने का मामला सामने आया है। लड़के की मां ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

किदवई नगर निवासी शिबा पत्नी फरीद ने एसपी देहात आदित्य बंसल को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिबा ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे समद (15) को कुछ लोगों ने धोखे से बंधक बनाकर जबरन शादी करा दी।समद की शादी 35 वर्षीय महिला फरीन से कराई गई है। मां का कहना है कि उनका बेटा अभी स्कूल में पढ़ रहा है और नाबालिग है, इसलिए यह शादी कानूनन अपराध है।शिबा ने बताया कि जब उन्होंने इस जबरन शादी का विरोध किया, तो आरोपी पक्ष ने उन्हें धमकी दी। आरो. पियों ने कहा कि अगर वह बेटे को अपने साथ ले जाने की कोशिश करेंगी, तो उन्हें झूठे मुकदमों में फंसा दिया जाएगा।

# कारोबारी से तीन लोगों ने 25 लाख का सामान ठगा

**ना माल मिला और न ही लौटाये 25 लाख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** इलैक्ट्रोनिक कारोबारी से तीन लोगों ने 25 लाख रूपये का सामान ठग लिया है। तीन आरोपी इलेक्ट्रोनिक कारोबारी से मिले थे और व्यापारी को यह बताया था कि वह उसके कारोबार से जुडकर माल की डिलीवरी करायेंगे। काफी समय बाद भी पीडित का न तो माल लौटाया गया और न ही 25 लाख रूपये दिये गये। इस मामले की शिकायत मंडी थाने में की गई जब सुनवाई नही हुई तो पीडित ने कोर्ट का सहारा लियो। कोर्ट के आदेश पर मंडी पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

जनपद सहारनपुर के कस्बा देवबंद रेलवे रोड निवासी राहुल ने नई मंडी क्षेत्र के जानसठ रोड पर इलेक्ट्रोनिक की एक फर्म की ब्रांच खोल रखी है। राहुल का इलैक्ट्रोनिक का व्यापार है। राहुल की मुलाकात आशीष, रफत और अनस से हुई।

उन्होंने राहुल से वायदा किया कि वह उसकी कम्पनी का माल सप्लाई करायेगा। शुरू-शुरू में उक्त लोगों ने काफी सामान लिया और उसका भुगतान करते रहे। बाद में वह पेमेंट लेट करने लगे। धीरे-धीरे उक्त लोगों ने डीलीवरी के नाम पर पच्चीस लाख रूपये कारोबारी के रोक लिये। कारोबारी राहुल ने उक्त लोगों पर पैसे देने का दबाव बनाया लेकिन आरोप है कि उक्त लोग राहुल पर उल्टा दबाव बनाने लगे।

यही कारण है कि कारोबारी को धमकी मिलने लगी और तीनों लोगों ने अपने-अपने मोबाईल नम्बर पर भी बदल लिये। इस मामले की शिकायत मंडी पुलिस से की गई लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। पीडिता ने कोर्ट का सहारा लिया और वायदा दायर कराया। पुलिस ने इस मामले का मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरू कर दी है। पीडित का कहना है कि उसके साथ डीलीवरी के नाम पर 25 लाख रूपये ठग लिये।

## दुष्कर्म के आरोपी की आवभगत करती दिखी चरथावल पुलिस

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा मे हुए बलात्कार के मामले से जहाँ गांव मे तनातनी का माहौल था वही पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही निवासी फरदिन के खिलाफ बलात्कार सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया था सऔर आरोपी फरदिन को पुलिस द्वारा जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया था जिसके बाद बलात्कार के आरा. ेपी फरदिन का एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा हे बलात्कार के आरोपी फरदिन के वायरल फोटो से जहाँ दूर दूर तक हड़कम्प मच गया वही सोशल मीडिया पर वायरल फोटो मे एक आरोपी के हाथ मे हथकड़ी लगी हुई है और वह एक बेड आदि किसी चीज पर बैठा हुआ हैस और सामने पुलिस की वर्दी मे आदमी खडे हुए है और पुलिस वाले इस तरह खडे हुए है जैसे की कोई अपने मालिक के सामने खड़ा रहता है वही आज के इस वायरल फोटो से जहाँ क्षेत्र सहित पुरे जिले मे हड़कम्प मचा रहा वही बलात्कार के आरोपी को पुलिस द्वारा एनर्जी ड्रिंक पिलाने से पुलिस क्या दर्शाना चाहती है और बलात्कार के आरोपी को क्यों वीआईपी ट्रीटमेंट देना चाहती है यह तो पुलिस ही जानती है की इसके पीछे क्या कारण है लेकिन वायरल फोटो से पुलिस की जमकर छिछीलेदार हुई और क्षेत्रवासी पुलिस के बारे मे तरह तरह की चर्चाए करते नजर आए



मुजफ्फरनगर:टीचर्स सेल्फ केयर टीम के सदस्य 50 लाख का चैक सौंपते हुए।



मुजफ्फरनगर: श्याम बाबा जन्मोत्सव की जानकारी देता गणपति धाम परिवार।

## डीएम-एसएसपी को टारगेट कर रहे युवक का वीडियो वायरल

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें एक युवक जनपद मुजफ्फरनगर के डीएम और एसएसपी को टारगेट करता हुआ नजर आ रहा है। जिसमें गंदे पानी की निकासी को लेकर नाली का निर्माण हो रहा था तो वहीं जो युवक डीएम और एसएसपी को टारगेट कर रहा है उसने गांव की ग्राम समाज जमीन का फर्जी रूप से अपने नाम बैनामा करा रखा है। जो जगह ग्राम समाज की है और युवक द्वारा उसको अपनी जमीन बताकर नाली निर्माण में पानी की निकासी नहीं होने दे रहा है। अब जिस व्यक्ति की जिले के अधिक. ारियों के प्रति इस तरह की लैंग्वेज हो तो पुलिस प्रशासन उसके खिलाफ क्या कार्रवाई करता है यह देखने वाली बात है। वही एक पत्रकार द्वारा जब इसकी वीडियो बनाई गई तो उसको रोका गया और उसको तथाकथित पत्रकार बताया गया जबकि सारी वीडियो में जो युवक डीएम और एसएसपी को बुलाने की बात कर रहा है उसने ग्राम समाज की जमीन का फर्जी तरीके से बेनामा करा रखा है। जो कि जांच का विषय है। उधर पुलिस ने भी वायरल वीडियो की जांच शुरु कर दी है।

# भाई की मौत के बाद बेसहारा बहन का सहारा बने शिक्षक

## टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दी 50 लाख की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** संवेदना और सहयोग जब एक हो जाएं, तो इंसा. नियत नई कहानी लिखती है। बरला इंटर कॉलेज में कार्यरत शिक्षक योगेश कुमार की मृत्यु के बाद उनकी बहन शिमलेश कुमारी के जीवन में छाए अंधेरे को उत्तर प्रदेश के हजारों शिक्षकों ने एक साथ मिलकर आशा का दीप जलाने का काम किया है।

टीम के सदस्यों का कहना है कि शिक्षक केवल ज्ञान के दीपक ही नहीं, बल्कि संवेदना के रक्षक भी हैं।हृभाई के निधन के बाद टूटी शिमलेश कुमारी के लिए यह मदद केवल आर्थिक सहारा नहीं, बल्कि यह संदेश है कि इस समाज में आज भी इंसानियत ज़िंदा है, और शिक्षकों का परिवार हर दुख में एक-दूसरे के साथ खड़ा है।

दरअसल बरला इंटर कॉलेज में कार्यरत शिक्षक योगेश कुमार की गत दो दिसम्बर 2024 को हत्या कर गई थी। वह टीचर्स सेल्फ केयर टीम की सदस्य थे और लगातार दूसरे शिक्षकों के परिवारों को अपना सहयोग कर रहे थे। योगेश कुमार की मौत के बाद उन पर आश्रित उनकी बहन शिमलेश कुमारी अपने भाई के असमय इस दुनिया से चले जाने के बाद से मानसिक रूप से बहुत पीड़ित थी। इस संसार में उनका एक मात्र सहारा उनका भाई था। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के आ]वान पर प्रदेशभर के चार लाख से अधिक शिक्षकों और कर्मचारियों ने मात्र 15-15 रुपए का सहयोग देकर शिमलेश कुमारी के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भेजी है।

यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाई गई, ताकि मदद की गरिमा बनी रहे और किसी मध्यस्थ की जरूरत न पड़े। प्रदेश संगठन मंत्री व कोर टीम सदस्य डॉ. फर्रुख हसन ने बताया कि जुलाई 2020 में विवेकानंद के नेतृत्व में गठित टीचर्स सेल्फ केयर टीम आज मानवता की मिसाल बन चुकी है। संस्था से जुड़े लाखों शिक्षक हर उस परिवार का साथ निभा रहे हैं, जिसने अपने किसी शिक्षक सदस्य को असमय खो दिया।

केवल इस माह प्रदेश के विभिन्न जिलों के 20 दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को लगभग 10 करोड़ रुपए की सहायता सीधे उनके खातों में भेजी गई। स्थापना से अब तक संस्था 416 शिक्षक परिवारों की 198 करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक मदद कर चुकी है। उन्होंने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले में भी अब तक 9 दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है जो अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड है।

# स्वर्ण रथ पर सवार होकर आ रहे श्याम बाबा

## आज से शुरू होगा पांच दिवसीय उत्सव, 30 अक्टूबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**मुजफ्फरनगर।** भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपतिधाम खाटू श्याम मंदिर में इस वर्ष भी परंपरागत उल्लास और श्रद्धा के साथ भगवान श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पंच दिवसीय यह भव्य आयोजन 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें भक्ति, संगीत और शोभायात्रा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंगलवार को मंदिर परिसर में ट्रस्ट के भीमसेन कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, जे.पी. गोयल, कैलाश चन्द्र ज्ञानी, सोमप्रकाश कुच्छल, अम्बरीश सिपल, बिजेन्द्र राणा, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शशांक राणा, रजत राठी, नवनीत गुप्ता, यश गर्ग और तुषार गर्ग आदि पदाधिकारियों ने पत्रकारों को बताया कि 30 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 10 बजे श्री खाटू श्याम भगवान की परंपरागत विशाल शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। इस भव्य यात्रा में 5 बैंड, ढोल, 10 आकर्षक झांकियाँ तथा बाबा श्याम का भव्य रथ, जिसे श्रद्धालु स्वयं हाथों से खींचेंगे, शामिल रहेंगे। यात्रा मार्ग को रंग-बिरंगे झंडों, तोरणों और फूलों से सजाया जा रहा है, जिससे पूरे नगर में उत्सव का वातावरण बन गया है। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा गणपतिधाम मंदिर से प्रारंभ होकर परंपरागत मार्ग नवीन मंडी स्थल, राजवाहा रोड, मुनीम कॉलोनी, जैन कन्या स्कूल, बड़े डाकखाने के सामने से गुजरते हुए गौशाला रोड, नंदी स्वीट्स, पुरानी गुड़ मंडी, पीठ बाजार, बिंदल बाजार, चौड़ी गली, मालवीय चौक, अंसारी रोड, सर्राफा बाजार, भगत सिंह रोड, शिव चौक, टाउन हॉल रोड, रेलवे ओवरब्रिज, गांधी कॉलोनी, लक्ष्मीनारायण मंदिर, द्वारिकापुरी, भोपा रोड, वकील रोड और डाकखाना रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पर सम्पन्न होगी।

पंच दिवसीय कार्यक्रम में भक्तों के लिए कई धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन रखे गए हैं, जिनमें 29 अक्टूबर को पंचमुखी बालाजी संकीर्तन मंडल द्वारा एक शाम ठाकुर जी के नाम संध्या 7.30 बजे से प्रारम्भ होगी। 31 अक्टूबर को मेहंदी श्याम नाम की कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में शाम 5 बजे से होगा। 1 नवम्बर को निशान यात्रा प्रातः 9 बजे शिव चौक से प्रारंभ होकर मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। 1 नवम्बर की रात्रि में एकादशी भव्य कीर्तन शाम से मंगला आरती तक चलेगा। 2 नवम्बर की सायं 7 बजे से बधाई उत्सव व भव्य भंडारे के साथ जन्मोत्सव का समापन होगा।

# भांजी की विदाई के बाद ही मामी ने दम तोड़ा

**बुढ़ाना।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल दिल्ली में तैनात कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला नई बस्ती के निवासी हैड कांस्टेबल ताहिर मंसूरी की लगभग 45 वर्षीया पत्नि नसरीन ने आज मंगलवार की प्रथम रात्रि लगभग एक बजे अपने ही आवास पर लम्बी बीमारी के चलते दम तोड दिया। उनको कोरोना काल से ब्लड केंसर था।

जिस समय नसरीन मंसूरी ने दम तोडा उससे कुछ घंटे पहले ही बुढ़ाना कस्बे के एक बैंकट हाल में बीती सोमवार की देर रात उनकी सगी भांजी बुढ़ाना निवासी हीना मंसूरी की शादी थी और उसकी विदाई हो रही थी। हीना को उनके निधन की खबर आज मंगलवार की सुबह बताई गयी तो हीना रोती बिलखती हुई अपनी ससुराल मेरठ से बुढ़ाना आई और अपनी मामी का चेहरा देखा। इससे एक दिन पहले ही नसरीन की बुढ़ाना निवासी चचिया सास की मौत हो गयी थी। नसरीन के निधन की खबर को सुनकर मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गयी और उनको सुबह के समय सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में बुढ़ाना के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। परिवार में भी चीख पुकार मची है। हिना ने अपने पति हैड कांस्टेबल ताहिर मंसूरी के सामने ही दम तोडा। ताहिर मंसूरी डड्यूटी से छुटी पर एक दो दिन के लिए घर आए हुए हैं। कुल मिलाकर भांजी हिना की शादी की खुशियां मामी नसरीन की मृत्यु के चलते मातम में बदल गयी।







# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ महापर्व

## खतौली गंगनहर घाट पर सुबह से उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया। तड़के से ही खतौली की गंगनहर के घाटों पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी धजी कलश और पूजा सामग्री के साथ घाट पर पहुंचीं और उगते सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और जीवन में ऊर्जा की कामना की।

त्रिवेणी शुगर मिल और गंग. नहर घाट पर मंगलवार सुबह महिलाओं ने स्नान कर उगते सूर्य देव की आराधना की। जैसे ही सूर्य की पहली किरण निकली, घाट पर छठी मईया के जयकारे गूंज उठे। श्रद्धालु महिलाएं कमर तक जल में खड़ी होकर सूर्य देव को अर्घ्य देते हुए अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करती रहीं वही महिलाओं ने दूसरी महिलाओं को नाक से लेकर माथे तक तिलक किया। चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय' से शुरू होकर 28 अक्टूबर को 'उषा अर्घ्य' के साथ संपन्न हुआ।

सोमवार की शाम महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद रातभर मंगल गीत गाए और भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद व्रती महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक पारण किया। परंपरा के अनुसार, व्रत का पारण कच्चे दूध का शरबत, ठेकुआ, कसरी, खीर, फलाहार और तुलसी जल से किया गया।



सबसे पहले व्रती तुलसी के पत्ते से जल ग्रहण कर छठी मईया को प्रणाम करती हैं और फिर प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ती हैं। छठ पर्व के दौरान घाटों की सजावट और भक्तों की उमंग देखते ही बन रही थी। महिलाओं ने पूजा स्थल पर दीप जलाकर छठी मईया का आभार प्रकट किया और परिवार सहित प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर भैसी पुलिस चौकी इंचार्ज नन्दकिशोर शर्मा अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुय भारी पुलिस बल साथ अलर्ट रहे।

# चोरी का खुलासा ,शातिर चोर गिरफ्तार

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब थाना खतौली पुलिस टीम ने चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नगद 47,150 रुपये बरामद किए गए। कड़ी पूछताछ के बाद पुलिस ने शातिर चोर का चालान कर जेल भेज दिया है।

17 सितंबर को ग्राम टिटौड़ा निवासी आशीष भाटी पुत्र जयवीर ने थाना खतौली में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उनके मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे नकदी व सोने के आभूषण (चेन, कुंडल आदि) चोरी कर लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जिसके बाद खतौली पुलिस ने कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खतौली और थाना प्रभारी खतौली के कुशल नेतृत्व में घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम गठित की गई, जिसने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार को पुलिस टीम उ0नि0 तेजवीर सिंह (चौकी प्रभारी, भूड), प्रताप सिंह, का0 धनेश कुमार , का0 अंजीत सिंह के साथ खतौली नेशनल हाइवे पर चीतल कट पर चे. कंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी के मामले में वांछित आरोपी आरिफ उर्फ हकला पुत्र शमशाद निवासी लिसाड़ी गेट, मेरठ चोरी का माल बेचने की फिराक में मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाला है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अल्मेडा होटल के पास दबिश देकर आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक बैग बरामद हुआ, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रखी हुई थी। पुलिस ने शातिर चोर से 03 चैन (पीली धातु), 03 पुरुषों की अंगूठी पीली धातु), 01 महिलाओं की अंगूठी पीली धातु), 01 जोड़ी टॉप्स पीली धातु), 02 जोड़ी पाजेब (सफेद धातु), 47,150/- नगद बरामद किए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार शातिर चोर आरिफ उर्फ हकला का आपरा. धिक इतिहास बेहद लंबा है। उस पर मेरठ, आगरा और अन्य जनपदों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के कई गंभीर प्रकरण शामिल हैं। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के बाद उसका चालान कर जेल भेज दिया गया है और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। उनका कहना था कि आरोपी एक पेशेवर चोर है, जो मेरठ और आस-पास के जिलों में लंबे समय से सक्रिय था।

### फरार आरोपी भेजा जेल

**फुगाना।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल एवं फुगाना सर्किल की पुलिस क्षेत्राधिकारी रुपाली राव के संयुक्त निर्देशन में फुगाना पुलिस और एण्टी रोमियो स्कवायड की संयुक्त टीम ने 82 सीआरपीसी के बाद भी फरार चल रहे आरोपी मोहसीन की न्यायालय ने गैर जमानती वारण्ट और 82 सीआरपीसी जारी की तो अभियुक्त मोहसीन पुत्र मुबारक अली निवासी सिंधावली थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ को किसी खास मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह गिरफ्तारी दारोगा प्रेम कुमार ने अन्य दारोगा सुनील कुमार, हैड कांस्टेबल विनित कुमार व महिला कांस्टेबल रेखा के सहयोग से की है।

# सऊदी अरब से युवक के शव को लाने को परिजन हो रहे परेशान

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी के निवासी युवक आस मोहम्मद अंसारी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद सऊदी अरब से मृतक के शव को स्वदेश लाने के लिए परिजनो को भारी दिक्क़त का सामना करना पड़ रहा हैं। चार दिन बीतने के बाद शोक मे डूबे परिजन शिथिल व महंगी व्यवस्था से आहत हैं। परिजनों ने जन प्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे मोहल्ला पीपल वाला निवासी 22 वर्षीय आस मोहम्मद अंसारी उर्फ़ मुन्ना सऊदी अरब की राजधानी रियाध मे रहकर किसी प्रॉपर्टी डीलर के सहायक के रूप मे कार्य करता था। बीते शनिवार की देर शाम आस मोहम्मद ने पत्नी सानिया को मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग कर फांसी लगाकर लाइव आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने बताया कि आस मोहम्मद के शव को स्वदेश लाने मे भारी दिक्क़त का सामना करना पड़ रहा है।



मजदूर परिवार को कई लाख की बड़ी धनराशि जुटाने के अलावा अन्य तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिजन आस मोहम्मद के शव को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे हैं। वहीं आस मोहम्मद की मौत से पत्नी सानिया पिता क़ासिम अंसारी माता हमीदा बेगम तथा बहन नजमा का रोरो. कर बुरा हाल है।

# बच्चों के लिए शिक्षा भोजन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण : कासमी



**फुगाना।** कस्बा बुढाना के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांवद्द लोई में स्थित फलाह दारैन इस्लामिया मदरसे में चल रही छमाही परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जहां जमीयत उलेमा मौजा लोई के अध्यक्ष युवा धार्मिक विद्वान मुफ्ती मुहम्मद शोएब आलम कासमी बड़ी ईमानदारी और मेहनत से बच्चों की सेवा करते दिखे। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय और प्रसिद्ध व्यक्तित्व छोटी मस्जिद कुरैशियान के इमाम और खतीब हजरत मौलाना अब्दुल हक ने कहा कि यहां ऐसे मेहनती और ईमानदार व्यक्ति की सख्त जरूरत थी। जो बड़ी मेहनत और ईमानदारी के साथ काम को अंजाम दे। यह मुफ्ती शोएब की मेहनत और ईमानदारी का ही नतीजा है कि इतने कम समय में यहां हिफ्ज, नाजरा और फारसी का एक समूह भी स्थापित हो गया। परीक्षा निरीक्षक व जमीयत उलेमा के शहर अध्यक्ष मुफ़्ती आस मुहम्मद क़ासमी ने कहा कि मैं कुछ महीने पहले ही इस गाँव में आया था और हालात का जायज़ा लेने के बाद मुझे एहसास हुआ कि यहां शिक्षा का कोई उचित प्रबंध नहीं है। शिक्षा व्यवस्था और मुफ़्ती शोएब आलम की मेहनत देखकर दिल को बहुत सुकून मिला व मदरसे की कामयाबी के लिए दुआए की। अल्लाह मदरसे और मुफ़्ती शोएब आलम को बरकत दे। रब और उनके मददगारों को दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की अता करे और दुनिया और आखरित में उन्हें बेहतरीन सवाब अता करे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज कई स्थानों की बत्ती 3 घंटे रहेगी गुल

**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन विद्युत वितरण खण्ड बुढाना के अन्तर्गत 33 केवी लाईन वैल्ली का मेंटेनेंस का कार्य करने के लिए सुबह 10 से लेकर दोपहर लगभग 1 बजे तक का शटडाउन रहेगा। इसमें प्रभावित क्षेत्र वैल्ली, अटाली, बुढाना टाऊन, बुढाना देहात, मिण्डकाली, चन्धेडी, कुरथल, अलीपुर अटेरना और जौला विद्युत उपकेन्द्रो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत जेई शिव कुमार ने इन सभी बिजलीघर क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे सुबह दस बजे से पहले ही बिजली संबंधी अपने कार्य निपटा लें।

### शुकतीर्थ में महिलाओं ने की छठ पूजा, मांगी मनौती

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में छठ पूजा के समापन पर मंगलवार की सुबह महिलाओं ने सूर्य को जल देकर व्रत का पारण किया। सुरक्षा को देखते हुए गंगा घाट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री डा. महकार सिंह ने बताया कि मोरना, मिल, खतौली, मंसूरपुर आदि दूर दराज क्षेत्रों से अनेक महिलाएं परिवार के साथ मंगलवार की सुबह गंगा घाट पर पहुंची। महिलाओं ने बांस की टोकरी में पूजा की सामग्री, मौसमी फल, ठेकुआ, कसर, गन्ना आदि सामान सजाया। श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ खड़े होकर उगते सूर्यदेव की उपा. सना की तथा घर, परिवार, संतान की सुख समृद्धि, खुशहाली के लिए कामना की। गंगा में खड़े होक सूर्य को जल देकर अपने व्रत का पारण किया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर उप निरीक्षक विवेक चौधरी के साथ पुलिस बल तैनात रहा।

### बाइक सवार तीन दबंगों ने की युवक की पिटाई

**बुढ़ाना।** गांव में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के उद्देश्य से एक मोटर साइकिल पर सवार तीन दबंगों ने अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक को बिना बात ही लाठी डंडे व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। फुगाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव खरड निवासी फैय्याज पुत्र सीना उर्फ यामीन का लडका समीर गांव में ही मैन रोड पर चाऊमीन की ठेली पर खड़ा था। तभी गांव के संदीप पुत्र मुकेश, गौरव पुत्र प्रमोद व परम पुत्र संजय एक मोटर साइकिल पर आये और आते ही लाठी डन्डों व धारदार हथियार से समीर पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों के मौके पर आने से तीनों आरोपी भाग गये। किसी ग्रामीण के जरिए जब घटना की सूचना फुगाना पुलिस को मिली तो पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल समीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल समीर की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। फुगाना पुलिस ने आरोपियों पर वैसे हल्की धाराएं लगाई हैं। इससे इन दबंगों के होंसलों में बढ़ोतरी होगी ऐसी चर्चा है और चर्चा यह भी है कि ये सभी युवक गैंग बनाकर आये दिन अन्य युवकों से लड़ाई करते रहते हैं। जब पुलिस को शिकायत होती है तो इन दबंग युवकों के बड़े पीड़ितों को डरा धमकाकर फैसला करवा देते हैं। संभ्रांत ग्रामीणों में इन आवारा लडकों की गुंडागर्दी को लेकर गहरा रोष व्याप्त है।

### बुधवार से होगा उर्स ए लतीफी का आगाज़

**भोपा।**क्षेत्र के गाँव सीकरी में सूफ़ी संत बाबा अब्दुल लतीफ़ साबरी का 56 वा उर्स व मेले का आगाज़ बुधवार से हो रहा है। उर्स का आयोजन 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया जायेगा। मुख्य रस्म कुल शरीफ व दुआ दो नवंबर को होगी।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव सीकरी मे प्रति वर्ष आयोजित होने वाले उर्स लतीफी मे क्षेत्र सहित मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, रामपुर, बिजनौर, उत्तराखंड, राजस्थान आदि स्थानों से अनुयायी बड़ी संख्या मे शिरकत करते हैं। उर्स मे धार्मिक कार्यक्रम के अलावा कववालियो का आयोजन भी होता है। साथ ही दरगाह शरीफ के आस पास मेले लगता है।मेले में बच्चों के खिलोनो की व हलवा परांठे की दुकाने लगायी जाती हैं।दरगाह शरीफ पर बुधवार को जलसा ईद मिलादुन्नबी मनाया जायेगा। जिसमे उच्च स्तरीय धार्मिक विद्वान् भाग लेंगे। मुख्य रूप से मुरादाबाद से हज़रत मौलाना इनामुद्दीन नईमी व जोधपुर से हज़रत सय्यद नूर अशरफ अशरफी विशेष सम्बोधन करेंगे। दरगाह के सज्जादा नशीन बाबा हबिबुररहमान सज्जादा नशीन शफात हसनैन, मौलाना उमर अब्बास सज्जादा नशीन आयोजक के रूप मे हैं। उर्स के प्रबंध में मौ.उस्मान , फरीद मियां, फैज़ी मियां, हैदर मियां, अदनान मियां, अदील मियां, सकलेन मियां आदि जुटे हुए हैं।

### चोरों ने करहेड़ा स्वास्थ्य उपकेंद्र से कीमती सामान को चुराया

**मोरना।**मोरना के निकटवर्ती गांव करहेडा में तिस्सा मार्ग पर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र में चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। उपकेन्द्र पर तैनात आशाओं ने पुलिस को सूचना देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेडा की आशा कार्यकत्री रीना ने जानकारी देते हुए बताया की सोमवार की रात चोरों ने स्वास्थ्य केंद्र से 17 कुर्सियां, दो मेज, दो वेट मशीन,डिलीवरी के उपकरण, सफाई का सामान चोरी कर लिया चोरों ने कुछ दिन पूर्व सबमर्सिबल का तार व स्टार्ट भी चोरी कर लिया था चोरी की घटना का मंगलवार की सुबह पता चला जब सफाई कर्मी को उपक. ेंद्र के ताले टूटे हुए मिले सफाई कर्मी ने घटना की सूचना ग्रामप्रधान अमित राठी को दी स्वास्थ्य उप केंद्र पर चोरी की घटना से गांव में हड़कंप मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर जल्द खुलासा किया जाएगा।

### कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**बुढ़ाना।** एक कब्रिस्तान की जमीन पर एक ग्रामीण ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारी को की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव बिटावदा के निवासी खालिद अहमद ने गांव बिटावदा के ही एक ग्रामीण पर कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का खुला आरोप लगाया है। शिकायत करने वाले खालिद अहमद ने मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि गांव के खसरा नंबर 950 में कब्रिस्तान दर्ज हैं। जिसका रकबा 3335 मीटर है। आरोप है कि गांव का एक ग्रामीण कब्रिस्तान की जमीन में अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। खालिद ने एसएसपी को घशिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रूकवाने की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है और बुढ़ाना पुलिस को भी जांच के निर्देश दिए हैं।

# इस बार भी बुढ़ाना बार अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष से अधिक का रहेगा?

## शाहनवाज राना भी लड़ रहे हैं यूपी बार काउंसिल सदस्य पद का चुनाव

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** अगर देखा जाए तो बार काउंसिल आफ यूपी की चुनाव प्रक्रिया के चलते इस बार बुढ़ाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी का कार्यकाल एक वर्ष से भी अधिक समय का रहेगा। इससे पहले भी अधिवक्ता अशोक राठी का कार्यकाल किन्हीं कारणों से एक वर्ष से भी ज्यादा समय का रहा था। वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद त्यागी बीते वर्ष 2024 में 13 दिसम्बर को बुढ़ाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए थे।

उन्होंने छठे दिन 18 दिसम्बर को अध्यक्ष पद की शपथ ली थी। अब उम्मीद थी कि बार एसोसिएशन बुढ़ाना के चुनाव इसी वर्ष दिसम्बर माह में हो जाएंगे लेकिन अब खबर है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने यूपी में बार काउंसिल चुनाव के चलते आगामी 15 फरवरी 2026 तक अन्य बार की हर चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

इसलिए दिसम्बर माह में होने वाला बुढ़ाना बार एसोसिएशन का चुनाव अब मार्च माह में ही होता नजर आ रहा है क्योंकि काउंसिल ने यूपी बार काउंसिल के सेक्रेटरी को जो पत्र जारी किया है उसमे लिखा है कि यह पत्र उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आगामी चुनावों के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जारी किया जा रहा है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य के सभी बार एसोसिएशनों को निर्देश दें कि वे 15 नवंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान किसी भी बार एसोसिएशन के चुनाव न कराएं और न ही अधिसू. चत करें। यह अस्थायी प्रतिबंध ओवरलैप से बचने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की चुनावी प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान या परस्पर विरोधी कार्यक्रमों के आगे बढ़े। ख़पया यूपी के सब बार एसोसिएशनों को तत्काल एक उपयुक्त परिपत्र जारी करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि आप प्रत्येक बार एसोसिएशन से अनुपालन की पुष्टि प्राप्त करें और 10 दिनों के भीतर बीसीआई कार्यालय को एक समेकित अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह आपके अनुपालन और आवश्यक कार्रवाई के लिए है। मुजफ्फरनगर जनपद में यह चुनाव आगामी वर्ष 2026 में तीसरे चरण में 27 जनवरी और 28 जनवरी को ही होगा। यह तय हो चुका है। जिसमें सिर्फ मुजफ्फरनगर, बुढ़ाना व जानसठ तहसील में ही मतदान होगा। इस चुनाव में पूर्व विधायक और वरिष्ठ अधिवक्ता डाक्टर शाहनवाज राना भी सदस्य पद का चुनावद्द लड रहे हैं। वह पहले भी उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन रह चुके हैं। इस बार शाहनवाज राना प्रथम वरीयता के सदस्य पद के लिए तय तारीख में नामांकन दाखिल करेंगे।

# यति नरसिंहानंद महाराज ने दिया मांगेराम त्यागी को खुला समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** त्यागी ब्राह्मण भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी के आवास पहुंचे यति नरसिम्हनंद महाराज ने कहा कि वे मांगेराम त्यागी के साथ लड़ने मरने को तैयार हैं अगर उनकी गिरफ्तारी हुई तो वह भी साथ में गिरफ्तारी देंगे।

मांगेराम त्यागी व उसके दो साथियों के विरुद्ध बुढाना के पूर्व ब्लाक प्रमुख बिनोद मलिक ने रंगदारी मांगने ओर कर्मचारियों को उकसाकर टोल बंद कराकर सरकारी राजस्व का नुक़सान कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंगलवार को उनके आवास पर पहुंचे गाजियाबाद के डासना मंदिर के महंत यति नरसिम्हनंद महाराज ने कहा कि वीडियो देखकर पता चला कि उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है जो समाज के किसी भी वर्ग के गरीब ,पीड़ित व किसान की लडाई लड़ते हैं वे भी उनके साथ गिरफ्तारी देने आये है उन्होंने कहा कि यह लडाई समाज की नहीं बल्कि अपराधियों व मांगेराम की लडाई है प्रशासन अपराधियों के हाथ की कठपुतली बना हुआ है मांगेराम तो टोल पर मारे गये ग़रीब पंडित की लडाई लड रहे हैं वह कोई अपराध नहीं है पता नहीं किस दबाव में प्रशासन ने रिपोर्ट दर्ज की है। मांगेराम रंगदारी नहीं मांग सकते उनके पास किसी चीज की कमी नही है। उनकी आवाज पर रुपया इकठ्ठा हो जाता है। उसने कई मामलों में साथ दिया है इसलिए लड़ाई में वह उनके साथ लड़ने मरने को आये है। मांगेराम त्यागी उनका भाई है शिष्य हैं। अगर मांगेराम त्यागी जेल भरो आंदोलन करेंगे तो उनके साथ लाखों की संख्या में गिरफ्तारियां होगी ओर वे भी इतने कमजोर नहीं है जो डर जायेंगे।

# नई मंडी कोतवाली का एसपी सिटी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने थाना नई मण्डी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया । सर्वप्रथम गार्द ने पुलिस अधीक्षक नगर को सलामी दी, उन्होंने महिला हेल्प डेस्क को गहनता से जाँचा परखा जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम,पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के उल्लेखित विवरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, शौचालय, स्नानघर, मेस, स्वच्छ पानी की उपलब्धता आदि का निरीक्षण करते हुए मालखाने में रखे शस्त्रों की साफ-सफाई व रख-रखाव का निरीक्षण किया।

एसपी ने त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपरा. धियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए संचालित मेस का निरीक्षण किया गया जिसमें मेस की साफ सफाई संतोषजनक मिली साथ ही मेस में भोजन की गुणवत्ता बढाने तथा प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना पर नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी की गयी तथा उनके तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के थाना प्रभारी नई मण्डी बृजेश कुमार शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### राजकुमार भारती ने उप जिलाधिकारी जानसठ का पद भार संभाला

**जानसठ।** सोमवार शाम को जानसठ तहसील ने एक नई प्रशासनिक ऊर्जा का अनुभव किया, जब खतौली से स्थानांतरित होकर आए तेजतर्रार अधिकारी राजकुमार भारती ने उप-जिलाधिकारी का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण किया।

उनके पद संभालने के अगले ही दिन मंगलवार को उनकी कार्यशैली की झलक देखने को मिली, जिसने स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नई उम्मीद जगा दी है। एसडीएम राजकुमार भारती ने स्वागत और सम्मान के बीच भी फरियादियों को इंतजार नहीं कराया। उन्होंने एक-एक शिकायत को हाथ में लिया, उन्हें गंभीरता से पढ़ा और मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार अजय कुमार तथा अन्य अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

# मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण को लेकर सीएम से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष



**मोरना।** गन्ना फ़सल की कटाई शुरू होते ही मोरना चीनी मिल के विस्तारीकरण की मांग फिर शुरू हो गयी है। इसी संबंध मे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने प्रदेश के मुख्य मन्त्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर मिल की पैराई क्षमता बढ़ाने की मांग दौराई है।।डॉ.निर्वाल ने मुख्य मंत्री को बताया कि मोरना चीनी मिल की पेराई क्षमता क्षेत्र में गन्ना उपज के उत्पादन के सापेक्ष पर्याप्त नहीं है तथा यह इकाई पुरानी भी हो चुकी है। चीनी मिल की पेराई क्षमता 25 टी सी डी से बढ़ाकर 50 टी सी डी करते हुए नई यूनिट का निर्माण कराया जाये। मोरना चीनी मिल का नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण इस क्षेत्र के किसानों की सबसे बड़ी मांग है और गन्ना किसानों के हित में मिल का विस्तारीकरण किया जाना बेहद जरूरी है। जिला पंचायत अध्यक्ष डा वीरपाल निर्वाल इससे पूर्व भी कई बार प्रदेश के मुख्य मंत्री से मिल कर यह मांग कर चुके है |मुख्य मंत्री ने इस विषय की गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने शुकतीर्थ के विकास सहित जनपद मे विकास योजनाओ के उचित क्रियान्वयन के संबंध मे जिला पंचायत अध्यक्ष से बात की।


**सूचना**

मेरा पहले नाम मौ.गुलजार मिर्जा (MOHD GULJAR MIRJA) था जिसे अब मैने बदलकर (MOHD. GULZAR MIRZA) कर लिया है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे (MOHD. GULZAR MIRZA) के नाम से जाना,पहचाना व पुकारा जाये।

**MOHD. GULZAR MIRZA S/0( MOHD. SHAUKAT MIRZA H.N.960/10, SARWAT MOHALLA-6, MUZAFFARNAGAR (U.P) 251001**


# मंसूरपुर में धूमधाम से मनाया गया महापर्व छठ

**मंसूरपुर।** चार दिन तक चलने वाला सूर्य उपासना का महा पर्व छठ मंसूरपुर में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ मनाया गया। महिलाओं ने इस अवसर पर 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा। परिसर में एक सुंदर पंडाल सजाया गया है। जिसमें छठ मैया की सात मूर्तियां बनाई गई है। सभी श्रद्धालु ढोल नगाड़ों के साथ अपने घरों से पूजा पंडाल तक गीत गाते हुए पहुंचे। श्रद्धालु महिलाओं ने छठ मैया की मूर्ति के सामने बैठकर पूजा अर्चना कर परिवार और समाज में सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने घर में छठ के अवसर पर बनाए जाने वाला व्यंजन ठेकुआ भी बनाया। शुभाराम लेडिज क्लब की अध्यक्ष गीता सिंह ने फीता काटकर किया। सर्व व्यवस्था प्रमुख ब्रजराज यादव ने बताया कि छठ मैया सूर्य की बहन है। शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुबह महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोला। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, फैक्ट्री मैनेजर वी त्रिपाठी, संजीव शर्मा,मंजु, राधा शर्मा,मुन्नी , विमला यादव अंजु, अखिलेश तिवारी, परशुराम आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस रेसलिंग प्रतियोगिता में मनोज ने जीता गोल्ड मैडिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इंडिया पुलिस रेस्लिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जनपद व उत्तर प्रदेश पुलिस को गौरवान्वित करने वाले आरक्षी मनोज कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किया सम्मानित।

74वीं ऑल इंडिया पुलिस रेस्लिंग क्लस्टर प्रतियोगिता 2025-26, जो दिनांक 20 से 24 सितम्बर 2025 तक करनाल (हरियाणा) में आयोजित हुई, में जनपद मुजफ्फरनगर के आरक्षी मनोज कुमार (नियुक्ति- रिजर्व पुलिस लाइन, मुजफ्फरनगर) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आर्म रेस्लिंग (पुरुष 60 किलोग्राम वर्ग) में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद मुजफ्फरनगर एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम गौरवान्वित किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस कार्यालय में आरक्षी मनोज कुमार को इस अद्भुत उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी मनोज कुमार को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने एवं पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने हिन्दू वैदिक रीति रिवाज से प्राचीन गुगा माडी रामाकृष्णा मन्दिर सैक्टर, 19 डी चंडीगढ में अपने ही धर्म व समाज के लडके अंशुल पुत्र राजेश आयु 21 वर्ष निवासी मौहल्ला मन्नी वाला ग्राम बघरा थाना तितावी तहसील सदर जिला- मुजफ्फरनगर के साथ अपनी मर्जी से बिना किसी जोर दबाव के प्रेम प्रसंग के चलते दिनांक 05.09.2025 को शादी कर ली है। हम दोनों बालिग है तथा अपना अच्छा बुरा समझने में सक्षम है और अपना वैवाहिक जीवन एक साथ बिताना चाहते है। मैने अपनी शादी का पंजीकरण मैरिज रजिस्ट्रार चंडीगढ प्रशासन के कार्यालय में दिनांक 08.09. 2025 में ऑनलाईन करा दिया है। हम दोनों अब एक साथ रहकर सुखी दाम्पत्य जीवन व्यतीत कर रहे है।

**श्रीमति रंगोली पुत्री रविन्द्र कुमार आयु 19 वर्ष निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी तहसील सदर जिला- मुजफ्फरनगर हाल निवासी मुल्लापुर न्यू इक्को सिटी चंडीगढ**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आदिल व उसकी पत्नि दिललनशी मेरे व अन्य परिवार वालो के कहने सुनने में नहीं रहे है तथा मेरे व अन्य परिवार वालो को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते रहते है। इसलिए मैने खूब सोच समझकर बिना किसी डर दबाव के स्वस्थ मस्तिष्क से अपने पुत्र आदिल व उसकी पत्नि दिलनशी से सम्बन्ध विच्छेद कर उनको अपनी चल व अचल राम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद आदिल व उसकी पत्नि दिलनशी कोई भी गैर कानूनी कार्य करते है या कोई लेन देन करते है तो उसकी जिम्मेदारी इन दोनों की होगी। मेरी व मेरे परिवार वालो की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**मो.नफीस पुत्र अब्दुर रशीद निवासी- मौहल्ला ठठेरान बुराज तला कस्बा व थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं सत्तार पुत्र नजर निवासी गांव मिन्डकाली, थाना व तहसील बुढाना, जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र आजाद व पुत्रवधू अमरीन मेरे कहने सुनने में नही हैं। अब मैं अपने सभी अधिकारों, अपनी कुल चल व अचल संपत्ति से अपने पुत्र आजाद व पुत्रवधू अमरीन को बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र आजाद व पुत्रवधू अमरीन द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन से मेरा कोई भी मतलब वास्ता नही होगा। वह अपने द्वारा किये गये अच्छे और बुरे कार्य एवं लेन देन के खुद जिम्मेदार होंगे मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थी सत्तार पुत्र नजर निवासी मिन्डकाली, थाना/तहसील बुढाना जिला मु.नगर, यूपी।**

# अवैध कब्जे की शिकायत पर पहुंचा प्रशासन, कराई माप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** तहसील क्षेत्र के गाँव भलेडी में मंगलवार को एक निजी प्लॉट पर कब्जे को लेकर चल रहे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। शिकायतकर्ता सीता रानी ने आरोप लगाया कि उनके खरीदे गए प्लॉट के एक हिस्से को पड़ोसियों द्वारा दबा लिया गया है, जिसके चलते अक्सर झगड़े, गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पीड़ित महिला की गुहार पर, मंगलवार को हल्का लेखपाल ने पुलिस बल की मौजूदगी में विवादित भूमि की पैमाइश कराई।

मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सीता रानी, पत्नी धर्मपाल, निवासी जानसठ, ने एक शिकायती पत्र के माध्यम से तहसील प्रशासन को सूचित किया था कि उनके पति और जेठ के नाम से भलेडी गाँव में एक प्लॉट खरीदा है। यह प्लॉट आंगनबाड़ी के पास, खसरा नंबर 307 में स्थित है। और खरीदे गए प्लॉट कुल रकबा द्धखसराक्ररू 0.0720 का खरीदा गया भागरू 1/4 भाग, जो लगभग 180 वर्ग मीटर (यानी 215 वर्ग गज) है। उन्होंने बताया कि विक्रेतारू सुखबीर पुत्र नत्थू, निवासी भलेडी से खरीदा था श्रीमती सीता रानी ने आरोप लगाया कि प्लॉट खरीदने के बाद से ही कुछ पड़ोसी लगातार उनकी ज़मीन के हिस्से पर अवैध कब्जा करने की को. शिश कर रहे हैं। विरोध करने पर ये लोग झगड़ा, गाली-गलौज और मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को मानसिक उत्पीड़न और सुरक्षा का खतरा महसूस हो रहा है। पीड़िता द्वारा बार-बार जमीन को कब्जा मुक्त कराने और सीमांकन की मांग किए जाने के बाद, तहसील प्रशासन हरकत में आया। मंगलवार को हल्का लेखपाल अमित कुमार पुलिस बल को साथ लेकर तुरंत



विवादित स्थल, गाँव भलेडी, पहुँचे।

मौके पर, लेखपाल अमित कुमार ने राजस्व रिकॉर्ड व बैनामा के आधार पर पुलिस की निगरानी में जमीन की विस्तृत पैमाइश (सीमांकन) शुरू कराई। पैमाइश के दौरान मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए थे। पुलिस की मुस्तैदी के चलते किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। लेखपाल द्वारा की गई पैमाइश के बाद अब ज़मीन की सही सीमाएं स्पष्ट हो गई हैं। राजस्व विभाग जल्द ही पैमाइश की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेगा। रिपोर्ट के आधार पर, यदि कब्जा सिद्ध होता है, तो प्रशासन कब्जाधारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर शिकायतकर्ता को उनकी ज़मीन पर वास्तविक कब्जा दिलाएगा।

# शुकतीर्थ मे वीआईपी के आगमन की तैयारियों मे जुटा प्रशासन



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में आगामी कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले को इस बार भव्य रूप देने को मुख्य मार्गो व गंगा घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आगामी दो नवंबर को अतिविशिष्ट व्यक्ति के आगमन की तैयारियों मे प्रशासन विशेष व्यवस्था मे जुट गया है।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे आगामी दो नवंबर को वीआईपी के आगमन की सुबुगाहट तेज हो गयी है। गंगा मां के दोनों ओर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गंगा घाट पर रंगाई पुताई का कार्य तेजी से जारी है। गंगा घाट पर विशेष सजावट के अलावा नई स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है। मंगलवार को मार्ग किनारे खड़े वृक्षों की छटाई की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी दो नवंबर को गंगा किनारे लगाई गयी विशाल स्क्रीन का उद्घाटन किया जायेगा। विशाल स्क्रीन के बराबर मे मां गंगा की मूर्ती का अनावरण किया जायेगा। दो नवंबर को आयोजित कार्यक्रम मे वीआईपी के भाग लेने को प्रशासन ने विशेष सुरक्षा प्रबंध शुरू कर दिये हैं। कमीशनर, डीआईजी जहां शुकतीर्थ मे व्यवस्था का जायजा ले चुके हैं। वहीं बुधवार को भी उच्च अधिकारियो के निरिक्षण करने की संभावना है। वहीं मेले का आयोजन दो से छःनवंबर तक किया जायेगा। मुख्य स्नान 5 नवंबर को होगा।

### शुकतीर्थ मे मुख्य मन्त्री के आगमन की प्रतीक्षा

गढ़मुक्तेश्वर मे मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के बाद अब शुकतीर्थ मे भी मुख्यमन्त्री के आगमन को साधुसंत प्रतीक्षारत हो गये हैं। शुकतीर्थ मे मुख्यमन्त्री का कार्यक्रम अभी तय नहीं है। उत्साही साधु संतो का कहना है कि गढ़ मे आने के बाद मुख्यमंत्री को शुकतीर्थ मे भी आना चाहिए। शुकतीर्थ धाम से मुख्यमन्त्री को विशेष लगाव है जिसके चलते मुख्यमन्त्री तीन बार मुख्यमन्त्री के रूप मे शुकतीर्थ आ चुके हैं।

# शिव विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**शाहपुर।** गर्ग परिवार नोएडा की ओर से स्वर्गीय ला चुन्नू लाल एवं सरोज बाला की स्मृति में आयोजित श्री एकंतेश्वर धाम, जुडड़ीवाला में चल रही शिव पुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित त्रिलोकनाथ शास्त्री ने भगवान शिव विवाह का सुंदर प्रसंग प्रस्तुत किया। कथा सुनकर भक्तगण भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान पंडित रघुनाथ शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव प्रारंभ में विवाह नहीं करना चाहते थे। तब देवताओं ने उन्हें समझाया कि हआपका विवाह होने के बाद भी लोककल्याण के कार्य होते रहेंगे।ह इस पर भगवान शिव ने विवाह के लिए सहमति दी, और उसी के बाद भोले बाबा की भव्य बारात निकली। इस प्रसंग पर कथा व्यास पंडित त्रिलोकनाथ शास्त्री ने कहा कि एक विवाह निजी स्वार्थ के लिए किया जाता है और एक विवाह लोककल्याण के लिए कृ वही विवाह शिव विवाह कहलाता है। कथा के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। कथा उपरांत गर्ग परिवार नोएडा और मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भव्य सहभोज (भंडारे) का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी ने व्यवस्था बनाई। कथा आयोजक विनीत गर्ग, विनोद गर्ग, शिवा गर्ग, आयुष गर्ग, आशुतोष गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नई कृषि तकनीक से रूबरू होंगे किसान

**मुजफ्फरनगर।** नवीन मंडी स्थल गुड मंडी में 29 से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कृषि, बागवानी एवं सोलर तकनीकी पर आधारित किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से प्रमुख कंपनियां किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों और नवाचार तकनीकों से अवगत कराएंगी। इसके साथ ही यहां पर किसानों को केन्द्र और राज्य सरकारों के द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याण सम्बंधी योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।। मंगलवार को मीडिया से जानकारी साझा करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग विकास संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष भरत बालियान ने कहा कि यह संस्थान पिछले करीब 10-12 साल से देश के विभिन्न राज्यों में ऐसे आयोजन करा रहा है। इसका उद्देदश्य किसानों को खेती के नवाचार से अवगत कराते हुए उनको सरकारी योजनाओं और तकनीक आधारित खेती से जोड़कर खेती को लाभकारी बनाना है।

भरत बालियान ने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न हिस्सों से कई अग्रणी कृषि कंपनियां हिस्सा लेंगी। इनमें बीकेटी टायर, महिंद्रा ट्रैक्टर, सोनालिका ट्रैक्टर, करतार ट्रैक्टर, ओसवाल पंप, तानिया इंटरप्राइजिज, मैन पावर, लिथियम एनर्जी, आशीर्वाद पाइप जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां अपने नवीनतम उत्पाद और तकनीकी उपकरण प्रदर्शित करेंगी।यहां आने वाली इन कंपनियों के प्रतिनिधि किसानों को अपने-अपने उपकरणों की विशेषताएं बताएंगे और यह समझाएंगे कि कैसे इन तकनीकों के माध्यम से कृषि उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है, समय और लागत दोनों में बचत की जा सकती है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के बागवानी उत्पाद भी प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।इनके साथ जिले और आसपास के जनपदों से कई गणमान्य व्यक्ति तथा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। प्रदर्शनी में मुजफ्फरनगर सहित आसपास के जिलों शामली, सहारनपुर, मेरठ, बागपत और हरिद्वार आदि से हजारों की संख्या में किसान भाग लेंगे। संस्थान के अध्यक्ष भरत बालियान ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मकसद किसानों को बदलते समय के साथ जोड़ना और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। हम चाहते हैं कि किसान न केवल परंपरागत खेती तक सीमित रहें बल्कि नई मशीनरी, सोलर ऊर्जा और आधु. निक बागवानी तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में बढ़ोतरी करें। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी किसानों के लिए ज्ञान और नवाचार का केंद्र बनेगी, जहां परंपरा और आधुनिकता का संगम दिखाई देगा। यह आयोजन किसानों को नई दिशा देने के साथ ही कृषि क्षेत्र में तकनीकी क्रांति की ओर एक और मजबूत कदम साबित होगा। इस दौरान जाट महासभा के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, महासचिव जयवीर सिंह, राकेश बालियान, अनुज बालियान और अम्बरीश बालियान मौजूद रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया

**शाहपुर।** नगर में हर मंगलवार को कष्टों के निवारक बालाजी महाराज के श्रृंगार की सेवा बाबा के अनन्य भक्त नितिन मित्तल द्वारा कराई जाती है। आज मंगलवार व कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि के शुभअवसर पर कस्बे के सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर में विराजमान शाहपुर सरकार श्री बालाजी महाराज का दरबार भव्य और दिव्य तरीके से सजाया गया।


### अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक हों बालिकाएं : इंदु सिद्धार्थ

**भोपा।** हरबीरी देवी भोपाल सिंह डिग्री कालेज, युसुफपुर में आयोजित मिशन शक्ति और साइबर जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ ने कहाकि आज की नारी किसी से कम नहीं है वह सुरक्षा की प्रतीक भी है और सशक्तिकरण की मिसाल भी। हर बालिका को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए और किसी भी समस्या का सामना आत्मब्विास के साथ करना चाहिए। महिलाओं और बालिकाओं के लिए सरकार ने कई सुरक्षा और सहयोग सेवाएं शुरू की हैं,जिनमें 112, 181, 1090, 1098, 1076, 108 और 102 जैसे हेल्पलाइन नंबर शामिल हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग, सोशल मीडिया फॉड, ऑनलाइन गेमिंग ठगी और एपीके फाइल जैसे साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई वास्तविक प्रक्रिया नहीं होती, और यदि कोई इस तरह की धमकी देता है तो तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। हर लड़की अपने अधिकारों को जाने, आवाज उठाए और समाज में बदलाव की पहल करे।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सवाल भी पूछे, जिनका पुलिस टीम ने विस्तार से उत्तर दिया। विद्यालय प्रबंधक सौरभ सिंह और प्राचार्य विजय कुमार शर्मा व शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक डा. कैप्टन प्रवीण चौधरी, विभागीय प्रमुख आशीष कुमार, साइबर क्राइम थाना सुल्तान सिंह, बृजेश कुमार शर्मा, गौरव कुमार, समाजसेवी शलभ गुप्ता मौजूद रहे।

### नवनियुक्त थाना प्रभारी ने अधिकारियों संग सुनी समस्याएं

**मीरापुर।** नवनियुक्त थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदों व क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में ग्राम भूम्मा के प्रधान पति दिनेश कुमार ने बताया कि मीरापुर बस स्टैंड पर काफी अतिक्रमण हो रहा है। जल्द ही मिल का शुभारंभ होने वाला है, जिसके चलते कस्बे से होकर बड़े-बड़े ट्रेक्टर ट्रालो व ट्रको का आवागमन बढ़ जाएगा। अतिक्रमण के कारण बस अढे के पास सड़क संकरी हो गई है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर पंचायत अध्यक्ष जमील अहमद ने इस समस्या पर कहा कि बस स्टैंड के निकट जल्द ही पीले रंग की पटी बनाई जाएगी और इस पट्टी के आगे किसी को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्कूल समय में मुख्य चौराहे, बस अड्डे और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि यातायात सुचारू रहे और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत थाने में सूचना देनी चाहिए ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। इस दौरान अध्यक्ष जमील अहमद, सभासद असलम राइन, शौकत मलिक, जमील मेवाती, शिवकुमार, मानवेन्द्र प्रधान, इस्तियाक प्रधान, अख्तर प्रधान, परवेज आलम आदि विभिन्न ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### रतनपुरी की बिटिया रीत राठौर ने किया देश का नाम रोशन



**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव रतनपुरी की बेटी रीत राठौर पुत्री सतबीर सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से देश का नाम रोशन किया है। रीत ने झारखंड में आयोजित साफ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में हाई जंप स्पर्धा में 1.76 मीटर की शानदार छलांग लगाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। रीत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। जब रीत अपने गांव पहुंची तो सैकड़ों युवक बाइक, ट्रैक्टर और कारों के काफिले के साथ खतौली से रतनपुरी तक झूमते हुए पहुंचे। डीजे की धुनों और पुष्पवर्षा के बीच ग्रामीणों ने अपनी बेटी का भव्य स्वागत किया। रीत राठौर ने बताया कि उन्होंने 2021 में मेरठ के कैलाश प्रकाश स्टेडियम में अभ्यास की शुरुआत की थी। कठिन परिश्रम और अपने कोच गौरव त्यागी के मार्गदर्शन में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। प्रतियोगिता में बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल और मालदीव सहित नौ देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, मगर रीत ने सभी को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली रीत के पिता फेरी लगाकर कपड़े बेचते हैं, जबकि मां घरों में कामकाज कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। सात भाई-बहनों में रीत तीसरे नंबर पर हैं और कक्षा 12 की छात्रा हैं। रीत को उनकी उपलब्धि के बाद रेलवे और सीआईएसएफ से नौकरी के प्रस्ताव भी मिले हैं, लेकिन उनका कहना था कि मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना है, नौकरी तो बाद में कर लूंगी। रीत ने न सिर्फ गोल्ड जीता बल्कि फेडरेशन ऑफ इंडिया का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। अब तक का सर्वश्रेष्ठ हाई जंप रिकॉर्ड 1.78 मीटर था, जिसे रीत ने 1.81 मीटर की छलांग लगाकर नया कीर्तिमान बना दिया। गांव रतनपुरी की यह बेटी अब पूरे क्षेत्र और देश के लिए प्रेरणा बन गई है।

# हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कराने वाले भेजे जेल

**बुढ़ाना।** एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के बाद उसका धर्म परिवर्तन करवाने वाले 2 युवकों को बुढाना पुलिस ने पकड़कर पहले तो उनकी अच्छी खातिरदारी की और फिर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर की एक दलित युवती को दो युवक बहला फुसलाकर भगाकर मध्य प्रदेशघ्‌ के जबलपुर में ले गये थे। जहां उसे डरा धमकाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया गया। युवती के भाई ने इसकी शिकायत बुढाना पुलिस को की तो पुलिस तुरंत हरकत में आई और एक टीम गठित कर युवती को जबलपुर से बरामद कर लिया। दोनों आरोपी तालिब पुत्र अफसर निवासी पांचाली बुजुर्ग सरुरपुर जिला मेरठ व शादाब अली पुत्र जब्बार अली निवासी जौला हैं। आरोपियों को गढी चौराहे के पास से गिरफ्तार करना बताया गया है। दोनों के पास से पुलिस ने 2 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। जब पुलिस दोनों अभियुक्तों की अच्छी खासी खाति. रदारी कर रही थी तो अभियुक्त तालिब ने पुलिस टीम को बताया कि वो युवती से 5 साल से बात करता आ रहा था। तब में अपने साथी शादाब की मदद से युवती के घर मौका पाकर आए और बहला फुसलाकर भगाकर ले गये। ये गिरफ्तारी गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना ने दारोगा शुभम सिंह, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार व संजय कुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह की मदद से की।

### शादाब ने पत्रकार के साथ की थी लूट...

**बुढ़ाना।** पुलिस ने दलित युवती का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में गांव जौला के जिस शादाब अली पुत्र जब्बार अली को आज जेल भेजा है उसने लगभग सवा 04 माह पूर्व भी बुढाना कस्बे के पत्रकार नसीम कुरैशी को बंधक बनाकर लूट की थी। तब सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने गढ़ी सखाव. तपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना को युवक को जेल भेजने के निर्देश दिए थे।

### घंटों बाद खोए बच्चे को मिले उसके पेरेंट्स

**बुढ़ाना।** कई घंटों से गायब एक बच्चा अपने परिजनों को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में मिल गया। बच्चा काफी देर से कस्बे के एक बाजार में अकेला खड़ा हुआ तो रहा था। कोई व्यक्ति इसको कोतवाली लेकर आ गया ताकि बच्चे के मां बाप मिल जाएं। उधर परेशान परिजनों ने बच्चे को पाकर खुशी व्यक्त करते हुए इस मामले में अपनी लापरवाही बताते हुए बुढ़ाना पुलिस का धन्यवाद भी किया।घ्‌ बच्चा अचानक से खेलता हुआ घर से बाहर निकल गया था। उधर परिजन और इधर बच्चा बहुत परेशान था। सोशल मीडिया पर बच्चे का फोटो वायरल होते ही परिजन अपने खोए हुए बच्चे को ढूंढते ढूंढते बुढ़ाना कोतवाली में पहुंच गये थे। कुल मिलकर इस मामले में सोशल मीडिया मददगार साबित हो रहा है।

# पत्रकार लोकतंत्र के सजग प्रहरी : सांवत नामदेव

**शाहपुर।** पत्रकारों का सम्मान, युवा समाजसेवी सावंत नामदेव के आवास पर हुआ कार्यक्रम। पटका पहनाकर और भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर किया गया सम्मान। समाज के कार्यों में मीडिया की अहम भूमिका ख्र शाहपुर। श्री नामदेव समाज की ओर से मंगलवार को युवा समाजसेवी सावंत नामदेव के आवास पर नगर के पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समाज के पदा. धिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने पत्रकारों को पटका पहनाकर तथा भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज के उत्थान और जनहित के कार्यों में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मीडिया न केवल समाज में फैली बुराइयों को उजागर करती है, बल्कि अच्छे कार्य करने वालों के हौसलों को उड़ान भी देती है। वरिष्ठ पत्रकार डक्क



अनुज अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार समाज और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उनके माध्यम से ही समाज में सकारात्मक संदेश और प्रेरक कार्यों को पहचान मिलती है। इस अवसर पर नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, रोहतास नामदेव, अरविंद नामदेव, सतपाल नामदेव, राजेश ठेकेदार, विनय, विकास के अलावा पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, पलड़ी ग्राम प्रधान मोनू सैनी, प्रदीप प्रजापत आदि मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम का संच. ालन वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी ने किया।

# पूर्व चयरमैन की माता के निधन से कस्बे में शोक की लहर

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी के पूर्व चेयरमैन व वर्तमान मे सभासद तथा रालोद नेता राजेश कुमार सहरावत की माता राजबाला देवी का 75 वर्ष की आयु मे निधन हो गया। उनके निधन से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी है। गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. राजबाला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवारजनो को सांत्वना दी है। कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी मे पूर्व राजबाला देवी के निधन का समाचार मिलते ही कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी।उनके पुत्र राजेश कुमार सहरावत ने बताया की उनकी माता पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। की अचानक उनकी तबियत बिगड गयी तथा जिसके बाद वह प्रलोक गमन कर गयी।राजेश सहरावत दो बार कस्बे के चेयरमैन रहे हैं व तीन बार सभासद मनोनीत हो चुके हैं। एक उनकी पत्नी अनीता देवी कस्बे की चेयरमैन रही हैं। इसके अलावा उनके पिता चौधरी क्षेत्रपाल सिंह सहरावत को राष्ट्रीय लोकदल नेता के रूप मे जाना जाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल विधायक मिथलेशपाल, पूर्व विधायक राजपाल सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, अजीत राठी, भाजपा नेता अमित राठी, प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी मनीष शर्मा,ओमबीर सिंह, देवेन्द्र सिंह,वेदव. ीर सिंह,डॉ. करणवीर सिंह,चौयरमैन पुत्र सचिन कुमार वामन, रामकुमार शर्मा,बृजवीर सिंह,मनोज कुमार, महिपाल राठी,आदि सांत्वना देने वालों मे शामिल रहे।

# भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं , जीवन दर्शन है : अभयानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित गीता घाट आश्रम में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा की अमृत ज्ञान की वर्षा करते हुए हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत जीवन के गहन दार्शनिक सत्य, भक्ति मार्ग और मोक्ष की प्राप्ति का मार्गदर्शन प्रदान करती है।

कथा श्रवण से मन शुद्ध होता है। भागवत भक्ति की पराकाष्ठा सिखाती है, जहां गोपियां कृष्ण प्रेम में लीन होकर आत्मा की एकता अनुभव करती हैं।भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, जीवन दर्शन है। यह पर्यावरण संरक्षण भी सिखाता है, जैसे गोवर्धन पूजा में प्रकृति पूजा। सच्चा ज्ञान भक्ति से ही मिलता है। ऐसे आयोजनों से भारत की आध्यात्मिक विरासत जीवित रहेगी। सच्ची खुशी भौतिक सुखों में नहीं, बल्कि आत्मिक शांति में है। भागवत कथा कर्म, ज्ञान और भक्ति योग का समन्वय सिखाती है। आज के भागदौड़ भरे युग में, जब मानसिक तनाव और आध्यात्मिक शून्यता बढ़ रही है, भागवत कथा एक औषधि की तरह कार्य कर रही है। भागवत न केवल व्यक्तिगत मुक्ति का मार्ग है, बल्कि समाज को नैतिकता और करुणा सिखाता है।



इससे पहले स्वामी गीतानंद तीर्थ ने महाराज ने व्यास पीठ का पूजन किया। कथा में स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती, धर्मेशानंद सरस्वती, अनुपम चौतन्य, आशीष गुप्ता, वरूण तिवारी, ईश्वर शर्मा, सुभाष शर्मा, पायल, रिंकी मुख्य भूमिका निभा रहे है।

# किसानों के हित में मंसूरपुर शुगर मिल आठ दिन पहले हुई चालू

**मंसूरपुर।** धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की यूनिट शुगर मिल मंसूरपुर में मंगलवार को गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ विधिवत हवन-पूजन और मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर केन कैरियर में नारियल फोड़कर तथा गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरुआत की गई। पूजन कार्य के मुख्य यजमान शुगर मिल के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार रहे, जबकि हवन-पूजन का कार्य पंडित अखिलेश तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुधीर कुमार ने कहा कि किसानों का गन्ना कम कीमत पर कोल्हुओं में जाने से उन्हें नुकसान हो रहा था। किसानों के हित में इस वर्ष मिल को पिछले वर्षों की तुलना में करीब आठ दिन पहले चालू किया गया है। कार्यक्रम में शुगर मिल के गन्ना महाप्रबंधक उत्तम वर्मा, फैक्ट्री मैनेजर विश्ववान त्रिपाठी, महाप्रबंधक उत्पादन रविंद्र कुमार, महाप्रबंधक यांत्रिक रविकांत मिश्रा, महाप्रबंधक वित्त गोपाल गंगवार, मगनवीर राणा, मोहित कुमार, दिनेश कुमार, अनिल शर्मा, करण सिंह, ब्रजराज यादव, संजय राठी, विकास बालियान, भूपेंद्र प्रधान, संजय त्यागी पुरा, संजय राठी (भाकियू), सिद्धार्थ त्यागी, अमित राठी, सुबोध त्यागी सहित सैकड़ों किसान व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस सिगरेट चोरी मामले में गैंगस्टर के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस एवं एंटी रोमियो टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त नदीम पुत्र फतेहखां निवासी भिमव्यारी भडंगपुर थाना बाबूगढ़, हापुड़ को मोंटी तिराहे के पास से 27 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त नदीम के खिलाफ थाना मीरापुर पर गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत था। यह मामला वर्ष 2024 में हुई लाखो रूपये की सिगरेट चोरी से जुड़ा है। 17 दिसंबर 2024 की रात मीरापुर- बिजनौर बाईपास स्थित एक होटल के पास से आईटी सिगरेट कंपनी के ट्रक से अज्ञात चोरों ने सिगरेट के डिब्बे चोरी कर लिए थे। इस मामले में वादी उस्मान पुत्र खलील निवासी ग्राम बसी, थाना गगोह, जिला सहारनपुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में 9 अभियुक्तों के नाम सामने आए थे, जिन पर अपराध के इतिहास के आधार पर गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि उक्त गिरोह अपने आर्थिक लाभ के लिए गंभीर अपराध करता था। पूर्व में भी पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की गई सिगरेट बरामद की थी।

# अमरकांत मलिक की बढ़ती लोकप्रियता , रच सकती है इतिहास

**चरथावल।** वार्ड नंबर बारह से 2021 मे जिला पंचायत सदस्य बने अमरकांत मलिक उर्फ़ चीकू की क्षेत्र मे जहाँ दिनोदिन लोकप्रियता बढ़ रही हैस वही हर वर्ग और जाति के लोग चीकू को पलक पावडो पर बिटा रहे हैस और एक अलग तरह का प्यार क्षेत्र मे उन्हें मिल रहा है हालांकि चीकू का नाम कोई नया नाम नहीं है पिछले काफ़ी दिनों से अमरकांत मलिक चरथावल क्षेत्र की जनता की सेवा करते आ रहे है स और क्षेत्र मे बहुत ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाते चले आ रहे है सऔर यह अमरकांत मलिक के प्रति लोगो का प्यार था की ज़ब उन्हें आसपा का टिकट देकर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ाया गया तो ज्यादातर लोग उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नजर नहीं आ रहे थे और आजाद समाज पार्टी की जीत को पक्का नहीं मान रहे थे लेकिन वार्ड बारह से अमरकांत द्वारा आसपा के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य के रूप मे जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया गया बल्कि जीत दर्ज करने के बाद सभी वर्गो को साथ लेकर क्षेत्र मे विकास की गंगा बहा दी गयी स और क्षेत्रवासियो की पहली पसंद बनते नजर आ रहे हैस लेकिन जनता के दिलो मे राज करने के कारण अपने विरोधियो को धूल चटाकर अमरकांत मलिक ने बड़ी ने जीत दर्ज की थीस जोकि क्षेत्र मे चीकू के प्रति जनता के प्यार को दर्शाता है इसके अलावा क्षेत्र मे और भी अनेको ऐसे किस्से है जोकि अमरकांत सिंह के परिवार के प्रति प्यार को दर्शाता है आम जनता से सीधा लगाव और उनके सुख दुख मे हमेशा खड़ा रहना ही चीकू की प्रमुख खासियत रही है आज ज़ब क्षेत्र मे गांव गांव पहुंचकर लोगो के सुख दुख की बात अमरकांत मलिक कर रहे है और उनका दुख दर्द बाट रहे है तो फिर क्षेत्र मे उन्हें गांव गांव गली गली मे क्षेत्र के लोग उन्हें भरपूर प्यार दे रहे है और अपने बेटे की तरह प्यार देकर हर सुख दुख मे साथ खड़ा होने की बात कर रहे है जिसे देखकर लग रहा है की चरथावल क्षेत्र मे आजाद समाज पार्टी का झंडा दोबारा बुलंद होने वाला है और आजाद समाज पार्टी को भविष्य मे ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाला जिला पंचायत सदस्य मिलेगा स हालांकि जिला पंचायत सदस्य चुनाव मे अभी पांच छ माह से भी अधिक का समय हैलेकिन क्षेत्र मे अमरकांत मलिक के नेतृत्व मे आजाद समाज पार्टी दिनोदिन मजबूत होती जा रही है स आजाद समाज पार्टी को बड़ी मजबूती मिलती दिख रही है वही क्षेत्र मे आजाद समाज पार्टी का झंडा बुलंद होते दिख रहा है और अमरकांत मलिक के प्रति क्षेत्रवासियो के प्यार को देखते हुए लग रहा है की क्षेत्र मे पड़ने वाली जिला पंचायत सदस्यों की सीटों पर आजाद समाज पार्टी क्लीन स्वीप भी कर सकती है जोकि अमरकांत मलिक द्वारा पार्टी हाई कमान को बड़ी सौगात देने वाली बात होंगी और अमरकांत मलिक के नेतृत्व मे दिनोदिन आजाद समाज पार्टी का काफिला बढ़ता जा रहा और विधानसभा के चुनाव मे भी अमरक. ांत की मेहनत के बल पर चरथावल क्षेत्र मे आजाद समाज पार्टी का विधायक बन सकता है प्रमुख समा. जसेवी डाक्टर नौशाद, रब्बान त्यागी, सादिक त्यागी, मौलाना सिराज कहते है की क्षेत्र मे कराए गए विकास कार्यो के कारण अमरकांत अबकी बार भी रिकार्ड तोड़ जीत दर्ज करेंगे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कार की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तेज रफ्तार ब्लैनो कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मामले में कार चालक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

गांव डुढार थाना कांधला निवासी कपिल पुत्र हरपाल ने कोतवाली कैराना में तहरीर दी कि उसके चाचा का बेटा दीपचंद उर्फ दीपक पुत्र इन्द्रपाल मेहनत-मजदूरी के लिए रोजाना पानीपत बाइक से जाता था। गत रविवार को दीपचंद उर्फ दीपक अपने साथी आकाश के साथ काम खत्म कर बाइक से गांव लौट रहा था।सायं लगभग सात बजे जब दोनों कैराना-तीतरवाड़ा मार्ग पर स्थित गांव बुच्चाखेड़ी स्टैंड के निकट पहुंचे, तो आकाश ने बाइक बंद कर साइड में खेतों में पेशाब करने के लिए चला गया। इस दौरान दीपचंद उर्फ दीपक बाइक पर ही बैठा हुआ था। तभी सफेद रंग की ब्लैनो कार तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए आई और खड़ी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बाइक समेत दीपचंद को करीब 50 फुट तक घसीटते हुए खेतों में ले गई। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह कार के नीचे फंसे दीपचंद और बाइक को बाहर निकाला। बताया गया कि कार में चालक सहित चार लोग सवार थे, जो हादसे के बाद घायल को संभालने के बजाय मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल दीपचंद को पानीपत के मैक्स प्लस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में घायल होमगार्ड की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** क्षेत्र के गांव बुच्चाखेड़ी निवासी 27 वर्षीय कुलदीप चौहान होमगार्ड विभाग में तैनात था और फिलहाल जनपद शामली में डायल-112 पर ड्यूटी कर रहा था।विगत 17 अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे डड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौटते समय झाड़खेड़ी मार्ग स्थित द न्यू हाइट्स एकेडमी के सामने किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

घायल अवस्था में उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे पहले पानीपत के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत बिगड़ने पर दो दिन पूर्व दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार सुबह उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। होमगार्ड कुलदीप चौहान की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार शाम गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि मृतक कुलदीप अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता राजेंद्र चौहान भी होमगार्ड थे। पिता की मौत के बाद कुलदीप को मृतक आश्रित कोटे से विभाग में नौकरी मिली थी।





# लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली विधानसभा के अंतर्गत गांव इस्लामपुर घसौली में राष्ट्रीय लोक दल सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम इस्लामपुर घसौली के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रसाद स्वामी ने की तथा कार्यक्रम का संचालन इरफान तुर्की के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक प्रसन चौधरी देशराज भनेड़ा विजय कौशिक अरविंद झाल योगेश भभीसा सुधीर प्रधान डांगरोड मुकेश नीरज जुम्मा प्रधान जी सत्तार पठान पुष्पेंद्र मान चौधरी करण सिंह ओमपाल मुखिया सुधीर प्रधान सोनू प्रधान प्रवीण कुमार बिजेंदर आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



## भाकियू (टिकैत) की पंचायत, सैकड़ों लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाजिम के आवास पर आज भारतीय किसान यूनियन द्धटिकैतत्रः की एक विशाल पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता नाजिम ने की, जबकि संचालन का कार्य नदीम चौहान ने संभाला। पंचायत में नाजिम, नईम, संजीव अग्रवाल, फरमान, सद्दाम समेत सैकड़ों लोगों ने विभिन्न संगठनों को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की सदस्यता ग्रहण की। सभी को सदस्यता जिला अध्यक्ष शांता प्रधान, प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, संजीव राठी, नदीम चौहान, जाहिद राणा, रणवीर मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने दिलाई। बैठक के दौरान क्षेत्र में बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर यह निर्णय लिया गया कि आगामी 11 नवंबर, दिन मंगलवार को किसान यूनियन द्वारा इन समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शांता प्रधान, प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद, प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप पंवार, संजीव राठी, नदीम चौहान, डॉ. आशु, जाहिद राणा, नईम, सद्दाम, फरमान, नाजिम, मुस्तकीम सहित सैकड़ों की संख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपने मन को निर्मल बनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में मुनि 108 विव्रत सागर ने सत्संग के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्संग का अर्थ केवल भजन गाना, ताली बजाना या नृत्य करना नहीं है, बल्कि सत्य का संग है। जिसमें मन और आत्मा पूर्ण रूप से शुद्ध, पवित्र और निर्मल हो। उन्होंने कहा कि जैसे दूध चीनी की चाशनी को स्वच्छ करता है, वैसे ही सत्संग आत्मा की मलिनता को दूर करता है। सत्संग का आनंद अवर्णनीय है। इसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता, केवल अनुभव किया जा सकता है। यह क्षणिक सुख नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतर के दुखों को मिटाने का साधन है। मुनिराज ने कहा कि आंखें बंद करके बैठने से मिलने वाली शांति केवल शरीर की थकान मिटा सकती है, आत्मा का आनंद इससे नहीं मिलता। गृहस्थ जीवन में व्यक्ति असत्य और बंधनों से घिरा रहता है।

## अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में बालिकाओं का रहा दबदबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल, शारदा विहार भोपाल में गत सप्ताह 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित 36वीं जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता में शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में चौंपियनशिप हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

विद्यालय की कुल 12 बालिक. ाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कुराश प्रतियोगिता में गौरी अंडर-14, सृष्टि अंडर-19, सलोनी अंडर-19 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि अवनी अंडर-19 ने जूडो में स्वर्ण पदक जीता।

इसके अलावा वैष्णवी अंडर-19, जेसिका अंडर-17, रिया नयन अंडर-17 ने रजत पदक, तथा जया अंडर-17, रितिका अंडर-17 व पायल अंडर-17 ने कांस्य पदक अर्जित किया। बालिकाओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय आगमन पर छात्राओं व उनकी प्रशिक्षक तेजस्विनी, रेनू रानी का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। प्रबंधक रवि बंसल एवं प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने विजेता छात्राओं को पुष्पमालाएं और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, गीता रानी, अनीता रानी, राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरभि रानी, आकांक्षा रानी, वंदना रानी, मोनिका रानी, विकास कुमार, मोहित कुमार, कपिल कुमार, अश्विनी कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर

## पुलिस ने पटाखा बुलेट सीज कर लगाया 16 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र की दभेड़ी खुर्द पुलिस चौकी प्रभारी एसआई जितेन्द्र त्यागी ने सोमवार देर रात एक पटाखा बुलेट सीज कर दी। आरोपी चालक पर मोटर व्हीकल अधि. नियम के तहत 16 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया। पुलिस की सख्त कार्रवाई के बाद आरोपी चालक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता नजर आया। सोमवार रात करीब 12 बजे दभेड़ी खुर्द चौकी प्रभारी एसआई जितेन्द्र त्यागी कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान गांव मलकपुर में एक युवक बुलेट बाइक से पटाखे छुड़ाते हुए ग्रामीणों को परेशान कर रहा था। युवक कैराना की ओर से आ रहा था। पुलिस टीम ने तत्काल उसे रोककर बुलेट को सीज कर दिया और चालक पर 16 हजार रूपए का चालान कर दिया।बुलेट सीज होते ही युवक की सारी हेकड़ी निकल गई और वह पुलिस टीम के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। एसआई जितेन्द्र त्यागी ने बताया कि क्षेत्र की शांति भंग करने या खुराफात करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।विदित हो कि एसआई जितेन्द्र त्यागी अपने कड़े मिजाज और सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। इससे पूर्व वे कोतवाली शामली के कण्डेला औद्योगिक क्षेत्र तथा झिंझाना थाने की अहमदगढ़ व बिड़ौली चौकियों के प्रभारी रह चुके हैं।

## अखिल भारत ब्राह्मण महासभा ने अश्वनी कौशिक को बनाया मंडल अध्यक्ष




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने संगठन के राष्ट्रीय सचिव अशवनी शर्मा सींगरा की संस्तुति पर हथछोया निवासी एवं मेडिकल व्यवसाई अशवनी कौशिक को सहारनपुर मण्डल अध्यक्ष घोषित किया है। दिल्ली के मंडोली स्थित अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के सम्मेलन में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंडित राहुल शर्मा की ताजपोशी की गई। सम्मेलन के दौरान संगठन के विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई थी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन के लिए अशवनी कौशिक को सहारनपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव अशवनी शर्मा सींगरा ने प्रेस नोट जारी करते हुए इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मण्डल के सभी जिलों में अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में आरक्षण का आधार जातिगत न होकर आर्थिक स्तर पर होना चाहिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुरोहित कल्याण बोर्ड का गठन सरकार ने अधर में लटका रखा है, जिसे शीघ्र लागू किया जाना आवश्यक है।

## हादसे में चार बच्चे व उनका पिता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जनपद सहारनपुर क्षेत्र के गांव सत्ताखेडी निवासी आरिफ पुत्र आदिल अपनी पत्नी सामिया व चार छोटे बच्चों आदिब, अरमान, महक और हुनैरा के साथ बाइक पर सवार होकर सहारनपुर से हरियाणा क्षेत्र के गांव सनोली जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शामली के बनत बाईपास पर पहुंचा तो इसी दौरान शामली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने आरिफ की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आरिफ व उसका परिवार नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर बाईपास पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनको उपचार दिया गया।

# सुंदरकांड में राज राजेश्वर महाराज ने किया प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर जगन्नाथ भगवान बाला जी धाम मे मंगलवार को आयोजित सुन्दर काण्ड में प्रवचन करते हुए कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि शांति की इच्छा मत करो बल्कि इच्छा को शांत करो ,शांति तो तुम्हारा स्वरूप ही है शांत तो तुम हो ही लेकिन यह इच्छाएं आती हैं तो तुम अशांत हो जाते हो इसलिए शांति की इच्छा नहीं इच्छा को शांत करो। यह एक सुंदर सूत्र हम लोगों के लिए है यदि कोई इसे आत्मसात करें तो निश्चित रूप से गुरुदेव एवं ईश्वर की कृपा से जीवन बड़ी सुगमता के साथ व्यतीत होगा गुरुदेव आप सब पर कृपा करें ,महाराज ने कहा हमको सुन्दर काण्ड से शिक्षा लेनी चाहिए और इसके गुण और संस्कारों को जीवन में उतरना चलिए।यह मानव को भक्ति वान,गुणवान,संस्कारी, कर्मनिष्ठ ओर निर्भय बना देता है।सत्य और निर्भयता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जो व्यक्ति सत्य का सहारा लेता है, वह निर्भय होता है, जबकि जो असत्य का सहारा लेता है, वह हमेशा भय में रहता है।

सत्य का अर्थ है सच्चाई, जो वास्तविकता के साथ मेल खाता है। निर्भयता का अर्थ है डर या भय का अभाव, आत्मविश्वास और साहस। सत्य और निर्भयता के बीच संबंध यह है कि सत्य आपको अपने आप में मजबूत बनाता है, जबकि असत्य आपको कमजोर और भयभीत बनाता है। जब आप सत्य का पालन करते हैं, तो आप अपने कर्मों और विचारों के लिए जिम्मेदार होते हैं, और आपको किसी से डरने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य और निर्भयता जीवन के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हैं, जैसे कि राजनीति, व्यवसाय और व्यक्तिगत संबंध। सत्य और निर्भयता एक शक्तिशाली संयोजन है जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने, अन्याय के खिलाफ खड़े होने और एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद कर सकता है। अत: हमें सत्य पथ पर चलकर अपने जीवन को उत्तम दिशा प्रदान करनी चाहिए । कार्यक्रम मे सोनिया गोयल अनिता गोयल सुनिता अग्रवाल सोनिया गर्ग शोभा रानी सरला देवी रिया तायल श्रुति तायल रश्मि गर्ग कमलेश रानी निधी, शिल्पी बिंदल, दीपा तायल, शिल्पी गोयल, भव्या गोयल आदि मौजद रही।

# किसान मजदूर संगठन की ओर से किसान पंचायत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव नोजल में किसान मजदूर संगठन के तत्वाधान में किसान मजदूर अधिकार पंचायत का आयोजन किया गया। गन्ना किसानों का कहना था कि गन्ना भुगतान न होने से उन्हें आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। वही स्मार्ट मीटर को लेकर किसानों में भारी आक्रोश था जिसे लेकर किसानो ने विरोध व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि ग्रामीण अंचल में मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे और जहां पर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उन्हें उखाड़ कर फेंक दिए जाएंगे।

थाना भवन क्षेत्र के गांव नोजल में मस्तगढ़ मार्ग पर तालाब के पास स्थित मैदान में किसान मजदूर संगठन के तत्वाधान में किसान मजदूर अधिकार पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। विशेष रूप से बिजली बिलों को लेकर किसानों में खासा गुस्सा नजर आया। किसानों का आरा.प था कि जब से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब से उनके बिजली के बिल दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। कार्यक्रम के दौरान लगे गुलाबी रंग के बड़े शामियाने में सेंकड़ो किसानो की भीड़ को सम्बोधित करते हुऐ किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि प्रदेश में मिल चलाने से पूर्व प्रदेश सरकार गन्ने का भाव ₹500 घोषित करें उन्होंने कहा कि इसके अलावा बिजली स्मार्ट मीटर का हम पुरजोर विरोध करते हैं उन्होंने कहा कि सरकार हमें बताएं कि अगर पूर्व में लगाए मीटर खराब है तो वह हमें लिखकर दें अन्यथा कोई भी मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिल को चलाने से पूर्व गन्ने का भाव ₹500 किया जाए अगर यह मांगे पूरी नहीं होती तो हम धरना प्रदर्शन करेंगे।

बिडोली चेक पोस्ट पर करनाल जा रही धान की ट्रेलियो को रोकने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार कानून लाकर कहती है कि किसान अपनी फसल कहीं भी भेज सकती है तो फिर किसानों को अन्य प्रदेश में धान क्यों नहीं बेचने दिया जाता। यह सरकार की कथनी और करनी में फरक स्पष्ट बताता है। यदि किसान अपने फसल कहीं भी जाकर बेच सकता है तो बॉर्डर पर खड़ी पुलिस किसानों का शोषण करना यह अत्याचार है। उन्होंने कहा कि मिल चलने की कगार पर है न तो गन्ने का मूल्य की घोषणा हुई है और न हीं पूर्व के बकाया गन्ने का भुगतान हुआ है। जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है बच्चों की फीस हो या बिजली के बिल अभी तक जमा नहीं होने से किसान परेशान है उसके ऊपर किसानों के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिससे पूर्व में आ रहे बिलो के स्थान पर दोगुने से भी ज्यादा के बिजली के बिल किसानों के आ रहे हैं। इस दौरान पंचायत में किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी 30 अक्टूबर को शामली जनपद कलेक्ट्रेट कार्यालय में उच्च अधिकारियों को किसने की समस्याओं से अवगत करा कर ज्ञापन दिए जाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शामली लाखन सिंह, जिला उपाध्यक्ष सचिन राणा, कपिल राणा, खेम सिंह राणा, मुदित राणा, जिलाध्यक्ष सहारनपुर अजब सिंह, यशपाल चौहान, रामपाल सिंह भूतपूर्व सैनिक, शहजाद राणा, ओमप्रकाश सिंह, ब्रजपाल राणा, राजीव राणा, पूर्व प्रधान बृजपाल सिंह, नेपाल राणा, पाल राणा, मोहन शर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

## दो भाइयों पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी साकिब ने बताया कि पीड़ित विगत एक सप्ताह पूर्व गांव के ही समीम ठेकेदार के साथ मुरादनगर मजदूरी करने के लिए गया था उसके साथ गांव का ही एक युवक राजा भी गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि राजा ने उसके साथ काम पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की पीड़ित जान बचाकर अपने गांव में आ गया। पीड़ित ने आरोपी के भाई बादल से शिकायत की तो आरोप है कि उसने भी उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। मंगलवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी दोनों भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## किशोरी लापता अज्ञात में हुआ अभियोग दर्ज

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने दो दिन पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसकी नाबालिग पुत्री का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने गैर समुदाय के एक युवक पर उसकी पुत्री को ले जाने का शक जाहिर कर व एक मोबाइल नंबर तहरीर सहित पुलिस को देते हुए बताया था कि उसकी पुत्री इस नंबर पर बात करती थी। पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए थाने पहुंचकर अपनी लापता पुत्री की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराते हुए बरामद करने की गुहार लगाई थी।

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर**

निगरानी संख्या- आर0एस0टी-सी-202509000001097
धारा-210 उ0प्र राजस्व संहिता 2006, मौजा बसी परगना झिंझाना तहसील ऊन जिला शामली।
श्रीमती रईसा आदि **बनाम** वसीम आदि

**नोटिस बनाम**

1. वसीम पुत्र मुंशी 2. शहजाद पुत्र अख्तर 3. राकेश पुत्र मंगत 4. जगबीर पुत्र बारू 5. आरिफ पुत्र कामिल 6. आयशा पत्नी सददीक 7. फूलमिजरा पत्नी मौहब्बत 8. फारूख पुत्र मौ0 आली 9. अहसान पुत्र मौहब्बत अली 10. इमरान पुत्र अकबर अली 11. महताब पुत्र गफूर 12. शोकीन पुत्र सरदारा 13. गोविन्द पुत्र जनेश्वर 14. शाहनवाज पुत्र फाजिल 15. सचिन पुत्र पाल्ला 16. जसबीर पुत्र रामदिया 17. सुलतान पुत्र तौफीक 18. जीवन पुत्र बूद्ध 19. अहसान पुत्र अकबर अली 20. चरण सिंह पुत्र रामसिंह 21. ऋषिपाल पुत्र बारू निवासीगण ग्राम बसी चूंधियारी परगना झिंझाना तहसील ऊन जिला शामली 22. भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम बसी परगना झिंझाना तहसील ऊन जिला शामली।

......**विपक्षीगण**

प्रस्तुत निगरानी निगरानीकर्ता श्रीमती रईसा पत्नी शमशाद सदस्य भूमि प्रबंधक समिति निवासी ग्राम बसी चुंधिगारी पर0 झिंझाना तह0 ऊन जनपद शामली ने उपजिलाधिकारी ऊन द्वारा प्रस्ताद दिनांकी 28.07.2020 में स्वीकृति आदेश दिनांकी 28.11.2020 के विरूद्ध निगरानी इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में दिनांक 30.10.2025 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 30.10.2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक:-09.10.2025

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

# लिंक पर क्लिक करके हुआ फोन हैक, साइबर पुलिस ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** आवेदक के फोन पर साइबर ठग द्वारा APK फाइल व लिंक भेजना, आवेदक द्वारा डाउनलोड करने पर फोन हैक हो गया आवेदक द्वारा समय रहते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस शामली को जानकारी दी गई, थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आवेदक के रूपयों की ठगी होने से बचा लिया गया।

28.10.2025 को थाना साइबर क्राइम पुलिस शामली पर आवेदक रवि कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी खेडीकरमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा 1 प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें आवेदक के फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा APK फाइल व लिंक भेजा जिसे डाउनलोड करने पर फोन हैक होकर शिकायतकर्ता के मोबाइल फोन से उसके फोन में सुरक्षित अन्य जानकारी व्यक्तियों के मोबा. इल फोन पर फर्जी एपीके फाइल एवं मैसेज फारवर्ड होने लगे।

साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एन0 पी0 सिंह निर्देशन में व नोडल अधिकारीध्अपर पुलिस अधीक्षक शामली के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा दी गई शिकायत के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक के फोन से APK फाइल रिमूव कर व्हाट्सअप रिकवर किया गया, जिससे आवेदक खाते में पडे 70000/- रूपए की ठगी होने से बच गए । आवेदक का व्हाट्सअप डाटा रिकवर होने पर व साइबर ठगी का शिकार होने से बचने पर आवे. दक द्वारा पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

# ऑनलाइन गुड डिलीवरी लेकर ठगी की दो लाख की धनराशि वापस कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा आवेदक से ऑनलाइन गुड डिलीवरी लेकर ठगी की गई धनराशि में से कुल 2,76,600 रूपए वापस कराए गए। 21.12.2025 को साइबर क्राइम पुलिस थाना शामली पर आवेदक यज्ञदत्त शर्मा पुत्र बृजनन्दन शर्मा निवासी रंगाना थाना झिंझाना शामली जनपद शामली द्वारा 1 प्रार्थना पत्र दिया गया था । जिसमें आवेदक को ऑनलाइन गुड की डिलीवरी ले ली गई जिसमे उसे 90000/- रूपए नगद व 8,43,800/- रूपए का 01 चौक दिया गया था जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया था । आवेदक के साथ कुल 8,43,800/- रूपए की ठगी हो गई थी ।

साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह निर्देशन में व नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक शामली के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए विपक्षीगण से आवे. दक के खाते में 5.8.2025 को 1,00,000 रुपए, दिनांक 25.8.2025 को 50,000 रुपए, दिनांक 23.9.2025 को 50,000 रूपए, दिनांक 30.9.2025 को 50,000 रुपए व दिनांक 13.10.2025 को 26,600 रूपए कुल 2,76,600/- की धनराशि वापस कराई गई । आवेदक की रकम वापस होने पर आवेदक द्वारा पुलिस टीम व उच्चाधिकारीगणों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

# खोड़समा के सत्यनारायण मंदिर में टूटा शिवलिंग, पुलिस ने भेजा पुजारी को हरिद्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव खादास ने मंदिर परिसर में लगे लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। देखते ही देखते गांव के लोग मंदिर में एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने खंडित शिवलिंग देखकर आपस में चर्चा की, लेकिन किसी ने कोई विवाद नहीं किया। ग्रामीणों का कहना है कि शिवलिंग के ऊपर घंटा टंगा है, संभव है कि कोई बच्चा घंटा बजाने के प्रयास में ऊपर चढ़ा हो और पैर रखने से शिवलिंग का हिस्सा टूट गया हो।

दोपहर करीब बारह बजे घटना की जानकारी शिवसेना के कार्यकर्ताओं को हुई तो दीपक, कृष्णपाल, सचिन, अमन कुमार, आशीष कुमार आदि कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने पहले डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। थोड़ी देर में चौसाना चौकी प्रभारी खूब सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

इसके बाद थानाध्यक्ष झिंझाना विरेन्द्र कसाना भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से पूछताछ की। गांव के राज.ेंद्र और प्रमोद समेत कई ग्रामीणों ने पुलिस व शिवसेना कार्यकर्ताओं से किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि यह जानबूझकर नहीं बल्कि अनजाने में हुआ प्रतीत होता है।

थानाध्यक्ष विरेन्द्र कसाना ने चौसाना चौकी के एसआई मनोज कुमार व एक सिपाही को पुजारी रविन्द्र दास के साथ हरिद्वार भेजा ताकि वहां से नया शिवलिंग लाकर सत्यनारायण मंदिर में प्रतिष्ठा की जा सके।



## भिक्षुक दास महाराज की जयंती पर समागम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गढ़ीपुख्ता में अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविद.ास मिशन के तत्वाधान में स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 173वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरु गद्दी ऊन पर भव्य संत समागम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविद.ास महाराज, सिद्धपीठ स्वामी ज्ञान भिक्षुक मंदिर एवं सतगुरु स्वामी समनदास महाराज के चरणों में गुरूपूजा अर्पित कर आरती वंदना से हुआ। संत समागम में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए गुरु गद्दी ऊन के महंत आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि सत्संग जीवन में नया आयाम लाता है, क्योंकि संगत की रंगत से मन का मैल धुलता है। जहां प्रेम है, वहीं परमात्मा का वास है। उन्होंने कहा कि अहम और वहम दोनों जीवन के लिए घातक हैं।

# कैराना कोर्ट सख्तः एसडीएम व थाना प्रभारी की गैरहाजिरी पर फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** प्राचीन रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट बनाम उप-जिला. धिकारी कैराना एवं अन्य वाद की सुनवाई के दौरान एसडीएम कैराना और कांधला थाना प्रभारी की अनुपस्थिति पर न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इसे न्यायालय के आद.ेशों की खुली अवमानना करार देते हुए दोनों अधिकारियों को अंतिम अवसर प्रदान किया और चेतावनी दी कि यदि अगली तिथि तक संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, तो कठोर दंडात्मक आदेश पारित किए जाएंगे।सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मच.ारी महाराज ने न्यायालय को अवगत कराया कि 12 सितंबर 2025 को पारित आदेश का जानबूझकर पालन नहीं किया गया। प्रतिवादी अधिका.रियों ने न तो कोई जवाब दाखिल किया और न ही अदालत में उपस्थित हुए। वादी ने आरोप लगाया कि एसडीएम के मौखिक आदेशों के चलते धार्मिक आयोजन बाधित हुआ, जो न्यायालय के आदेशों का सीधा उल्लंघन है। इस संबंध में उन्होंने ऑडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया तथा ऑर्डर 39 रूल 2द्धएत्र सीपीसी के तहत अवमानना दंड की मांग की।वादी पक्ष ने यह भी बताया कि सभी प्रतिवादियों को रजिस्ट्री और व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस भेजी जा चुकी हैं, जिससे यह साबित होता है कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी है। इस पर न्यायालय ने टिप्पणी की कि यह आचरण आदेशों की खुली अवमानना के समान प्रतीत होता है। अदालत ने प्रतिवादियों को अंतिम अवसर देते हुए अगली तिथि पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, अन्यथा स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी।





# बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को विश्वप्रसिद्ध बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का शामली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होने शहर के कैराना रोड स्थित विराज होटल में अपने फूड सप्लीमेंट्स ब्रांड एसएमपी न्यूट्रेशन का प्रमोशन किया।



विश्वविख्यात बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर विश्व स्तर पर अपनी अद्भुत बॉडी संरचना और संतुलन के लिए जाने जाते हैं। वे चार बार के आर्नोल्ड क्लासिक विजेता रह चुके हैं। स्वयं महान बॉडी बिल्डर आर्नोल्ड श्वार्जनेगर ने भी उनके शारीरिक सौष्ठव की कई बार सराहना करते हुए कहा था कि मैंने फ्लेक्स व्हीलर जैसा बॉडी बिल्डर आज तक नहीं देखा। फ्लेक्स व्हीलर का यह दौरा उनके अपने फूड सप्लीमेंट्स ब्रांड एसएमपी न्यूट्रेशन के प्रमोशन के लिए रहा। उन्होने कहा कि यह ब्रांड अब शामली में जिम टाइम्स लिमिटेड स्टोर पर उपलब्ध है। उन्होने बताया कि शहर के उत्सव कुमार ने उच्च शिक्षित और फिटनेस के प्रति समर्पित उत्सव कुमार ने बॉडी बिल्डिंग को अपना पेशा बनाकर जिम टाइम्स लिमिटेड की स्थापना की, ताकि फिटनेस के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को सही मार्गदर्शन और विश्वस्तरीय सप्लीमेंट्स उपलब्ध हो सकें। उत्सव कुमार ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग केवल शरीर को मजबूत बनाने का व्यायाम नहीं, बल्कि अनुशासन, पोषण और मान. सिक .ढ़ता का संगम है। सुडौल शरीर के लिए नियमित व्यायाम, नियंत्रित आहार, उचित प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और फैट का संतुलन जरूरी है। इसके साथ एक योग्य सलाहकार का मार्गदर्शन आवश्यक है जो शरीर की संरचना और मेटाबॉलिज्म के अनुसार श्रेष्ठ डाइट प्लान तैयार कर सके। इस दौरान विश्वप्रसिद्ध बॉडी बिल्डर फ्लेक्स व्हीलर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुधीर कुमार, दिनेश कुमार, सुधाकर आर्य, वेदप्रकाश आर्य, मुकेश जांगिड, महेश धीमान, अमित विश्वकर्मा, प्रतीक बत्रा, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी अनिल कुमार पुत्र ज्योतिप्रसाद ने कोतवाली शामली में तहरीर देकर मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर मारपीट, गाली गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि वह मंगलवार को अपनी पत्नी और बेटी गुनगुन के साथ बाजार में सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में राहुल पुत्र राकेश, विनित पुत्र अर्जुन और अर्जुन पुत्र नरेश निवासी पंसारियान ने प्रार्थी व उसके परिवार को देखकर गाली गलौच शुरू कर दी। जब प्रार्थी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने मिलकर पंच व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और बेटी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। परिजन महिलाओं ने बताया कि वह किसी तरह थाने पहुंचे, जहां थोड़ी देर बाद उक्त आरोपियों के साथ सुशील और विनोद भी थाने पहुंच गए और वहां भी गाली गलौच व मारपीट करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार भयभीत है और सुरक्षा की मांग की है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### डांगरौल, सुन्ना, मखमुलपुर, किवाना मार्ग का शिलान्यास, क्षेत्र में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रालोद नेता की चार साल की मेहनत आखिरकार रंग लाई। उनके निरंतर प्रयासों से डांगरौल, सुन्ना, मखमुलपुर, किवाना, मतनावली, रजवहे पटरी मार्ग का शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया गया कि रालोद नेता राजन जावला पिछले चार वर्षों से इस सड़क को बनवाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे थे और किसान दिवस सहित कई अवसरों पर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते रहे। जिला अधिकारी अरविंद चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी तथा सिंचाई विभाग के एक्सईएन विवेक के सहयोग से यह कार्य साकार हो सका।शिलान्यास कार्यक्रम में रालोद नेता राजन जावला ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके बनने से भनेड़ा, कनियान, डांगरौल, भभीसा, हुरमंजपुर, सुन्ना, मखमुलपुर, किवाना, रामपुर खेड़ी, मतनावली सहित कई गांवों के लोगों को आवागमन में राहत और विकास की दिशा में नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर लड्डू बांटकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ग्रामीणों ने अपनी खुशी का इजहार किया।इस मौके पर गांव मखमुलपुर से राहुल मलिक, पंकज शर्मा, अभय, अर्पित मलिक,राहुल मलिक, विनोद मलिक, गौरव मलिक, विनोद ठेकेदार, सुधीर जावला, विक्की जावला, सतीश मास्टर, कंवरपाल, सोहनलाल मास्टर, नितिन, चंद्रपाल, प्रवीण गिरिगढ़ समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सती मंदिर पर चल रहा श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ओम बाबा श्याम परिवार शामली एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला के संयुक्त तत्वावधान में सती मंदिर पर चल रहे श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में गणेश शादी पंचांग, वास्तु पूजन और प्रधान देवताओं का पूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश पूजन, पंचांग पूजन, वास्तु पीठ की स्थापना, 64 योगिनी पूजा, 64 प्रकार की देवियों की स्थापना पूजा, दस दिगपालों की स्थापना एवं प्रधान पीठ की स्थापना सहित विभिन्न वैदिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। यह सभी पूजन आचार्य मुकेश भारद्वाज के सानिध्य में काशी और देवभूमि से पधारे विद्वान पंडितों के निर्देशन में संपन्न हुए। आचार्य विनोद दत्त नागर, देवानंद शास्त्री, आचार्य विक्रम मिश्रा काशी, पवन मालवीय, दिनेश पांडे, मनोज व्यास, चंदन पांडे, अनुपम दीक्षित सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। प्रतिष्ठा महोत्सव में कथा व्यास अरविंद .ष्टा महाराज तथा हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी विशेष रूप से पहुंचे। इस दौरान सती मंदिर कमेटी अध्यक्ष सचिन जिंदल, विकास गोयल, अखिल तायल, विकास गर्ग, मनीष तायल, नितिन जिंदल, सुनील गोयल, सुखमाल चंद्र गुप्ता, गौरी शंकर जिंदल, प्रदीप गुप्ता, मोहित बंसल, अमन गोयल, पुरुषोत्तम जिंदल, महेंद्र कुमार गर्ग, राजेंद्र गोयल, शिवकुमार गर्ग, राजेश बंसल, सतीश चंद्र गर्ग, महेश चंद्र बंसल आदि मौजूद रहे।

## भव्य भजन संध्या का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खाटू श्याम परिवार शामली द्वारा आयोजित श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत सतीवाला मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरीश नामदेव द्वारा गणेश वंदना से हुआ। तत्पश्चात जयपुर से पधारी बाबा की लाडली बिटिया तृप्ति लड्डा ने खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गए, हमारा बालाजी सालासर वाला खाटू वाला श्याम जोड़ी का जवाब नहीं, कब आएगा मेरा सांवरिया, गली गली में ऐलान होना चाहिए, हर मंदिर में श्याम होना चाहिए जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

# हिंसक डॉग ने किया महिला पर हमला दिल्ली अस्पताल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा में एक हिंसक डॉग ने एक महिला पर जानलेवा हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर महिला को दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी महिला जास्मीन पत्नी सादिक अपने घर के बाहर गली में घरेलू कार्य कर रही थी। परिजनों के अनुसार तभी एक पागल हिंसक डॉग ने कार्य कर रही महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। पागल डॉग के द्वारा



किए गए हमले से महिला ने शोर मचा दिया। महिला के चेक पुकार सुनकर आसपास के लोग डंडे लेकर दौड़ाया और हिंसक डॉग को मौके से दौड़ाया। परिजनों ने आनंन-फानन में घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल महिला को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाने के बाद प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में दिल्ली अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि एक महिला पर डॉग ने हमला कर दिया था परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया था। प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली अस्पताल भेजा गया है।

# धान से भरे ट्रक को पकड़ने पर किसानों का मंडी में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के कैराना मार्ग स्थित मंडी सचिव के द्वारा धान से भरे ट्रक को पकड़ने के बाद कार्यालय पर पहुंचे दर्जनों किसानों ने हंगामा करते हुए मंडी सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। विगत कई दिनों से किसानों का धान से भरे वाहन हरियाणा यूपी बॉर्डर स्थित बिडोली चेक पोस्ट पर खड़े हुए था।



ट्रक हरियाणा में नहीं दाखिल होने पर एक ट्रक चालक ट्रक को लेकर पानीपत के रास्ते से हरियाणा में दाखिल होने के लिए आ रहा था। मगर ट्रक चालक रास्ता भटक कर कांधला क्षेत्र में आ पहुंचा। मंडी सचिव अनुराग चतुर्वेदी कैराना मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे तो उन्होंने चेि. कंग के दौरान धान से भरे ट्रक को रोक लिया। और पकड़कर मंडी ले गए, जिसकी सूचना मिलते ही किसानों में रोष फैल गया।

मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान दर्जनों किसानों के साथ नवीन सब्जी मंडी स्थित मंडी सचिव के कार्यालय पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने हंगामा करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए और कहा कि किसानों का लगातार अधिकारियों के द्वारा शोषण किया जा रहा है। किसान अब अपनी फसल भी नहीं बेच सकता मंडी सचिव ने जबरन ट्रक को पकड़ लिया किसानों ने मंडी सचिव पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। जब इस बारे में मंडी सचिव अनुराग चतुर्वेदी से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## कृषि बीज गोदाम में बीज बदलने पर, ब्लॉक में हंगामा

**कांधला।** विकास खण्ड परिसर में स्थित राजकीय कृषि गोदाम में अवकाश के दिन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बीज के बोरों को बदलकर उनकी कालाबा. जारी करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पर हंगामा हो गया, मौके पर जिला कृषि अधिकारी ने पहुंचकर तीन लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए पूरे प्रकरण की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मंगलवार को सरकारी अवकाश होने के कारण विकास खण्ड बंद था, ऐसे में ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक अपने किसी आवश्यक कार्य से विकास खण्ड परिसर में स्थित अपने कार्यालय में गए थे। विकास खण्ड परिसर में पहुंचने के बाद डा विनोद मलिक ने देखा कि परिसर में मौजूद राजकीय कृषि गोदाम का ताला खुला था, तथा मौके पर विभागीय कर्मचारियों के साथ अन्य कर्मचारी गोदाम के अंदर कार्य कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख ने गोदाम के अंदर जाकर देखा तो मौके पर विभागीय कर्मचारियों के सहित लगभग आठ कर्मचारी सरकारी बीजों को सरकारी बोरे से निकाल कर प्राइवेट बोरों में भर रहे थे। जब ब्लॉक प्रमुख ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो वह कोई स्पष्ट जबाब नही दे पाएं। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुख डा विनोद मलिक ने सभी कर्मचारियों को बीज गोदाम से बाहर निकालते हुए वहां का ताला लगाकर मामले की जानकारी जिला कृषि अधिकारी के साथ - साथ अन्य उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार यादव विकास खण्ड परिसर में स्थित बीज गोदाम पर पहुंचे तथा ताला खुलवाकर जांच के दौरान पाया कि किसानों को मिलने वाले बीज को भारी संख्या में बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने तीन प्राइवेट कर्मचारियों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

### युवती की आत्महत्या की चेतावनी के बाद आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** झिंझाना क्षेत्र की एक युवती द्वारा क क्षेत्र के युवक पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला उस समय सुर्खियों में आया, जब पीड़िता ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया था। बताया गया कि झिंझाना थाना क्षेत्र की एक युवती ने विगत सोमवार को थाने में तहरीर दी थी कि असदपुर जिड़ाना निवासी एक युवक रिहान ने कुछ समय पहले उससे निकाह किया था, जिसके बाद दोनों साथ रहने लगे थे। युवती का आरोप है कि निकाह के बाद आरोपी युवक उस पर अनैतिक कार्य करने का दबाव बनाने लगा और जब उसने विरोध किया तो युवक उसे छोड़कर चला गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लिया और दोनों पक्षों के परिजनों को थाने बुलाया, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया। युवक ने युवती को साथ रखने से साफ इंकार कर दिया, जबकि युवती युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। इस बीच युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर आत्महत्या की चेतावनी दे डाली, जिससे मामला और गंभीर हो गया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युवती की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रक्षक सतीश कुमार का कहना है की युति का वीडियो वायरल हुआ था वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी युवकों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मीमला में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी शामली से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी, शामली मौहम्मद मुशफेकीन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फेस 5.0 के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय/महिला कल्याण विभाग द्वारा विकास खण्ड कांधला के ग्राम मीमला में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के प्राविधानों परअभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हब फॉर इमपावरमेंन्ट ऑफ वुमन से सदफ खान मिशन कोडिनेटर, कुलदीप शर्मा जेनडर स्पेशलिस्ट, पुलिस विभाग से देवेन्द्र जीएसआई पिंकी व प्रियंका तथा प्रधान विनय चौहान मौजूद रहे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ निर्विघ्न सम्पन्न हुआ छठ पर्व



**छठ पूजा के अंतिम दिन यमुना नदी पर भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, यमुना मैया की पूजा-अर्चना कर मांगी मन्नतें, पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ सूर्यदेव व छठी मैय्या की उपासना का चार दिवसीय पर्व**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नहाए-खाए से शुरू हुआ चार दिवसीय छठ पूजा का पावन पर्व मंगलवार सुबह सूर्यदेव को अर्घ्य देने के साथ ही धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस दौरान यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर जगत कल्याण की कामना की।

मंगलवार को छठ पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। छठ पर्व के चौथे अर्थात अंतिम दिन सूर्य निकलने से पूर्व ही श्रद्धालुओं की भीड़ यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंच गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद यमुना के पानी में खड़े होकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव की स्तुति कर समस्त जगत के आरोग्य एवं कल्याण की भी कामना की। छठ पर्व विगत शनिवार को नहाए-खाए के साथ शुरू हुआ था। दूसरे दिन खरना में श्रद्धालुओं ने पूरे दिन व्रत रखा तथा प्रसाद वितरित किया। तीसरे दिन अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देकर विशेष पूजा-अर्चना की तथा मंगलवार को चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना की। पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी के चलते सूर्यदेव व छठी मैय्या की उपासना का चार दिवसीय पर्व सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। इन चार दिनों में हजारों श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान करके धर्म लाभ उठाया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार सतीश यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, यमुना ब्रिज चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार, लेखपाल लवकेश तंवर व शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छठ पर्व सकुशल सम्पन्न हो गया है। इस दौरान करीब तीस हजार श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान करके पूजा-अर्चना की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी बल तथा गोताखोर तैनात किए गए थे।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खाड़ी देश में नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये हड़पने के मामले में पीडित अजीम ने कोतवाली में दी तहरीर देते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की है।



जनपद शामली के झिंझाना के गांव बसी चुंधियारी निवासी अजीम ने कोतवाली में दी तहरीर में थाना क्षेत्र के गांव राजूपुर निवासी एक व्यक्ति पर सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे डेढ़ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया। पीडित ने बताया कि दो माह पूर्व उससे डेढ़ लाख रुपये ले लिए गए थे। लेकिन अभी तक न तो उसे नौकरी दिलाई गई और न ही उससे ली रकम वापिस की गई। पीडित ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब उसने आरोपी से अपने दिए रुपयो की मांग की तो उसके साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीडित अजीम ने पुलिस से कार्रवाई को गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गई है जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर आरोपी के ि,खलाफ पुलिस के मुताबिक तहरीर की जांच कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## देवबन्द में सट्टा किंग गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

देवबन्द। कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला मुलतानियान से एक सट्टा किंग को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से सट्टा पर्ची और नकदी बरामद हुई है।


पुलिस के मुताबिक आरोपी पिछले लंबे समय से सट्टे के धंधे से जुडा हुआ था और बढ़े पैमाने पर क्षेत्र में सट्टा कर रहा था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मोहल्ले से ही गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से सट्टा पर्ची और बड़ी मात्रा में नकदी भी बरामद हुई है। बताया जाता है कि आरोपी नगर पालिका का पूर्व सभासद है। जो लम्बे समय से सट्टा कर रहा था जिस कारण क्षेत्र में उसे सट्टा किंग कहा जा रहा था। लम्बे समय से पुलिस को इसकी सूचनाएं मिल रही थी। पुलिस ने आरोपी के विरूध विभिन्न धाराओं रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान किया है।

# बाढ़ प्रभावित प्रांतों में पीड़ितों को नए आवास देगी जमीयत

## जमीयत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने किया ऐलान, कई राज्यों में निर्माण कार्य आरंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंजाब, जम्मू एवं हिमाचल प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो का सर्वेक्षण कर बाढ़ पीड़ितों को जमीयत उलेमा ए हिंद ने अपनी क्षमता के अनुसार नया घर बनाकर देने का निर्णय लिया है जिन्हें अब तक भी सरकारी सहायता नहीं मिली है और आगे भी कोई सहायता मिलने की संभावना नहीं है।



जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बीते दिनों पंजाब, जम्मू और हिमाचल में हुई बाढ़ से तबाही को इंसानी त्रासदी बताते हुए संगठन स्तर पर हर संभव मदद करने का आश्वा. सन दिया था। इसी क्रम में जमीयत ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण शुरू किया था और अब सर्वेक्षण पूरा हो जाने पर एसे बाढ़ पीड़ितों को घर बनाकर देने का ऐलान किया है जिनके पास अब तक सरकारी मदद नहीं पहुंची है। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत उलेमा ए ङ्क्षहद बाढ़ प्रभावितों बिना किसी भेदभाव के मदद कर रही है। कहा कि कोई भी आफत यह पूछकर नहीं आती कि कौन हिंदू है या कौन मुसलमान। जब भी कोई मुसीबत आती है, वह सबको अपनी चपेट में ले लेती है। इसलिए जमीयत भी मजहब से ऊपर उठकर सभी की मदद कर रही है, क्योंकि इंसानियत की सेवा ही उसका मकसद है। मौलाना ने बताया कि उधमपुर में 15 घरों का निर्माण कार्य जारी है और सर्वे के आधार पर पंजाब में भी जिन लोगों के घर पूरी तरह से बह गए हैं, अपनी क्षमता के अनुसार उनके लिए नए घर बनाए जाएंगे। मौलाना अरशद मदनी ने बताया है कि मंगलवार को जमीयत उलमा ए हिंद का एक प्रति. निधिमंडल पंजाब के पठानकोट में फाजिलका गांव पहुंचा वहां उन्होने बाढ से तभा हुए 33 प्रभावित परिवारो से मुलाकात की और पुनर्वास के तहत प्रत्येक परिवार को जरूरी वस्तु और नकद रूप में 50 हजार रूपेय की धनराशि प्रदान की।

## प्रभातफेरी का फूल वर्षा कर किया स्वागत

**देवबन्द।** काल प्रारंभ हुई प्रभातफेरी सुभाष चौक, रेलवे रोड, लाजपत नगर कालोनी, दुर्गा काला. ेनी होते हुए वापिस गुरुद्वारा साहिब पहुंची जहां राजपाल नारंग परिवार ने फूलों की वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। भाई गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, चन्नी बेदी, जितेश बतरा, सिमरनजीत सिंह, पपिंद्र कौर, भोली मनचंदा, स्वर्ण जीत कौर बेदी ने गुरबाणी गायन कर संगत को निहाल किया। गुरबाणी कीर्तन व वाहेगुरू-वाहेगुरू के जाप से वातावरण भक्तिमय हो गया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से राजपाल नारंग की माता बिमला रानी को सिरा. ेपा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सचिन छाबड़ा, गुरजोत सिंह सेठी, राजीव कक्कड़, सुखजिंदर सिंह, परमजीत सिंह, हर्ष भारती, ईश्वर उपाध्याय, विस्मित सिंह, गुरदीप सिंह, हर्षप्रीत मनचंदा, अमृत सिंह, राजपाल सिंह, विपिन नारंग, गुरविंदर बेदी, प्रिंस कपूर, संदीप सिंह, मोहित मल्होत्रा, सन्नी-मन्नी सेठी, युवराज अरोड़ा, हर्ष नारंग, सिया गाबा आदि मौजूद रहे।



# कुरीतियां त्यागने वाले और मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**देवबन्द।** आर्य समाज के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कुरीतियों का त्याग करने वाले व्यक्तियों, उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं विभिन्न पदों पर सेवा दे रहे लोगों को सम्मानित किया गया।





बंदरजुड्डा गांव में आर्य समाज के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त करने वाले समाज के छात्रों, कुशल उद्यमियों, सरकारी क्षेत्र में उच्च पदों पर सेवा देने वाले व्यक्तियों, शादियों में कम खर्च करने वाले परिजनों और शादी (मढ़े) में दाल चावल को प्राथमिकता देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी कर्मवीर महाराज ने कहा कि समाज में इस तरह के कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। इन कार्यक्रमों से सफल प्रतिभाओं का सम्मान पाकर उत्साहवर्धन होता है, वहीं लोगों में जागृति पैदा होती है, जिससे समाज तरक्की की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। बीमारियों से बचाव के लिए उन्होंने योग को जरुरी बताते हुए कहा कि सूक्ष्म प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भरस्त्तिका, सूर्य नमस्कार आदि के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर रविंद्र कुमार, अनिल चौधरी, राजपाल सिंह, मनोज चौधरी, अनूप सिंह, कामेश चौधरी, मास्टर यशपाल आदि शामिल रहे।

# क्षतिग्रस्त मार्ग पर जलभराव से राहगीर परेशान, पालिका से ठीक कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र की सडकें लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण हर समय जलभराव रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बार बार मांग के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। क्षेत्रवासियों में पालिका प्रशासन से व वार्ड सभासद से सडक निर्माण कराये जाने की मांग की है।

खानकाह मुहल्ले में दारुल उलूम वक्फ के मुख्य द्वार के निकट की सडक बदहाल बनी हुई है। आलम यह है कि सडक में बड़े बड़े गड्ढे है और इनमें हर समय गंदा पानी भरा रहता है। इससे जहां मदरसा छात्रों को परेशानी होती है वहीं, क्षेत्र के दुकानदार बेहाल है और आमजन का भी उक्त मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। वहीं, हर समय जलभराव और गंदगी पसरी रहने के चलते मच्छर जनित रोगों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्र की अन्य कई सडकें भी बदहाल हैं। क्षेत्रवासियों सलमान, मुजाहिद, सादान, काजिम, फाजिल, शमीम, अब्दुल समी आदि का कहना है कि मदरसा मेरा. जुल उलूम से दारुल उलूम वक्फ तथा अबुल कलाम चौक तक की सडकें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। नालियां टूटी है और जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद नगरपालिका इस तरफ ध्यान देने को तैयार नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने पालि. का प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रति. निधियों से समस्या के निदान की मांग की है। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का कहना है कि नगर में जगह जगह सडकों का निर्माण हो रहा है। उक्त सडकों का भी जल्द ही सर्वे कराकर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।



# बाबा साहेब पर आपत्तिजनक टिप्पणी से रोष, आसपा ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर के विरूध युवक द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किये जाने पर अनुसूचित समाज में कड़ा रोष व्यक्त है। आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।



आजाद समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी शौर्य आंबेडकर के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता और अनुसूचित समाज के लोग देव. बंद कोतवाली पहुंचे। शौर्य आंबेडकर ने पुलिस को बताया कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर नितिन नामक युवक ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो अपलोड की है, जिसमें उसने अनुसूचित समाज, डा. भीमराव आंबेडकर और संविधान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस वीडियो से अनुसूचित समाज में आक्रोश बना हुआ है। मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि तहरीर मिल गई है। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में घायल

**कांधला।** एलम के मोहल्ला माजरा निवासी पारस स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बा एलम गया हुआ था। जैसे स्कूटी सवार अपना कार्य समाप्त कर वापस आ रहा था तो उसकी स्कूटी का पहिया बाईपास मार्ग पर बने गड्ढे में गिर गया जिस कारण स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकोघायल को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में क्षेत्रवासी संजय, विनोद,अजयपाल, राजेश, नदीम, अनीस, विजयपाल, अमित मलिक, अंकित मलिक, राजेंद्र सहित आदि लोगों ने बताया कि आए दिन गढ़ों में गिरकर वाहन स्वामी चोटिल हो रहे हैं जिला प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है, सभी ने सड़कों के गड्ढामुक्त की मांग की है।

# बस स्टैंड पर झगड़ा, तीन लोग घायल

**झिंझाना।** कस्बे के बस स्टैंड पर आकाश व वंश राणा का बाइक सवार दो लोगों के साथ मामूली बात पर झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों में तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। मामले में एक पक्ष से पुलिस को तहरीर दी गई है। मंगलवार की देर शाम को बाइक पर मिस्त्री प्रहलाद सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासी गांव लक्ष्मणपुर अपने साथी गोलू पुत्र विरेन्द्र निवासी चरथावल के साथ गांव लक्ष्मणपुर जा रहे थे।बस वह बस स्टैंड पर सम्राट रोड पर मुडने लगे तो पैदल जा रहे आकाश व वंश पुत्रगण बिल्लू राणा निवासी झिंझाना के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान चारों लोग वंश, आकाश, प्रहलाद व गोलू गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया है। जिसमें एक पक्ष से बिल्लू राणा ने बाइक सवार पर बैग छीनने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी। कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया मामले की सूचना मिली थी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है जांच की जा रही है।



### उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का स्वागत

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट की एक बैठक मंगलवार को वीवी इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष कैप्टन रजनीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम ATIA KHATUN से बदलकर ATIA KHATOON कर लिया है, जो अब सभी उद्देश्यों के लिए प्रभावी होगा।

ATIA KHATOON W/o Shibli Iqbal Abid, R/o 56/2, Safaid Masjid, Abul Barkat, Deoband, Saharanpur.

**हुकुम सिंह मैमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज नानौता सहारनपुर**

**आवश्यकता है**

एम.ए. (भूगोल, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र) एम.कॉम बी.ए. (इतिहास) विषय आदि प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार तथा योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार

**संपर्क सूत्र: 9758956983.**

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम SHIBLI IQBAL से बदलकर SHIBLI IQBAL ABID कर लिया है, जो अब सभी उद्देश्यों के लिए प्रभावी होगा।

SHIBLI IQBAL ABID S/o Iqbal Ilahi Usmani, R/o- 56/2, Safaid Masjid, Abul Barkat, Deoband, Saharanpur.

## कांशीराम आवास कॉलोनी में फल विक्रेता की ठेली में आग, सैकड़ों दर्जन केले जलकर राख

**थानाभवन।** काशीराम आवास कॉलोनी में बीती रात एक फल विक्रेता की ठेली में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस आगजनी में ठेली पर रखे सैकड़ों दर्जन केले और प्लास्टिक क्रेट जलकर राख हो गए।जानकारी के अनुसार, फल विक्रेता रईस ने अपनी ठेली पर लगभग 18 क्रेट में करीब 230 दर्जन केले रखे थे, जिन्हें उसने रात में कपड़े से ढक दिया था। देर रात करीब 12 बजे अचानक ठेली में आग लग गई।पड़ोसियों ने जब ठेली में आग की लपटें देखीं तो रईस को सूचना दी, लेकिन जब तक वह मौके पर पहुंचा, तब तक पूरा सामान जल चुका था। पीड़ित रईस ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल डालकर ठेली में आग लगाई है। उसने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आगजनी के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

(इश्तहार मजरिया)

**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सहारनपुर।**

प्रकीण वाद सं0-223 सन 2025 ई0

1-किश पाल पुत्र स्व0 राकेश कुमार उम्र 18 वर्ष निवासी रेशम माजरी देहरादून, उत्तराखण्ड। हाल निवासी मौहल्ला चौधरीयान कस्बा नकुड परगना तहसील नकुड जिला सहारनपुर। आधार नं0 9129 0227 7619 मो0नं0 9758580102

2-आरजूपाल पुत्री स्व0 राकेश कुमार उम्र 14 वर्ष।

3-अभी पाल पुत्र स्व0 राकेश कुमार उम्र 12 वर्ष नाबालिगान द्वारा अपने भाई हकीकी व वली कुदरती श्री किशपाल पुत्र स्व0 राकेश कुमार उपरोक्त ...**प्रार्थीगण। आवेदकगण**

**बनाम**

आम जनता ........ **विपक्षी**

दरख्वास्त मुसम्मा किश पाल पुत्र स्व0 राकेश कुमार निवासी रेशम माजरी देहरादून उत्तराखण्ड। हाल निवासी मौहल्ला चौधरीयान कस्वा नकुड परगना तहसील नकुड जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश ने वास्ते हूसूल सर्टी-फिकेट बसूल जर, 5,06,897/- रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुससम्मा किश पाल मुतवफ्फा मृतक राकेश कुमार पुत्र घसीदुराम रेशम माजरी देहरादून, उत्तराखण्ड। हाल निवासी मौहल्ला चौधरीयान कस्बा नकूड परगना तहसील नकुड जिला सहारनपुर अपने वसूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 5,06,897 /- रूपये हरगाह मुसम्मा किश पाल ने दरख्वास्त हुसूल सर्टि-फिकेट गुजरानी है और तारिख 10 माह 11 सन 2025 ई0 वास्ते समाअत दरखास्त मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी की नस्वत दरखास्त के वज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सी0डि0 मुकाम सहारनपुर बतारिख..नियत...मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारिख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा हाजिर हुक्म मुनासिब निम्न दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। लअमरकूम 17 माह 10 सन् 2025 ई0

अदालत की मुहर

आज्ञा से

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सहारनपुर।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हुआ अंतरमहाविद्यालय क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 28 अक्टूबर 2025 को एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के खेल मैदान पर मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की एक दिवसीय अर्न्तमहाविद्यालय क्रॉस कंट्री (पुरुष एवं महिला) चैम्पियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डा. सोनाली नेगी, असिस्टेंट प्रोफेसर (जैन कन्या पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर) महाविद्यालय प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डीन डा. नवनीत वर्मा, क्रीडाधिकारी अंकित धामा ने प्रतिभागियों को हरी झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक डा0 सोनाली नेगी ने कहा कि खेलों से जुडा इतना भव्य आयोजन मुजफ्फरनगर जिले के लिए सौभाग्य की बात है व उन्होने उपस्थित सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के शुभारम्भ की उद्घोषणा की।



स्पोर्टस ऑफिसर अंकित धामा ने बताया कि टूर्नामेंट में दोनो वर्गो की 13 टीमों ने प्रतिभाग किया जिनमें एमएस कॉलेज सहारनपुर, एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स मुजफ्फरनगर, राम कॉलेज मुजफ्फरनगर, एसवी एम योगा मुजफ्फरनगर, राजकीय महिला कॉलेज कांधला, महाराणा प्रताप कॉलेज सहारनपुर, गोचर महाविद्यालय रामपुर मनिहारन, आई0 आईएम टी कॉलेज सहारनपुर, चौधरी आशाराम त्यागी कॉलेज सहारनपुर, एस0 डीपीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया।

## एसडी मैनेजमेंट में एमबीए विभाग में कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कालेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एमबीए विभाग द्वारा इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एसडीसीएमएस के अन्तर्गत ष्नवयुवकों में कुशल वित्तीय व्यवहार विकसित करना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में एमद्गबीद्गएद्ग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एसडीसीएमएस के अन्तर्गत नवयुवकों में कुशल वित्तीय व्यवहार विकसित करना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व रिसोर्स पर्सन डॉ. हिमांशु जोशी प्रोफेसर और डॉ. प्राची भट्ट, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता जी व इन्क्यूबेशन सेंटर के इन्चार्ज मि. मुकुल जैन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम में एमबीए/एमसीए के अधिकांश छात्र ध् छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता जी ने बताया कि वर्कशॉप का उद्देश्य अलग-अलग एक्सरसाइज/एक्टिविटीज का इस्तेमाल करके इंटरैक्टिव लर्निंग के जरिए पार्टिसिपेंट्स को ए बातें समझने में मदद करना है कि स्टूडेंट्स फाइनेंशियल गोल सेट करके और उन्हें हासिल करने की दिशा में कदम उठाकर हेल्दी पर्सनल फाइनेंशियल बिहेवियर डेवलप करने की बारीकियों को समझे। साथ ही छात्र वित्तीय लक्ष्य निर्धारित करके और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में कदम उठाकर स्वस्थ व्यक्तिगत वित्तीय व्यवहार विक. सित करने की बारीकियों को सीखें। रिसोर्स पर्सन डॉ. हिमांशु जोशी ने नवयुवकों में कुशल वित्तीय व्यवहार विकसित के विभिन्न पहलुओं को समझाते हुए बताया कि यह युवा वयस्कों की फाइनेंशियल आदतों और नौकरी शुरू करते समय उनके फैसले लेने के तरीकों के बारे में जानकारी देता है।

# एसडी इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने बनाया मोबाइल एप एसडीसीईटी कनेक्ट

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन एसडीसीईटी कनेक्ट तैयार किया है। इस ऐप का उद्देश्य कॉलेज की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से सरल और पारदर्शी बनाना है। यह ऐप छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए उपयोगी साबित होगा। इसके माध्यम से उपस्थिति, नोटिस, परीक्षा फॉर्म, फीस विवरण, टाइमटेबल, रिजल्ट अपडेट और अन्य शैक्षणिक सूचनाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व बी।टेक। अंतिम वर्ष के छात्र संयम मित्तल ने किया, जिनकी टीम में प्रिया गुप्ता, इशिता सिंघल, नितिन कुमार और अक्षत सैनी शामिल रहे। इस प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन इं. अंकुर कौशिक, विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस विभाग) द्वारा किया गया। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना करते हुए कहा मुझे हमारे छात्रों पर गर्व है जिन्होंने अपनी तकनीकी क्षमता और नवाचार भावना से यह ऐप तैयार किया है। आज का युग डिजिटल इंडिया का युग है, और हमारे छात्र इस दिशा में शानदार योगदान दे रहे हैं। मैं सभी छात्रों से अपील करता हूं कि वे इसी तरह अपनी रचनात्मकता और लगन से कॉलेज तथा समाज दोनों का नाम रोशन करें। कॉलेज प्रबंधन सदैव ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कॉलेज के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा एसडीसीईटी कनेक्ट ऐप हमारे कॉलेज के डिजिटल परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह छात्रों के लिए सुविधा और पारदर्शिता लेकर आएगा। ऐसे प्रोजेक्ट्स न केवल विद्यार्थियों की तकनीकी योग्यता को प्रदर्शित करते हैं बल्कि उन्हें भविष्य के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार भी करते हैं। उन्होने टीम को बधाई दी और भविष्य में और भी नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



**संबंध विच्छेद**

मैं श्रवण कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर,चकवाली, सहारनपुर यह बयान करता हूं कि मेरे चचेरे भाई मिथुन के देहांत के पश्चात उनकी पत्नी योगिता पुत्री ओम सिंह निवासी ग्राम कुण्डी रायपुर सरसावा जिला सहारनपुर के साथ मेरा विवाह लगभग 8 साल पहले घर वालों की सहमति से कर दिया गया था परंतु अभी लगभग 2 सालों से हम दोनों के विचारों में मतभेद होने के कारण हम दोनों पक्ष अपनी सहमति से इस वैवाहिक रिश्ते को समाप्त कर रहे हैं यह की योगिता से उत्पन्न दोनों पुत्रीयों के लालन-पालन व अन्य खर्च मेरे पिता विनोद कुमार द्वारा वहन किया जाएगा।




# नबंर-1 पर बरकरार मंधाना

## आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना ने 828 अंकों के साथ अपना दबदबा और मजबूत कर लिया

**दुबई, वार्ता।** भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्होंने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रनों की पारी की बदौलत महिला वनडे क्रिकेट में नंबर 1 बल्लेबाज के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद शतक की बदौलत छह पायदान चढ़कर दूसरे (731) स्थान पर पहुंच गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट 90 और 31 रनों की पारी की बदौलत दो पायदान की छलांग के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गईं। यह भारतीय सलामी बल्लेबाज के लिए एक शानदार प्रदर्शन है, जिन्हें विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए सितम्बर 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। इस बीच, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार पायदान चढ़कर नौवें (656) स्थान पर पहुंचकर शीर्ष 10 में शामिल हो गईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने शीर्ष 40 में सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 16 पायदान चढ़कर 16वें (613) स्थान पर पहुंच गईं। चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगी प्रतीका रावल, 564 की रेटिंग के साथ शीर्ष 30 (27वें स्थान) पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग (747) में शीर्ष पर बनी हुई हैं, हालांकि लेग स्पिनर अलाना किंग के रूप में एक नई प्रतिद्वंद्वी दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लिए हैं। किंग अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 698 के साथ पांच स्थान ऊपर पहुंच गई हैं, और टीम की साथी एश्ले गार्डनर को एक स्थान नीचे तीसरे (689) पर खिसकना पड़ा है। पाकिस्तान की नशरा संधू ने बाएं हाथ की ऑर्थोडॉक्स स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा (610) के साथ शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि तेज गें. दबाज मारिज़ैन काप और एनाबेल सदरलैंड भी एक स्थान की छलांग लगाकर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर पहुंच गईं। लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स की एक और प्रतिपादक, लिसे स्मिथ इस हफ्ते सबसे ज़्यादा आगे बढ़ीं और 24 स्थान ऊपर चढ़कर 36वें (444) स्थान पर पहुंच गईं। ऑलराउंडर रैंकिंग में, गार्डनर ने शीर्ष स्थान (रेटिंग 503) पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि कैप 422 रेटिंग के साथ वेस्टइंडीज की हेली को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

# 18 नवम्बर से शुरू होगा अबू धाबी टी-10




**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी टी-10 18 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर, 2025 तक चलेगा। इस तेज-तर्रार क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग दो हफ्ते तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिसमें खेल के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे।

सीजन के शुरुआती मैच में क्वेटा क्वालीफायर का सामना नॉर्दर्न वॉरियर्स से होगा, जिसके बाद गत विजेता डेक्कन ग्लेडिएटर्स और दिल्ली बुल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जहां प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान प्रत्येक टीम से भिड़ेगी।

ग्रुप मैचों के बाद, अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। प्लेऑफ चरण 29 नवम्बर, 2025 को क्वालिफायर 1 के साथ शुरू होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष दो टीमें हिस्सा लेंगी।

इस मैच का विजेता फाइनल के लिए जगह बनाएगा, जबकि हारने वाली टीम को क्वालिफायर 2 में एक और मौका मिलेगा। उसी दिन, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर में भिड़ेंगी। इस मैच का विजेता क्वालिफायर 2 में जाएगा, जबकि हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी। क्वालिफायर 2, जो 30 नवम्बर, 2025 को निर्धारित है।

खेल विशेष

# अगर आप देश के लिए खेलना चाहते हो, तो इसमें गलत क्या है: शमी

**कोलकाता, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में गुजरात के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर से भारतीय टीम का दरवाज़ा खटखटाया है। शमी ने गुजरात के खिलाफ बंगाल की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए हैं। अब शमी के इस सीजन में दो रणजी मैचों में 15 विकेट हो गए हैं। बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी का यह मुकाबला 141 रन से जीता। मैच के बाद जब शमी से एक बार फिर भारतीय टीम में उनके चयन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह मेरा कमबैक मैच था। मैं अच्छी लय में हूं और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा हूं। फिर जैसे ही शमी से भारतीय टीम के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, ष्यह सवाल तो आना ही था। शमी ने कहा कि अगर आप अपने देश की सेवा करना चाह रहे हों तो इसमें क्या ग़लती है। जब इंजरी के बाद वापसी की सोचते हैं तो खुद को प्रूव करने की कोशिश करते हैं। उसके लिए आपको अच्छा प्रदर्शन करना पड़ता है और अच्छी लय में होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वैसे ही (चयन के बारे में दिए गए बयान को लेकर) मैं हमेशा कंट्रोवर्सी में रहता हूं। मुझे विलेन बना दिया गया है। (हंसते हुए) आज के जमाने में सोशल मीडिया ऐसी है कि बात का मतलब कहां से कहां पहुंच जाता है। लेकिन अच्छा प्रदर्शन करना ही मेरा काम है। जहां मौका मिलेगा, अच्छा करने की कोशिश करूंगा। बाकी ऊपर वाले की मर्ज़ी है। बंगाल मेरा घर है। जितने मैच खेल सकूंगा, वो मेरे लिए एक अच्छी याद की तरह होंगे। यह मेरा किसी भी तरह से कोई कमबैक मैच नहीं था। अगर आप यह पिछले साल बोलते तो मुझे समझ में आता।

# रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड में मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

- यशस्वी जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल 1 नवम्बर से शुरू हो रहे अगले दौर के रणजी ट्रॉफी 2025-26 मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। मुंबई की टीम इस दौर में जयपुर में राजस्थान के खिलाफ एलीट ग्रुप डी मुकाबला खेलेगी।

ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटने के बाद जायसवाल ने द. अफ्रीका के खिलाफ 14 नवम्बर से कोलकाता में शुरू होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले खुद को मैच फिट रखने की इच्छा जताई है। यह बीसीसीआई के उस निर्देश के अनुरूप है जिसमें सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को उपलब्ध होने पर घरेलू प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, जायसवाल ने अपनी उपलब्धता मुंबई चयन समिति के अध्यक्ष संजय पाटिल को बता दी है। पाटिल और उनकी चयन समिति मंगलवार को समाप्त हो रहे वर्तमान दौर के बाद राजस्थान के खिलाफ मैच के लिए टीम का चयन करेंगे।

अगर जायसवाल खेलते हैं तो यह मई में टीम के प्रति पुनः प्रतिबद्धता जताने के बाद मुंबई के लिए उनकी वापसी होगी। उन्होंने पहले गोवा के लिए एनओसी मांगा था। उन्होंने आखिरी बार मुंबई के लिए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ बीकेसी ग्राउंड पर खेले गए ग्रुप मैच में हिस्सा लिया था। ये वही मैच था जिसमें रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चर्चित रणजी वापसी की थी।

# भारत के वर्चस्व की पहली टी-20 परीक्षा कैनबरा में

- कैनबरा में 1 साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है भारत




**कैनबरा, वार्ता।** क्रिकेट, जो सबसे अप्रत्याशित निश्चितताओं में से एक है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा के रूप में सामने आ रहा है। टी-20 वर्चस्व के शिखर पर सवार भारत, कैनबरा में केवल एक मैच खेलने के लिए नहीं, बल्कि एक साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है।

आंकड़े कहानी को और पुष्ट करते हैं: एशिया कप में अजेय, टी-20 विश्व चैंपियन का ताज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले छह में से पांच मुकाबलों में अजेय। लेकिन असली कहानी तब शुरू होती है जब कैनबरा के ठंडे आसमान के नीचे गेंद स्विग करती है और मनुका ओवल के प्रशंसक उस पुरानी ऑस्ट्रेलियाई धुन को गुनगुनाने लगते हैं - ष्हम घर पर कभी नहीं हारते। सूर्यकुमार यादव एक ऐसी टीम का नेतृत्व करते हैं जो भारत के नए क्रिकेटिग मूड का प्रतिबिब लगती है। अधीर, अभिव्यंजक और अराजकता से बेखौफ। अभिषेक शर्मा, बगावत से भरी कलाई वाले बालक, तिलक वर्मा अपनी शांत अवज्ञा के साथ, और शुभमन गिल, सफ़ेद कपड़ों के कवि से पावर-हिटर बने - ये सभी भारतीय बल्लेबाजी के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। और फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह, भारत के शांत वज्र। उनके स्पेल ने तेज गेंदबाज़ी की भाषा को नए सिरे से लिखा है। न्यूनतम, सटीक, क्रूर रूप से सुंदर। अगर वह दूधिया रोशनी में लय हासिल कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खुद को एक लंबी शाम के चिंतन में डूबा हुआ पा सकते हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया परिचितता और असहजता के एक अजीबोगरीब मिश्रण के साथ आ रहा है। मिचेल मार्श, जो ताकत और बोझ दोनों ढोते हैं, जानते हैं कि उनके खिलाड़ियों में ताकत है - ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड - लेकिन शायद रहस्य नहीं। और एडम जम्पा की चतुराई के बिना, उनकी स्पिन की अलमारी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा खाली दिखती है। पिच दोनों पक्षों को परेशान करेगी।

एक ऐसी सतह जो शुरुआत में उछाल, बीच में धैर्य और इंतज़ार करने वालों के लिए इनाम देती है। मौसम अपनी शरारतें कर सकता है, बारिश रणनीति को सहज ज्ञान में बदलने की धमकी दे रही है। टॉस, हमेशा की तरह, अनदेखा बारहवां खिलाड़ी बन सकता है।

# होप, पॉवेल और गेंदबाजों ने विंडीज को 16 रनों से दिलाई जीत

- बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में शाई होप ने 46 और पॉवेल 44 ने शानदार पारी खेली




**चटगांव, वार्ता।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 16 रनों की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। कप्तान शाई होप (46) और रोवमैन पॉवेल (44) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 19.4 ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट करके इस स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, विडीज के बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले दो ओव. रों में केवल छह रन ही बना पाए। एलिक अथानाज़े को दो बार जीवनदान मिला - पहला तब जब बांग्लादेश ने उन्हें डायरेक्ट हिट से रन आउट करने का मौका गंवा दिया और फिर जब उनका गलत शॉट सर्कल के ठीक बाहर सुरक्षित रूप से जा गिरा।

तस्कीन अहमद अपने दूसरे ओवर में बेकाबू साबित हुए और उन्होंने तीन वाइड फेंकी और तीन चौके खाए जिससे वेस्टइंडीज को शुरुआत में ही बढ़त मिल गई। सलामी बल्लेबाजों ने 59 रनों की साझेदारी की, लेकिन नौवें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में अथानाज़े बोल्ड हो गए। वेस्टइंडीज ने अगले दोनों ओवरों में एक-एक छक्का लगाया, जिसके बाद मुस्तफिजुर रहमान ने एक कड़ा ओवर फेंका। इसके बाद मेहमान टीम को दोहरा झटका लगा जब तस्कीन ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर ब्रैंडन किंग और शेरफेन रदरफोर्ड को आउट कर दिया।

# ओलंपियाड की बोली लगाने और विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा होगी

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की गोवा में होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक में कुछ विवादास्पद मुद्दों के अलावा, 2030 शतरंज ओलंपियाड की भारत द्वारा मेजबानी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आमतौर पर, एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक जून में होती है, लेकिन इस बार यह 30 अक्टूबर को गोवा में होगी, जहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पता चला है कि लेखापरीक्षित खातों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और कार्यसूची के साथ सदस्यों को वितरित नहीं किया गया है। कार्यसूची के विषयों में से एक 2030 शतरंज ओलंपियाड और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए रुचि पत्र आमंत्रित करना है।

# अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियन बने सुजीत

**सर्बिया, वार्ता।** भारतीय पहलवानों ने सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में एक शानदार अभियान का समापन किया और कुल नौ पदक - एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य - जीते। पुरुष और महिला फ्रीस्टाइल तथा ग्रीको-रोमन कुश्ती में 10-10 भार वर्गों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिसमें भारत ने पुरुषों के फ्रीस्टाइल 125 किग्रा को छोड़कर प्रत्येक वर्ग में एक एथलीट को शामिल किया। दुनिया भर के लगभग 700 पहलवानों ने सर्बियाई शहर में प्रतिस्पर्धा की। सुजीत कलकल ने कल पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया। सुजीत ने अंतिम मुक. ाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जलोलोव, जो सीनियर विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पूर्व अंडर-20 चैंपियन हैं, पर 10-0 से जीत हासिल की। उनकी जीत अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के आठ संस्करणों के इतिहास में भारत का चौथा स्वर्ण पदक है। अमन सेहरावत (पुरुष 57 किग्रा) ने 2022 में पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2023 में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के ध्वज तले प्रतिस्पर्धा करने वाली रीतिका हुड्डा ने 2023 संस्करण में महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पिछले साल अल्बानिया के तिराना में आयोजित चैंपियनशिप में चिराग चिक्कारा ने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में एकमात्र स्वर्ण पदक जीता था। इस वर्ष के संस्करण में कुल मिलाकर, भारतीय पहलवानों ने एक स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक हासिल किए। इससे पहले, विश्वजीत मोरे ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में ग्रीको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला। यह अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में उनका लगातार दूसरा कांस्य पदक है, इससे पहले उन्होंने 2024 में भी ऐसा ही किया था। पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन प्रिया मलिक ने 76 किग्रा वर्ग में महिलाओं का पहला फ्रीस्टाइल पदक-एक कांस्य-जीता। एशियाई अंडर-20 चैंपियन नेहा शर्मा ने भी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में अपना तीसरा पदक अपने नाम किया।



- सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विजयी अंत दिलाया

# इंग्लैंड को सेमीफाइनल से पहले सोफी के ठीक होने की उम्मीद



**गुवाहाटी, वार्ता।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनके कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार (29 अक्टूबर) को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इस झटके के बावजूद, इंग्लैंड क्रिकेट टीम को उम्मीद है कि वह समय पर फिट हो जाएंगी और मैच में खेलेंगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के बयान में कहा गया है कि सोफी एक्लेस्टोन के बाएं कंधे के एमआरआई स्कैन के नतीजों से पता चला है कि उनकी कॉलर बोन के पास के जोड़ में मामूली चोट लगी है। बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप सेमीफाइनल से पहले उनकी स्थिति का आकलन जारी रहेगा। एक्लेस्टोन ने इंग्लैंड के सेमीफाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 6 मैचों में 3-98 की इकॉनमी से 12 विकेट लिए हैं और इस टूर्नामेंट में अपनी साथी लिसे स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। इंग्लैंड 11 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, उसने पांच मैच जीते और एक मैच बारिश के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अंक साझा किए।

# भारत क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करे: सूर्या

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ज़ोर देकर कहा है कि भारत को क्षेत्ररक्षण इकाई के रूप में सुधार करना चाहिए। इन दिनों भारत के क्षेत्ररक्षण अभ्यासों में एक खास तरह का उत्साह दिखाई देता है। इस अभ्यास में कि माहौलष शब्द का इस्तेमाल अक्सर, और हमेशा एक खास उद्देश्य के साथ किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ऐसी ऊर्जा का निर्माण करना है जो इतनी संक्रामक हो कि वह टीम को खेल के सबसे नीरस दौर से भी उबार सके। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ '1 बनाम 2' टी-20 सीरीज़ से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से स्पष्ट दिखाई दिया। क्षेत्ररक्षण, खासकर कैचिंग, उन कुछ क्षेत्रों में से एक रहा है जहां भारत टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अपनी सर्वोच्च रैंकिंग की बराबरी करने के लिए संघर्ष करता रहा है। हाल




- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1 बनाम 2 टी-20 सीरीज से पहले, कैनबरा में भारत के वैकल्पिक सत्र में यह उत्साह फिर से दिखाई दिया

ही में हुए एशिया कप के दौरान भी, जहां उन्होंने बिना कोई मैच हारे जीत हासिल की, क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा। इसका एक कारण दुबई में रिंग-ऑफ-फायर लाइट्स भी हो सकता है, लेकिन 12 कैच छूटने - जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। ने एक अन्यथा प्रभावशाली अभियान पर एक दाग लगा दिया। 2025 की शुरुआत से, भारत की कैचिग दक्षता 82.7प्रतिशत है और पूर्ण सदस्यों में यह केवल पांचवां स्थान है। कप्तान सूर्यकुमार यादव इस संख्या में सुधार करने के लिए दृढ़ हैं क्योंकि उनकी टीम अगले साल अपने टी20 विश्व कप खिताब की रक्षा करने की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को कहा कि मेरे हिसाब से, कैच छूटेंगे ही। अगर आप फील्डर हैं, तो कैच लेने की कोशिश करेंगे, कैच छूटेगा ही। ठीक वैसे ही जैसे अगर आप बल्लेबाज हैं, तो आउट होंगे। या अगर आप गेंदबाज हैं, तो आप सही जगह पर गेंद डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन विकेट नहीं ले पाएंगे। ये सब खेल का हिस्सा हैं। लेकिन मेरे हिसाब से, उसके बाद आप क्या करते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। आज एक वैकल्पिक सत्र था। लेकिन आज सभी फील्डिंग करने आए। इसका मतलब है कि टीम वाकई कुछ खास करने की दिशा में काम कर रही है। और यह एक ऐसा विभाग है जिसके बारे में मैंने कहा है कि अगर हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग इकाई बनना है, तो हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। आप देखिए कि कितनी टीमें अच्छे कैच पकड़ती हैं, अच्छी फील्डिंग करती हैं, फील्डिंग के दम पर मैच जीतती हैं। तो अगर बल्लेबाजी हल्की हो या गेंदबाजी थोड़ी-बहुत हो, लेकिन फील्डिंग में, अगर आप एक चीज सही करते हैं।

# श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर

- डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें आईसीयू से बाहर कर दिया

**सिडनी, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार के संकेत मिले हैं। डॉक्टरों ने आज पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें सिडनी के एक अस्पताल के आईसीयू से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान मैदान पर लगी गंभीर चोट के कारण आंत. रिक रक्तस्त्राव के बाद 30 वर्षीय श्रेयस अय्यर को अस्पताल ले जाया गया था।

अय्यर को यह चोट फील्डिंग के दौरान लगी थी जब उन्होंने एलेक्स कैरी का शानदार कैच लेने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाई थी। इस चोट के कारण उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्तुाव हुआ और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के काफी करीब चोट लगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने ड्रेसिंग रूम में लौटने पर अय्यर के महत्वपूर्ण मापदंडों में उतार-चढ़ाव के बाद तुरंत कार्रवाई की और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया। बीसीसीआई ने कल एक बयान जारी कर अय्यर की चोट की प्रकृति और गंभीरता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है। श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। स्कैन से पता चला है कि उनकी तिल्ली में कट लग गया है। उनका इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि भारतीय टीम के डॉक्टर अय्यर की दैनिक प्रगति पर नजर रखने के लिए सिडनी में उनके साथ रहेंगे।

# ऑफिसर्स कॉलोनी के बाहर से दबोचे दो रेकीबाज

## डीएम मनीष बंसल व एसएसपी आशीष तिवारी की सख्ती के बाद हिला जनपद में अवैध खनन करने वालों का नेटवर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी की सख्ती के बाद एक बार फिर अवैध खनन का साम्राज्य हिलने लगा है। पुलिस प्रशासन की बडी कार्रवाई में लाला नेटवर्क के दो रेकीबाज आफिसर्स कालोनी के पास से दबोच लिये गये। इसके साथ ही बेहट में 10 वाहन सीज किये गये और सरसावा और चिलकाना में अभियान चलाया गया।

उप जिलाधिकारी (सदर) सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मौके पर मौ. अरशद पुत्र शाहिद अहमद निवासी मानकमऊ, गंगोह रोड थाना कुतुबशेर तथा मौ. यासिर पुत्र अकबर निवासी लोदरीपुर थाना कांधला जिला शामली को संदिग्ध गतिविधियों के चलते रोका गया। जब उनके मोबाइल फोन की जांच की गई तो उसमें लोकेशन से संबंधित एक ऑडियो क्लिप बरामद हुई। दोनों व्यक्तियों को पकड़कर थाना सदर बाजार पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, परिवहन तथा रैकी करने वाले तत्वों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। आरोपियों के मोबाइल से लाला नेटवर्क की चैट्स, कॉल रिकॉर्डिंग्स और पैसों के लेनदेन से जुड़े कई सनसनीखेज सबूत मिले हैं।



इस बीच बेहट क्षेत्र में 10 अवैध खनन से जुड़े वाहन पकड़े गए। वहीं सरसावा और चिलकाना इलाकों में भी अभियान चलाया गया। जिससे माफियाओं में भगदड़ मच गई। बताया जा रहा है देर रात लाला ने नेटवर्क को भी अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। सूत्र बताते हैं कि लाला खुद किसी क्रेशर या वाहन का मालिक नहीं है, लेकिन उसके इशारे पर पूरा नेटवर्क संचालित होता है। प्रशासन अब इस नेटवर्क से जुड़े कथित नेताओं और आर्थिक लेनदेन की गहराई से जांच शुरू करा दीं है।

जानकारी यह भी सामने आई है कि इस नेटवर्क को भाजपा के एक कथित नेता का संरक्षण मिला हुआ है। जिसने हाल ही में पार्टी का दामन थामा और अब बेहट ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर बैठने के ख्वाब सजाये बैठा हुआ। प्रशासन ने उसकी आय के स्रोतों और आपराधिक लिंक की जांच शुरू कर दी है।

# बसपा नेता हाजी सरफराज व जगपाल ने कहा- पूर्व विधायक का बयान निंदनीय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मण्डल प्रभारी हाजी सरफराज राईन व जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप का बयान समाज में अराजकता का माहौल पैदा करने वाला है। ऐसी विधायक की सरकारी योजनाओं को बंद कर तुरन्त जेल की सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए, ताकि कोई और इस तरह की घिनौनी हरकत न कर सके।

हाजी सरफराज व जिलाध्यक्ष ने यह बात पूर्व विधायक द्वारा की गयी टिप्पणी के बाद बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती द्वारा एक्स पर की गयी पोस्ट का हवाला देते हुए कही। उन्होने कहा कि बहनजी ने एक्स पर लिखा है कि मुस्लिम लडकी लाओ नौकरी पाओ के ताजा संर्कीण व घृणित बयान के साथ-साथ यूपी व उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों में भी धर्म परिवर्तन, लव जेहाद और न जाने क्या क्या नफरती नाम देकर तथा उनके विरूद्ध कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, वैमन्सय, अशांति, अराजकता एवं लोगों के जान माल व मजहब पर खतरा बन जाने का शरारती तत्वों का यह विषैला हिंसात्मक खेल अति निंदनीय है। ऐसे अपराधिक व अराजक व असामाजिक तत्व सभ्य व संवेधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा है इन्हे शह व संरक्षण देने की बजाये सरकारे राज्य की करोडों की जनता के हित व कल्याण को ध्यान में रखते हुए कानून का राज स्थापित करना सुनिश्चित करें और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही आम जनता व देश के हित में है।





**बहनजी के एक्स पर की गयी पोस्ट का दिया गया हवाला**

# सीएम योगी से मिले विधायक चौ. किरत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गंगोह विधानसभा के विधायक चौधरी कीरत सिंह ने आज लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की और क्षेत्र की तरक्की को लेकर चर्चा की।

सीएम से मुलाकात के दौरान विधायक ने गंगोह क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं, सड़क निर्माण, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और ग्रामीण अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि जनता को इनका लाभ समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक को भरोसा दिलाया कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर क्षेत्र का संतुलित और तेज विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि गंगोह क्षेत्र में जनसुविधा, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से कार्य होंगे। विधायक चौधरी कीरत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास की गति और अधिक सशक्त व पारदर्शी बनेगी, जिससे जनता के जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार दिखेगा।

# महापौर व नगरायुक्त ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के बाबालाल दास घाट व मानकमऊ स्थित घाट पर आज भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण पर्व छठ पूजा के अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सूर्यदेव को उषा अर्घ्य देकर इस महापर्व को हर्षोल्लास मनाया। नगर निगम द्वारा घाटों पर साफ सफाई, पेयजल, लाइट, साउण्ड व स्टेज आदि की शानदार व्यवस्था की गयी थी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उन्हें छठ पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी।

घाटों पर तड़क से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरु हो गयी थी। उषा काल में जैसे ही भगवान भास्कर की रश्मियों ने जल पर उतर कर अपनी अनुपम छटा बिखेरी तो छठ मैया की जय और भगवान सूर्य देव के जयकारों से पूरा घाट गूंज उठा। छठ के गीत 'केलवा के पात पर उगेलन सुरुज मल झांके झुके' तथा 'जोडे़-जोडे़ फलवा' की स्वर लहरी पर श्रद्धालु झूम उठे।



उषा अर्घ्य के लिए 36 घण्टे के व्रती श्रद्धालु साफ सुथरे वस्त्र पहनकर पूरे परिवार के साथ सूर्योदय से पहले ही बांस की टोकरी में ठेकुआ, फल, नारियल, गन्ना, धूप, अगरबत्ती, हल्दी और अन्य सामग्री लेकर घाट पर पहुंच गए थे।

सूर्योदय के साथ ही श्रद्धालुओं ने जल में खडे़ होकर ''ओइम सूर्याय नमः'' मंत्र का जाप करते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और भगवान सूर्य व छठ मैया से सुख-समृद्धि, संतान सुख तथा स्वास्थ्य की प्रार्थना की। महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि व उनके परिवार द्वारा भी घाट पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सूर्यदेव प्रातः पूजनीय देव तो हैं ही प्रकाश पुंज भी है और प्रकाश ही जीवन है। उन्होंने कहा कि सूर्यदेव जिस तरह सबको समान रुप से प्रकाश देकर लोगों के जीवन को प्रशस्त करते हैं इसी तरह व्यक्ति को भी सबको सहयोग देकर समाज को सुखी व समृद्ध बनाने का प्रयास करना चाहिए। छठ पूजा समति के पदाधिकारियों ने महापौर व नगरायुक्त का घाट पर पहुंचने पर माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# वायरल वीडियो पर दरोगा अमित प्रसाद निलम्बित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोशल मीडिया पर थाना मंडी में तैनात उपनिरीक्षक अमित प्रसाद का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। एसएसपी ने दरोगा अमित प्रसाद को निलम्बित कर दिया है।

वायरल वीडियो में उपनिरीक्षक द्वारा सत्यापन के नाम पर उत्कोच (रिश्वत) की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक अमित प्रसाद को निलंबित कर दिया है तथा प्रारंभिक जांच आसन्न कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसपी सीटी व्योम बिन्दल नगर ने बताया कि वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक रूप से दोषी पाए जाने पर संबंधित उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सहारनपुर पुलिस में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ईमानदारी और सेवा भावना से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसपी आशीष तिवारी व आईएमए सहारनपुर के संयुक्त प्रयास से हर थाने में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

# थाना मण्डी में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसएसपी आशीष तिवारी व आईएमए के प्रयासों से प्रत्येक थाने में शुरू की गयी स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला की शुरूआत थाना मण्डी से की गयी।

थाना मण्डी में लगाये गये शिविर में आईएमए चिकित्सकों द्वारा पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित सलाह दी गयी। साथ ही पैथोलॉजिकल टेस्ट, ईसीजी और बुनियादी स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की गयी। आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा, ष्पुलिस फोर्स पूरे शहर और डॉक्टर को सुरक्षा प्रदान करती है, और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि हम हर पुलिसकर्मी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

डॉ नीरज आर्य और डॉ अनुपम मलिक ने शिविर में पूरी कोशिश की, कि इसका लाभ सभी पुलिसकर्मियों को मिले और कुछ ऐसी बीमारियां हैं जो जांचों के जरिए हम पहले ही पता कर लें और उनका इलाज कर दें।





इस शिविर में आईएमए के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने थाना मंडी के सभी पुलिसकर्मियों का मेडिकल चेकअप किया। इस पहल का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना और उनकी सेवाओं को सुदृढ़ बनाना था।पुलिसकर्मियों ने भी इस सहयोगी कदम की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया।

इस शिविर में डॉ कलीम अहमद, डॉ प्रशांत खन्ना, डॉ नरेश नौसरान, डॉ सुभाष सहगल,डॉ रेनू शर्मा, डॉ वंदना वर्मा ,डॉ डी.के गुप्ता ,डॉ संजीव अग्रवाल ,डॉ राहुल सिंह, डॉ रविकांत निरंकारी, डॉ रिकी चौधरी डॉ निशांत सक्सेना डॉ अमित पांडे डॉ रवि ठक्कर रविन्द्र राणा ने अपना योगदान दिया और कोशिश की, कि यह सुविधा ज्यादा से ज्यादा पुलिसकर्मी तक पहुंचे।

# हॉस्पिटल के सामने तेज गाने बजाने से रोकने की मांग

**साढौली कदीम।** एक हॉस्पिटल संचालक ने एक जिम संचालक पर तेज आवाज में गाने बजाने का आरोप लगाया है। चिकित्सक ने एसडीएम बेहट को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

कोतवाली बेहट इलाके के गांव रसूलपुर निवासी डॉक्टर प्रशांत सैनी पुत्र महिपाल ने एसडीएम बेहट को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव रसूलपुर में उसका संजीवनी हैल्थ केयर के नाम से हॉस्पिटल है, जहां वह मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार करते है। आरोप है कि हॉस्पिटल के सामने एक जिम है, जिसका संचालक तेज आवाज में गाने बजाकर रखता है जिससे मरीजों को दिक्कतें होती है।

# जागरूकता चौपाल में दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत विकासखंड मुजफ्फराबाद के ग्राम नानका में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चौपाल में महिलाओं/बालिकाओं को घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,साथ ही सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

# फर्जी डिग्री-मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने फर्जी डिग्री व मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि 27 अक्टूबर को वादी अश्विनी कुमार पुत्र कंवर सिंह निवासी गोविंद नगर थाना सदर बाजार ने सदर बाजार कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों रिंकू कुमा पुत्र सोमनाथ सिंह निवासी ग्राम खुर्द जनता रोड सहारनपुर व जसबीर उर्फ काला निवासी ग्राम हरपाल सहारनपुर तथा उनके अन्य अज्ञात लोगों ने धोखाधड़ी करके फर्जी तरीके से उससे मार्कशीट दिलाने के नाम पर 70 हजार रूपए लिए थे। वादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक फर्जी मार्कशीट दे दी थी जिसका विरोध करने पर उन्होंने से उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सदर पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक बबलू कुमार, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक अमरीश कुमार, उपनिरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों पर्वत कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम अजोता थाना दौराला, रिंकू कुमार पुत्र सोमनाथ निवासी ग्राम खुर्द जनता रोड थाना जनकपुरी, सिद्धार्थ शंकर पुत्र राजवीर सिंह निवासी कंकरखेड़ा जनपद मेरठ, जसवीर सिंह उर्फ काला पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम हरपाल थाना रामपुर मनिहारान व अक्षय देव पुत्र धर्मेंद्र निवासी ग्राम चांदसमंद थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर को छोटी रेलवे लाईन कोर्ट की दुकान के सामने से चौकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 240 फर्जी डिग्रियां, मार्कशीट, 4 लैपटॉप, 10 हजार 500 रूपए, 9 मोबाइल, 1 वैन्यू कार बिना नम्बर की बरामद कर ली। एसपी सिटी श्री बिंदल ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने बताया कि हमारा एक गिरोह है जो स्कूल/कालेजों में प्रवेश दिलाने की आड़ में फर्जी डिग्री/मार्कशीट तैयार कराकर बेरोजगार एवं भोलेभाले बच्चों को षडयंत्र के तहत अपने झांसे में लेकर उनसे मोटी रकम लेकर बिना परीक्षा दिए दे देते हैं। आरोपियों ने बताया कि हमारा गिरोह लखनऊ, दिल्ली, मेरठ, नागालैंड, उत्तराखंड आदि स्थानों पर फर्जी तरीके से मार्कशीट/ डिग्री बनवाने की सैंटिंग करते हैं और भोलभाले बच्चों को जाल में फंसाकर कोर्स के हिसाब से 30 हजार से लेकर 4.5 लाख रूपए तक वसूलते हैं। आज हम फर्जी मार्कशीट/डिग्री बनाने के सिलसिले में सहारनपुर आए थे तभी हमें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



# पुनरीक्षण कार्य में दें अमूल्य योगदानः डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में अपना सक्रिय एवं अमूल्च योग दें ताकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन समय से हो सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अर्हता एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन 2026 के लिए अर्हता एक नवम्बर 2025 के आधार पर मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण के संबंध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक एवं खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु 06 नवम्बर 2025 तक संबंधित मतदान केन्द्रों पर फार्म-18 (स्नातक) एवं फार्म-19 (शिक्षक) पदनामित अधिकारीध्अतिरिक्त पदनामित अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि निर्धारित तिथि तक सभी अर्ह व्यक्तियों के फार्म भरवाएं। श्री बंसल ने कहा कि अर्हता एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कार्यक्रम के तहत 07 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक के बाद उन्होंने ईवीएमध्वीवीपैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया जिसमें गोदाम सुव्यवस्थित पाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र सैनी, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई, सपा से अब्दुल गफूर, अपना दल से राजकुमार पंवार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सभी एसडीएम, सहित अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।



# रिक्रूट आरक्षियों से संवाद स्थापित

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीश तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुशासन, समर्पण और ईमानदारी को हमेशा बरकरार रखना ही एक अच्छे पुलिसकर्मी की पहचान होती है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य में अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाने की प्रेरणा दी।

रिजर्व पुलिस लाइन में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीश तिवारी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीश तिवारी ने सभी रिक्रूट पुलिसकर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके प्रशिक्षण, अनुशासन, कार्यप्रणाली तथा व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# शोषण के खिलाफ किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**नकुड़।** प्रदेश भर में फाइनेंस कंपनियों की मनमानी व किसानों के शोषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (नई क्रांति) ने किसानों की समस्याओं उठाते हुए पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

संगठन ने राष्ट्रीय महासचिव चौधरी कुलबीर सिंह ने किसानों के संग उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां किश्त वसूली के नाम पर किसानों व ग्रामीण उपभोक्ताओं का शोषण कर रही हैं। रिकवरी एजेंटों का रवैया दबंगई भरा होता है। किसान यूनियन ने मांग की कि यदि किसी भी शाखा में रिकवरी से किसी उपभोक्ता को हानि होती है तो कंपनी को उसकी लिखित सूचना देना अनिवार्य किया जाए।



संगठन ने यह भी कहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे ग्राहकों पर जबरदस्ती पैनल्टी थोपना अमानवीय है। वहीं बैंक लोन के दौरान जो बीमा किया जाता है उसकी रसीद ग्राहक को न देना सीधे नियमों का उल्लंघन है। यूनियन नेताओं ने बैंकों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि छोटे ग्राहकों को बिना एजेंटों के लोन नहीं दिया जाता जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। किसान नेताओं ने दो टूक कहा कि अगर सरकार ने इस गोरखधंधे पर लगाम नहीं लगाई तो किसान यूनियन नई क्रांति सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। संजय, हारून खटाना, इमरान निजामी, महिपाल सिंह, अवनीश चौधरी, विजयपाल, सादिक, ताहिर आदि रहे।

# इजरायल से रक्षा डील

समय की मांग के अनुसार भारत अपनी जल, थल, वायु, सुरक्षा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए गंभीर दिखाई दे रहा है और इसके लिए उसने प्रयास भी कर रखे हैं। जो रंग लाते भी दिखाई दे रहे हैं। भारतीय नोसैना का स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक 6 नवंबर 2025 को कोच्चि के नोसैना अड्डे पर कमीशन किया जाएगा, तो वहीं इंडियन एयरफोर्स ने 6 नए मिड एयर रीफ्यूलिंग (हवाई ईंधन भरने वाले) विमान शामिल करने के लिए इजरायल की कंपनी से 8 हजार करोड़ की डील अंतिम दौर में है। यह कंपनी इजरायल सरकार के स्वामित्व वाली इजरायल एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज (आईएआई) है। बताया जा रहा है कि इस डील के लिए रूस और यूरोप की कंपनियां भी दौड़ में थी, लेकिन बाजी भारत के हाथ लगी। क्योंकि वह तकनीकी शर्तें और मैक इन इंडिया नियम पूरे नहीं कर पाईं। आईएआई ने ऑफसेट नीति के तहत लगभग 30 फीसदी मैक इन इंडिया सामग्री शामिल करने पर सहमति जताई है। डील के तहत पुराने बोइंग 767 कमीशन विमानों में बदलाव कर उन्हें टेंकर विमानों में बदला जाएगा। इतना ही नहीं नई डील बताती है कि बोइंग 767 विमान को मिड एयर रिफ्यूलिंग विमान में कनवर्ट किया जाना है। यह सौदा बताता है कि भारत इजरायल एक-दूसरे की जरूरत को ध्यान में रखते हुए रक्षा सौदों में आगे बढ़ रहे हैं और उनके बीच अच्छी समझ बन रही है। यह डील भी उसी का परिणाम है। यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि भारत सरकार पिछले 15 सालों में कई बार नए टैंकर विमान खरीदने के प्रयास कर चुकी है, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से सौदा अधूरा रह जाता है। वायु सेना अपने पुराने विमानों को धीरे-धीरे हटा रही है। इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को हटाकर 200 नए हेलिकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इनमें 120 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलिकॉप्टर वायु सेना को दिए जाएंगे। ये हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे। और कई इसी तरह के रक्षा सौदे होने हैं इनमें भारतीय कंपनियों को शामिल करने की बात कही जा रही है। हेलिकॉप्टर सौदे में भी भारतीय कंपनियों को शामिल किया जाएगा जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी कर हेलिकॉप्टर बना सकें। मोदी सरकार पर यह आरोप बराबर लगता रहा है कि वह इजरायल के प्रति उदार रही है। यह सब इसलिए है कि वह इजरायल के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में लगी है। गाजा जैसे संवेदनशील मामले में भी वह चुप्पी साधे है। हजारों करोड़ रुपये की यह डील बताती है कि भारत के इजरायल से रिश्ते अब नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इजरायल रक्षा सौदों में हाल के वर्षों में बड़े सहयोगी देश के रूप में सामने आया है। सिंदूर ऑपरेशन के समय में भी उसकी भागेदारी की बात सामने आई थी, जो आपसी मित्रता की मजबूती को दर्शाती है।

## नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले बयान



मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराज. कता फैलाने वाले हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें भी अति-निंदनीय हैं, ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए खुली चुनौती और खतरा हैं।

-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

# देश के विकास को गति देने के लिए न्यायिक सुधार आवश्यक



विजय शंकर पांडेय

अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुख्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते , यह स्पष्ट है।

पिछले सप्ताह ही एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने निचले न्यायालयों में मामलों के निस्तारण में वर्षों का समय लगने पर गम्भीर चिंता व्यक्त की और कहा कि जहां मामले के निस्तारण होने में सालों लग जाते हैं वहीं निर्णयों को लागू कराने के लिए दाखिल किए गए एक्सेक्यूशन प्रार्थना पत्रों में भी सालों का समय लग रहा और आठ लाख से ज्यादा इस तरह के प्रार्थना पत्र वर्षों से लोअर कोर्ट्स में लम्बित हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले की ही तरह इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यंत गम्भीर है जो स्पष्ट करता है कि हमारी न्यायिक व्यवस्था की स्थिति शोचनीय है और तत्काल आवश्यक सुधरात्मक कदम उठाए जाने बहुत जरूरी हैं। इससे पहले देश की संसद भी कई बार देश की न्यायिक व्यवस्था की लचर हालत पर चिंता व्यक्त करती रही है और स्थिति को सुधारने की मांग उठाती रही है लेकिन दुर्भाग्य से स्थिति में बदलाव लाने के लिए कोई भी ठोस कदम कभी भी सरकारों ने उठाया हो , ऐसा नहीं लगता।

हमारे देश ने वर्ष 2047 यानी स्वतंत्रता प्राप्ति के सौ वर्ष के अंदर पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है और इसको प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए ऐसा मैं अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर कह सकता हूं। लेकिन पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लिए कई जरूरी कदम शीघ्रातिशीघ्र उठने होंगे क्योंकि वर्ष 2047 अब ज्यादा दूर नहीं है। अगर हम विश्व के अन्य विकसित देशों की विकास के पथ पर की गई यात्रा पर दृष्टिपात करें तो हम पाएंगे कि इन सभी राष्ट्रों ने सबसे पहले न्याय व्यवस्था, कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य को पुखघ्ता करने का काम किया लेकिन इनमें से भी सबसे पहले न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त किए बिना यह देश शायद ही अपना वांछित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो पाते, यह स्पष्ट है। स्पष्ट है कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का मूल आधार ही संविदा यानी कांट्रैक्ट कानूनों का शीघ्र और प्रभावी ढंग से अनुपालन होता है क्योंकि सभी आर्थिक गतिविधियों का प्रारम्भ और अंत संविदा से ही होता है और जब आम जन को लगता है कि देश की न्याय व्यवस्था सभी संविदाओं के न्यायपूर्ण ढंग से अनुपालन कराने में सक्षम है तो लोग निवेश करने और उद्योग धंधों, व्यापार आदि गतिविधियों को प्रारम्भ करने के लिए निःसंकोच आगे आते है। इसी तरह सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के बिना कघनून व्यवस्था को कभी भी मजबूत नहीं किया जा सकता, यह भी स्पष्ट है। न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता और उसका ईमानदार और प्रभावी होना भी इस बात को सुनिश्चहित करता है कि आम लोगों और खास कर कारोबार से जुड़े लोग बिना किसी कठिनाई के अपने अपने धंधे में निश्चिंत हो कर कार्य कर सकते हैं। सामान्यतः इसी स्थिति को ईज ओफ डूइंग बिजनेस का नाम दिया जाता है और इन परिस्थितियों को स्थापित किए बिना कोई भी देश आज तक विकसित नहीं हो पाया, इतिहास इसका गवाह है। जब हम इस दृष्टि से अपने देश की स्थितियों का परीक्षण करते है तो हमें एक अत्यंत निराशाजनक स्थिति परिलक्षित होती है क्योंकि आज भी हमारा देश ईज ओफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की अनुकूल स्थितियों के मामले में विश्वभर में बहुत ही निचली पायदान पर खड़ा हमको मिलता है। इन्ही स्थितियों के चलते आज हमारा देश विदेशी निवेश के मामले में छोटे-छोटे देशों की तुलना में भी काफी पीछे खड़ा मिलता है। सबसे दुःखद स्थिति तो यह है कि हर साल हजारों की संख्या में करोड़पति भारतीय नागरिक देश छोड़ कर विदेश में बसने के लिए जा रहे हैं, ऐसी खबर पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है। यह सोचने की बात है कि जब खुद हमारे करोड़पति देश छोड़ रहे तो कोई विदेशी क्यों यहां निवेश करने को सोंचेगा। यह प्रश्न निश्चित रूप से देश की सरकारों के लिए एक गम्भीर चिंता का विषय होना चाहिए और स्थिति को सुधारने के लिए आज तत्परता से कदम उठाया जाना आज की महती आवश्यकता है, लेकिन दुःख की बात तो यह है कि ऐसा होता हुआ बिल्कुल भी नहीं दिख रहा। आखिर न्याय व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त करने में क्या कठिनाई है इस पर कोई भी गम्भीर चर्चा देश में आज भी नहीं हो रही है, यह साफ है। इस विषय पर पूर्व में भी जब भी विश्लेषण किया गया तो सबसे पहले न्यायालयों की कमी का ही रोना रोया जाता रहा है। इस में कोई विवाद नहीं कि देश में प्रति दस हजार की जनसंख्या पर केवल दो न्यायिक अधिकारी नियुक्त हैं जबकि विकसित देशों में यह संख्या 6-10 प्रति दस हजार जनसंख्या के बीच में है, जिसमें सुधार लाया जाना अति आवश्यक है और बिना किसी विलम्ब के देश में न्यायालयों की संख्या में कम से कम तीन गुनी की बढ़ोतरी की जानी चाहिए और इसके लिए आवश्यक अवस्थापन सुविधाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। इसी के साथ यह भी तो देखा जाना चाहिए की आज स्थापित न्यायालय भी मानकों के अनुसार कार्य कर रहे या नहीं और भारतीय न्यायालयों में तारीख पर तारीख दिए जाने का जो चलन चल पड़ा है उसके लिए कौन जिम्मेदार है। अपने सेवा काल के दौरान न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पीठासीन अधिकारी के रूप में भाग लेने एवं उनके पर्यवेक्षण करने के दौरान मैंने पाया कि वर्तमान स्थितियों में भी न्यायालयों की कार्यप्रणाली में कुछ कदम उठा कर बहुत बड़ा सुधार लाया जा सकता। सबसे पहले पूर्णतः झूठे तथ्यों पर आधारित मुकदमे दाखिल करने पर गम्भीर दंड जैसे कम से कम पांच साल की सजा का प्रावधान किया जाना इस सुधार की प्रक्रिया की शुरुआत हो क्योंकि आज हमारी अदालतें नीचे से ऊपर तक , फर्जी मुकदमों के बोझ तले दबी हैं और यह भार रोज बढ़ता जा रहा है। कारण यह है कि झूट बोलने और गलत शपथ पत्र देने के लिए कभी भी कोई दण्डित नहीं होता इसलिए झूंठे मुकघ्दमे दाखिल करके दूसरे पक्ष को वर्षों तक परेशान करने की प्रथा ने हमारी न्याय व्यवस्था को एक प्रकार से पंगु कर रखा है। विश्व के सभी विकसित देशों में गलत बयानी करना एक गम्भीर अपराध है लेकिन हमारे देश में तो लगता है कि जैसे झूंठ बोलना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार हो। इसी के साथ पक्षों को नोटिस जारी करने की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव लाकर एक साथ नोटिस, रेजिस्टर्ड डाक , मेसिज , वत्सप्प, मोबाइल फोन पर सूचना और अखघ्बारों में नोटिस मुद्रण की प्रक्रिया निर्धारित की जाए ताकि नोटिस के स्तर पर होने वाले विलम्ब को समाप्त करके शून्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चहित किया जाना होगा कि न्यायाधीशों को केवल न्यायिक कार्य करने के अलावा न्यायालयों के प्रबंधन आदि से पूर्णतः मुक्त किया जाए और न्यायालयों के प्रबंधन के लिए एक पूर्णतः प्रशिक्षित मैनज्मेंट काडर हो जो मुकदमों के पंजीकरण, तिथि निर्धारण, सामान्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चहित करने का काम करे जैसा कि यूरोप देशों में व्यवस्था है। हमारे देश में अन्य देशों की भांति ही वर्तमान में लागू कघनूनी व्यवस्था के तहत मुकघ्दमे की पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही निर्णय दिया जा सकता है , उससे इतर नहीं,इस लिए पक्षों पर बाध्यता हो कि वह मामले से सम्बंधित सभी साक्ष्य मामले में वाद पत्र दायर करने के साथ ही न्यायालय में दाखिल करें और इसी प्रकार प्रतिवादी भी अपने उत्तर के साथ सभी साक्ष्य आदि एक साथ दाखिल करे और इसके लिए कोई भी अतिरिक्त समय ना दिया जाए। अधिकांशतः अतिरिक्त साक्ष्य देने के अवसर के नाम पर तारीखघ पर तारीखघ लगती रहती है। इसी प्रकार न्यायालयों में बहस करने के नाम पर मामलों को वर्षों तक खींचा जाता है जिसको समाप्त करने के लिए प्रत्येक मामले में मौखिक बहस के लिए एक तिथि और एक सीमित समय निर्धारित किए जाने की व्यवस्था की जानी होगी जैसा कि सभी विकसित देशों में है जहां मुकदमे में दूसरी तारीख यानी अजर्न्मेंट की व्यवस्था लगभग शून्य है।

(लेखक रिटायर आईएएस हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की आर्थिक यात्राः गुलामी का साया!



वाहिद नसीम

पूरा विश्व इस समय नए वैश्विक गठजोड़ में अपनी यात्रा का मार्ग तय करने में जुटा हुआ हैं, हर राष्ट्र अपनी किस्मत की सड़क पर चलता बढ़ता चला जा रहा है , वहीं भारत आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां चारों दिशाएं गहन विचार करने पर विवश करती हैं। जैसे कोई यात्री उकसाया हुआ पहाड़ की चोटी पर चढ़ जाए और फिर नीचे झांक कर देखे कि आगे का रास्ता नीचे की ओर ही जाएगा और बादलों से ढकी चोटियां ऊपर से सूरज की रौशनी मचमक और नीचे चारों ओर अंधेरा, वैसे ही हमारी अर्थव्यवस्था के सामने प्रश्न खड़े हैं। क्या हम स्वतंत्रता की ओर बढ़ रहे हैं या अनजाने में नई जंजीरों में बंध रहे हैं?

पिछले ग्यारह वर्षों (2014 से 2025 तक) की कूटनीति ने हमें यहां पहुंचाया है। एक ऐसा मोड़ जहां पश्चिमी शक्तियों से व्यापार सरप्लस हमें मजबूत बनाता है, लेकिन एशियाई और यूरेशियन देशों के साथ बढ़ता घाटा हमें कमजोर कर सकता है। विचार करें, भारत का व्यापार सरप्लस मुख्यतः अमेरिका और यूरोपीय संघ से आता है। 2024-25 में अमेरिका के साथ कुल व्यापार 132 अरब डॉलर का रहा, जिसमें हमारे निर्यात 86 अरब डॉलर थे। एक सकारात्मक संतुलन। यूरोप के साथ भी यही कहानी है, लेकिन अगर हम इनसे व्यापार बंद कर दें? तब एशिया और यूरेशिया की ओर देखें, जहां हम घाटे में हैं। चीन के साथ 99 अरब डॉलर का घाटा, रूस से 67 अरब डॉलर के आयात (मुख्यतः तेल), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 100 अरब डॉलर का व्यापार (तेल और अन्य वस्तुओं से घाटा), सऊदी अरब से 42 अरब डॉलर, ये आंकड़े बताते हैं कि हम इन देशों से तेल, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे और मशीनरी मंगाते हैं, लेकिन बदले में निर्यात करने लायक कुछ खास नहीं। क्या हमारे पास ऐसी कोई वस्तु है जो इन घाटों को पाट सके? अभी दूर तक नजर नहीं आती। जैसे कोई नदी का पानी समुद्र में बहता जाता है, वैसे ही हमारा धन इन देशों की जेब में जाता है।

**अब रुपये में कारोबार की बात**

विशेष रूपी वोस्त्रो अकाउंट्स SRVA के माध्यम से रूस, चीन, सऊदी और यूएई जैसे देश हमारे सरप्लस रूपए को भारत में ही निवेश करते हैं, सरकारी बॉन्ड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और निजी कंपनियों में। 2023-25 में कुल FDI 177 अरब डॉलर से अधिक आई, जिसमें UAE से 7 अरब डॉलर (अदानी ग्रुप और रिलायंस में), सऊदी से 1.5 अरब डॉलर (रिलायंस जामनगर रिफाइनरी में), रूस से 0.05 अरब डॉलर (ONGC और TCS में) और चीन से 0.8 अरब डॉलर (Vivo और Xiaomi जैसी कंपनियों में) A SRVA से इन निवेशों का 10-60 प्रतिशत हिस्सा सेटल होता है, जैसे रूस में 50-60 प्रतिशत, UAE में 30-40 प्रतिशत। यह हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है। भारत सरकार को यह रुपये सीधे देने नहीं पड़ते वोस्त्रो अकॉउंट में डाले जाते हैं, लेकिन मेरी महीन दृष्टि से सोचें-क्या यह साझेदारी है या धीमी गुलामी? एक दिन तो आएगा जब यह सभी देश मुनाफा निकालना चाहेंगे। तब क्या वे अपनी हिस्सेदारी यूरोपीय निवेशकों को बेचेंगे या पुराने विदेशी बैंकिंग माफिया को बेचेंगे या फिर भारत से सोना खरीदकर ले जाएंगे? यह बिना प्लानिंग की कुछ ऐसी बेखुदी लगती है, जैसे कोई मेहमान घर में रहकर कुछ पैसे रोज घर में खर्च को देता जाए और फिर एक दिन पूरा हिसाब मांगले और लौटने की क्षमता न होने के कारण घर का मालिक बन जाए, वैसे ही क्या हमारी अर्थव्यवस्था की कमान इनके हाथों में नहीं चली जाएगी? चिंतन गहरा होता है जब हम देखते हैं कि तेल और पुर्जे मंगाकर हम रुपये देते हैं, जो भारत में ही सेटल होते हैं। हिस्सेदारी के रूप में। यह देश सरप्लस कमा रहे हैं, हम घाटे में। गुजरते समय के साथ, क्या भारत इनकी आर्थिक गुलामी में नहीं फंस जाएगा? जैसे पुराने जमाने में ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के नाम पर देश को खरीद लिया था, वैसे ही क्या हमारी नीतियां बड़े व्यापारियों (जैसे रिलायंस और अदानी) को सफल बनाने के चक्कर में कुटीर उद्योगों को कुचल नहीं रही हैं ? कुटीर उद्योग-छोटे कारोबारी, किसान, कारीगर.यदि पनपते नहीं, तो अर्थव्यवस्था कंपनियों के हाथों बिक जाएगी। स्मरण रहे संतुलन ही जीवन है। अगर बड़े को बढ़ावा देकर छोटे को भूल गए, तो असंतुलन आएगा। गरीबी, बेरोजगारी और विदेशी निर्भरता। इस स्थिति से बचने के लिए क्या पश्चिमी ताकतों के साथ मिलकर काम करना मजबूरी नहीं बन चुका है? पश्चिमी अर्थव्यवस्थाएं-अमेरिका और यूरोप हमें सरप्लस देती हैं, लेकिन क्या यह टेम्परेरी राहत मात्र है? वे हमें सेवाओं, तकनीक और निवेश देते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याएं हैं। मुद्रास्फीति, कर्ज। फिर भी, संतु. लित कूटनीति में इन्हें शामिल करना जरूरी लगता है। सभी संगठनों में हिस्सेदारी के बावजूद, ना हम उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके,और ना ही रक्षा के क्षेत्र में। चारों तरफ गंभीरता से विचार करें तो भारत सिर्फ एक कंज्यूमर बाजार यानी उपभोक्ता मात्र नजर आता है, जिसका दोहन करने के लिए हर कोई झपटना चाहता है। चुनाव हमारे हाथ में है। अगर हम कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दें, स्वदेशी तकनीक विकसित करें और कूटनीति में संतुलन रखें, तो चौराहे की खाई से बच सकते हैं। अन्यथा, नई ईस्ट इंडिया कंपनियां चाहे एशियाई हों या पश्चिमी हमें गुलाम बना लेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक, सामाजिक विषयों के विश्लेषक है, ये उनके निजी विचार हैं)

# जामिया मिल्लिया: विचार की चिंगारी से प्रगति की लो तक





माहे आलम

जब हम जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नाम उच्चारित करते हैं, तो यह केवल एक विश्वविद्यालय या शिक्षण-संस्थान का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह नाम एक सम्पूर्ण विचार-जगत को उद्घाटित करता है। यह एक ऐसे स्वप्न का प्रतीक है जिसमें भारत की आत्मा अपने सबसे पवित्र स्वरूप में प्रकट होती है। स्वतंत्रता, मानवता, समरसता और नैतिकता के रूप में। जामिया का अर्थ केवल ईंट और पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि उस जीवंत चेतना से है जिसने भारतीय समाज को यह विश्वास दिलाया कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा के उत्कर्ष का पथ है। यह विश्वविद्यालय एक ऐसी परंपरा का प्रतीक बन चुका है जिसमें ज्ञान, कर्म, संस्कृति और सेवा एकाकार हो जाते हैं। बीसवीं शताब्दी का तीसरा दशक भारतीय इतिहास का उथल-पुथल भरा काल था। एक ओर विदेशी शासन की कठोरता थी, दूसरी ओर स्वाधीनता की ज्वाला प्रज्ज्वलित हो रही। ब्रिटिश शासन द्वारा थौंपी गई शिक्षा-प्रणाली भारतीय मस्तिष्क को अनुशासित दास में परिवर्तित कर रही थी। महात्मा गांधी ने इसे 'गुलामी का उपकरण' कहा था और देशवासियों से आह्वान किया था कि वे ऐसी शिक्षा का त्याग करें जो आत्मा को पराधीन बनाती है। इन्हीं विचारों के आलोक में कुछ साहसी शिक्षकों और छात्रों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्व. विद्यालय से अलग होकर 29 अक्टूबर 1920 को 'जामिया मिल्लिया इस्लामिया' की स्थापना की। इस स्थापना के साथ ही भारतीय शिक्षा को एक नवीन दिशा मिली। ऐसी दिशा जो आत्मनिर्भरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति से संपृक्त थी। यह केवल एक संस्था की उत्पत्ति नहीं थी, बल्कि भारतीय आत्मा की पुनःस्थापना का आरम्भ था। जामिया की स्थापना के तत्काल बाद आर्थिक संकटों ने इस नवजात संस्था की परीक्षा ली, लेकिन संस्थापकों ने इसे केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक नैतिक कर्तव्य समझा। मौलाना मुहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल खघान और डॉ। मुख्तार अहमद अंसारी जैसे महान नेताओं ने त्याग और तपस्या से इसे जीवित रखा। सरोजिनी नायडू ने कहा था कि जामिया की प्रत्येक ईंट में बलिदान की गंध है। यह वाक्य केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस युग की आत्मा का साक्ष्य है जिसमें लोग व्यक्तिगत सुख त्यागकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का सपना साकार कर रहे थे। 1926 में जब डॉ. जााकिर हुसैन ने कुलपति का दायित्व संभाला, तब जामिया संकटग्रस्त थी। वित्तीय, संस्थागत और बौद्धिक दृष्टि से। डॉ. हुसैन ने इसे मात्र एक विश्व. विद्यालय नहीं, बल्कि अपने जीवन का तपस्थल माना। उनका शिक्षा-दर्शन गांधीजी की 'नई तालीम' से प्रेरित था। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि-विकास नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण और सामा. जिक चेतना का प्रस्फुटन है। उनके अनुसार, शिक्षा वही है जो व्यक्ति को समाज की सेवा के योग्य बनाए। जामिया में उन्होंने श्रम को प्रतिष्ठा दी। विद्यार्थियों को हस्तकला, कृषि और सेवा-कार्य में सम्मिलित किया ताकि शिक्षा केवल वाक्पटुता या ज्ञान-संग्रह न रह जाए, बल्कि जीवन के प्रत्एक कर्म में उतर आए। यह विचार कि शिक्षा व्यक्ति को उपयोगी नागरिक के साथ-साथ संवेदनशील मनुष्य बनाती है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है। जााकिर हुसैन का यह दृष्टिकोण उस समय के लिए अत्यन्त प्रगतिशील था जब शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना माना जाता था। उन्होंने स्पष्ट कहा था शिक्षा वह शस्त्र है जो राष्ट्र के नैतिक पुनरुत्थान का माध्यम बन सकती है। आज जब शिक्षा एक व्यावसायिक उपक्रम में रूपांतरित हो रही है, तब यह स्मरण कराना आवश्यक है कि जामिया का उद्देश्य कभी आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक उन्नति रहा है। जामिया का सांस्कृतिक स्वरूप उसकी सबसे अद्वितीय पहचान है। यह वह स्थल रहा जहां भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति अपने सबसे स्वाभाविक रूप में जीवित रही। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते रहे। उर्दू की मिठास और हिन्दी की सहजता ने मिलकर एक ऐसा वातावरण रचा जिसमें संवाद विभाजन पर विजई रहा। इस परिसर में विविधता केवल सह-अस्तित्व नहीं, बल्कि सौहार्द का सक्रिय प्रयोग रही। इसी कारण जर्मनी से आई एक यहूदी शिक्षिका गेर्डा फिलिप्सबोर्न, जिन्हें 'आपा जान' कहा जाता था, ने नाजीी अत्याचार से बचकर इस संस्थान को अपना आश्रय बनाया। यह घटना दर्शाती है कि जामिया का विचार सीमाओं से परे है। यह वह भूमि है जहां मानवता धर्म और जाति से ऊपर प्रतिष्ठित होती है। वर्तमान समय में जब समाज धार्मिक और वैचारिक ध्रुवीकरण की दिशा में अग्रसर हो रहा है, तब जामिया की यह परंपरा और भी आवश्यक प्रतीत होती है। यह हमें सिखाती है कि सच्चा राष्ट्रवाद विभाजन में नहीं, एकता में निहित है। शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को संकीर्ण पहचान से मुक्त कर वैश्विक मानवता से जोड़ना है। जामिया ने अपने आचरण से सिद्ध किया कि शिक्षा वही है जो संवाद को जन्म दे, और विचारों के टकराव को सहिष्णुता में रूपांतरित करे। पिछले कुछ वर्षों में जामिया का परिसर अनेक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलनों का केंद्र बना। छात्रों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में आवाज उठाई, और अपने विचारों को शांतिपूर्ण ढंग से व्यक्त किया। दुर्भाग्यवश, कभी-कभी इन आंदोलनों को गलत अर्थों में प्रस्तुत किया गया, परन्तु यह समझना आवश्यक है कि असहमति लोकतंत्र का हृदय है। विश्वविद्यालय वही होता है जहां

(लेखक उप निदेशक (माय भारत), युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए विख्याात हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त राष्ट्र शांति सेना ने इजरायली ड्रोन मार गिराया

**बेरूत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना ने कहा कि ड्रोन 'नियमित खुफिया जानकारी इकट्ठा करने की गतिविधि' कर रहा था। प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पास में तैनात यूनिफिल बलों ने जानबूझकर ड्रोन पर गोलीबारी की और उसे गिरा दिया। ड्रोन की गतिविधि से यूनिफिल बलों को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने उस क्षेत्र की ओर एक ग्रेनेड गिराया जहां ड्रोन गिरा था।

### ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी अमेरिका में गिरफ्तार

**लंदन।** इजरायल के मुखर आलोचक ब्रिटिश पत्रकार सैमी हम्दी को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने गिरफ्तार कर लिया है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की प्रवक्ता ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने रविवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अमेरिका में एक भाषण दौरे पर गए हम्दी को हिरासत में ले लिया गया और उनका वीजा रद्द कर दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि हम्दी देश से निकाले जाने तक आईसीई की हिरासत में रहेंगे।

### बंगलादेश में डेंगू के 983 नए मामले, छह और मरीजों की मौतें

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 983 नए मामले सामने आए और छह और लोगों की मौत हुई है। देश भर के विभिन्न अस्पतालों में लगभग 2,800 डेंगू के मरीज इलाज करा रहे हैं। इस साल अब तक डेंगू के कुल मामलों की संख्या 66423 और मृतकों की संख्या 269 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य सेवा महा. निदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी है।

### ऑस्ट्रेलिया में खदान विस्फोट में दो लोगों की मौत, एक घायल

**सिडनी।** दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में मंगलवार तड़के एक भूमिगत खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक बयान में कहा कि ब्रोकन हिल से लगभग 450 किलोमीटर पूर्व में कोबार स्थित एंडेवर माइन रोड स्थित खदान में विस्फोट की घटना में दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है। दो महिलाओं को खदान से बाहर लाया गया। हालांकि उनमें से एक की तब तक मृत्यु हो चुकी थी।



नई दिल्ली। एनसीआर में वायु गुणवत्ता में गिरावट के बाद राष्ट्रपति भवन में धुंध की एक परत छा गई।

## तुर्की के पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्तांबुल।** तुर्की के पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में सोमवार देर रात 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे चारो ओर दहशत फैल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्की के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी (एएफएडी), जो आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन के लिए जिम्मेदार राष्ट्रीय एजेंसी है ने 'एक्स' पर बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10:48 बजे सिंदिरगी जिले में आया। एनटीवी द्वारा प्रसारित फुटेज में भूकंप के झटके महसूस होने पर निवासी सड़कों पर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# फलस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान!

## इस्लामाबाद मिशन में भाग लेना चाहता है, सरकार व सेना के बीच चर्चा प्रगति के अंतरिम चरण में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द यह घोषणा कर सकता है कि वह गाजा के लिए बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (आईएसएफ) में अपने सैनिक भेजेगा या नहीं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि सरकार इस मिशन में हिस्सा लेने के पक्ष में है। अधिक. ारियों ने इस मामले की संवेदनशीलता के कारण अपने नामों को सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन कहा कि सरकार सेना के बीच इस मुद्दे पर चर्चा प्रगति के अंतिम चरण में है।

उनकी बातों से लगता है कि इस्लामाबाद इस मिशन में भाग लेना चाहता है। अमेरिका की मध्यस्थता में किए गए गाजा शांति समझौते में एक मुख्य बिंदु आईएसएफ की स्थापना भी है। आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी। इस बल का काम आंत. रिक सुरक्षा बनाए रखना, हमास को निरस्त्र करना, सीमा शुल्क पर नियंत्रण करना और फलस्तीनी प्रशासन के तहत मानवीय राहत व पुनर्निर्माण में मदद करना होगा। ट्रम्प प्रशासन ने



आईएसएफ की स्थापना इस्लामी देशों के सैनिकों से की जाएगी

गाजा में अमेरिकी सैनिक भेजने से इनकार किया। हालांकि, वह इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मिस्र, कतर, तुर्की और अजरबैजान से इस बहुराष्ट्रीय बल में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, सोमवार को इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने तुर्की के इस बल में शामिल होने का विरोध किया, क्योंकि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन का इजरायल के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' रुख है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश तय करेगा कि कौन-कौन सी विदेशी सेनाएं गाजा में आ सकती हैं और उन्होंने तुर्की के सुरक्षा बलों की किसी भी भूमिका का कड़ा विरोध किया। इजरायली मीडिया की रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायल के संसद के विदेश मामलों और रक्षा समितियों के सदस्यों को पिछले हफ्ते एक बंद बैठक में बताया गया कि आईएसएफ में इंडोनेशिया, अजरबैजान और पाकिस्तान के सैनिक होंगे। यह खबर ऐसे समय आई है जब पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर मिस्र और जॉर्डन का दौरा कर रहे हैं, जो गाजा में शांति के लिए प्रयासों में शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि उनके दौरे का मकसद रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 20-बिंदु की गाजा शांति योजना के कमजोर क्रियान्वयन पर चर्चा उनकी बातचीत का मुख्य विषय है।

# पाक ने बांग्लादेश को कराची पोर्ट इस्तेमाल का ऑफर दिया

## 20 साल बाद आर्थिक मुद्दों पर बातचीत, भारत ने बांग्लादेश की ट्रांजिट सुविधा रोकी थी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को अपने कराची पोर्ट का इस्तेमाल करने की पेशकश की है। यह प्रस्ताव दोनों देशों के बीच सोमवार को ढाका में हुई पाकिस्तान-बांग्लादेश जाइंट इकोनामिक कमीशन (जेईसी) की 9वीं बैठक में रखा गया। यह बैठक करीब 20 साल बाद हुई थी। पाकिस्तान का कहना है कि कराची पोर्ट का इस्तेमाल बांग्लादेश को चीन, खाड़ी देशों और सेंट्रल एशिया के बाजारों तक आसान पहुंच दिला सकता है।

भारत सरकार ने 8 अप्रैल, 2025 को एक सर्कुलर जारी करके बांग्लादेश को तीसरे देश-निर्यात के लिए भारत की जमीन से सामान गुजारने (ट्रांस-शिपमेंट) की सुविधा खत्म कर दी थी। इस फैसले के तहत, बांग्लादेशी माल अब भारत के लैंड कस्टम स्टेशनों (एलसीएस) से होकर, भारत के किसी बंदरगाह या एयरपोर्ट से तीसरे देश नहीं जा सकता था। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने सीधी हवाई और समुद्री कनेक्टिविटी बढ़ाने, लॉजिस्टिक सहयोग, और हलाल उत्पादों के मानकीकरण जैसे मुद्दों पर भी सहमति जताई। बैठक में



रहा है। इसके बाद जुलाई 2025 में बांग्लादेश के जूट निर्यात की कमाई घटकर 12.9 मिलियन डालर से सिर्फ 3.4 मिलियन डालर रह गई। इसके जवाब में बांग्लादेश ने भारत से धागा (यार्न) इंपोर्ट बंद कर दिया और कई लैंड पोर्ट जैसे बेनापोल, भोमरा, सोनामसजिद, बंगलबंधा, बुरीमारी से इंपोर्ट रोक दिया। बैठक में पाकिस्तान ने प्रस्ताव रखा कि बांग्लादेश अपने जूट उत्पादों के निर्यात के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने बांग्लादेशी कारोबा. रियों के लिए 500 स्कालरशिप और तकनीकी प्रशिक्षण सीटें बढ़ाने की भी घोषणा की है। दोनों देशों ने इन प्रस्तावों पर आगे काम करने के लिए एक जाइंट वर्किंग ग्रुप बनाने का फैसला लिया है। कई एक्सपर्ट्स इस प्रस्ताव को दक्षिण एशिया में बदलते क्षेत्रीय समीकरणों से जोड़कर देख रहे हैं। भारत-बांग्लादेश के बीच हाल के महीनों में कुछ व्यापारिक मतभेद सामने आए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का यह कदम अपने लिए एक नया आर्थिक और कूटनीतिक अवसर बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

## इजरायल का समर्थन करने पर हुई पाकिस्तानी पत्रकार की बेरहमी से हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कट्टरपंथ की चपेट में इस कदर आ चुका है कि वहां अब जनभावना के विपरीत बात करना भी जानलेवा हो गया है। पाकिस्तान में एक पत्रकार को इजरायल के समर्थन में बात करने के लिए ही जान से हाथ धोना पड़ गया। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के गृह मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि, बीते हफ्ते कराची में हुई एक पत्रकार की हत्या एक चरमपंथी

**कट्टरपंथियों ने गोलियों से भूना**

इस्लामी ग्रुप के सदस्यों ने कर थी, क्योंकि उसने अपने टेलीविजन चौनल पर इजरायल के समर्थन में टिप्पणी कर दी थी। सिंध प्रांत के गृह मंत्री जियाउल हसन ने दावा किया कि पत्रकार और एंकर इम्तियाज मीर की हत्या के आरोप में चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

पाकिस्तान ने बांग्लादेश से जूट इंपोर्ट करने में इंट्रेस्ट दिखाया है। फिलहाल भारत बांग्लादेश का सबसे बड़ा जूट खरीदार है। भारत ने 2023 में करीब 95 मिलियन डालर का जूट आयात किया था। हालांकि भारत ने अगस्त में बांग्लादेशी जूट उत्पादों के बंद. रगाहों से आने पर पाबंदी लगा दी थी। भारत ने कहा था कि बांग्लादेश को सब्सिडी से भारतीय उद्योग को नुकसान हो

## बोलीविया: बस पहाड़ी सड़क से नीचे गिरी 16 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया के केंद्रीय कोचाबम्बा विभाग में सोमवार को एक अंतर-प्रांतीय बस के एक खड़ी पहाड़ी सड़क से 600 मीटर से ज्यादा नीचे गिर जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय पुलिस कमांडर रोजर कोस्टास ने पुष्टि की कि 23 वर्षीय चालक सहित घायलों को क्विलाकोलो के अस्पतालों में ले जाया गया है। बोलीविया के राष्ट्रीय यातायात प्रमुख उमर जेगाडा के अनुसार, यह वाहन उस मार्ग पर एक तीखे मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जो अपनी संकरी सड़कों और कम दृश्यता के लिए जाना जाता है।

## ऊर्जा व्यापार लगातार सिकुड़ रहा

**कुआलालंपुर।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को आसियान सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में ऊर्जा क्षेत्र के लगातार सिकुड़ने पर चिंता जाहिर की। एस जयशंकर का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका और भारत के संबंधों में थोड़ा रुखापन आया हुआ है और अमेरिका द्वारा भारत पर रूस से तेल न खरीदने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

इस दबाव के तहत अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। बीते हफ्ते ट्रम्प ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर बैन लगा दिया, जिससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आसियान सम्मेलन के दौरान भारतीय विद. ेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने अपने बयान में बाजारों तक

**ट्रम्प के टैरिफ के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई चिंता**

पहुंच, सप्लाई चेन की दिक्कतों को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनानी चाहिए और गाजा और यूक्रेन जैसे संघर्षों को सुलझाने की कोशिशें तेज करनी चाहिए क्योंकि इन संघर्षों की वजह से खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ गई है। जयशंकर ने कहा कि ऊर्जा व्यापार पर लगातार रोक लगाई जा रही है, जिससे तेल बाजार में गड़बड़ी हो रही है। सिद्धांतों को चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है। अमेरिका की व्यापार नीति का जिक्र किए बिना जयशंकर ने कहा कि सप्लाई चेन की विश्वसनीयता और बाजार पहुंच चिंता बढ़ा रही है।

## शहबाज चापलूसी के ओलंपिक में अव्वल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफों ने देश के अंदर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया है। पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसते हुए कहा कि शरीफ अब भी ट्रम्प की चापलूसी के ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने की दौड़ में सबसे आगे हैं। दरअसल, हाल ही में शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स 'एक्स' पर एक पोस्ट में ट्रम्प की जमकर



**ट्रम्प की तारीफ पर पाकिस्तान के पूर्व पाक राजदूत हुसैन हक्कानी ने इस पर तीखा तंज कसा**

तारीफ की थी। उन्होंने लिखा मेरा गहरा आभार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रति, जिन्होंने केएल समझौते, गाजा शांति योजना और मध्य पूर्व तथा दक्षिण एशिया में शांति के लिए असाधारण भूमिका निभाई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए हुसैन हक्कानी ने लिखा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अब भी उस खेल में स्वर्ण पदक की दौड़ में आगे हैं, जिसे फरीद जकारिया ने ट्रम्प की चापलूसी का ओलंपिक खेल बताया था। हक्कानी की यह पोस्ट कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी रीपोस्ट की और उनकी बात का समर्थन जताया।

## बंधक के शव को लेकर हमास की 'धोखेबाजी' पर नेतन्याहू सख्त

**तेल अवीव।** अमेरिका की मध्यस्थता के बाद इजरायल और गाजा में फलस्तीनी संगठन हमास के बीच शांति समझौते का पहला चरण जारी है। ऐसे में हमास ने सोमवार (27 अक्टूबर) को एक बंधक का शव इजरायल को सौंपा।

लेकिन अब बंधक के शव को लेकर इजरायल प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने हमास पर बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार (28 अक्टूबर) को कहा कि हमास की ओर से रात में लौटाए गए एक बंधक के अवशेष लगभग दो साल पहले गाजा में इजरायली सैनिकों द्वारा बरामद किए गए एक बंधक के शरीर के अंग हैं। सोमवार को गाजा



**बताया शांति समझौते का स्पष्ट उल्लंघन**

में युद्धविराम के बीच हमास ने एक बंधक का शव इजरायल को सौंपा था। इजरायल प्रधानमंत्री नेतन्याहू के कार्यकाल के अनुसार सेना को एक ताबूत प्राप्त हुआ, जिसमें 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अगवा किए गए 28 में से 16वें बंधक का शव था।

## पूर्व ब्राजील राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने सजा के खिलाफ की अपील

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने सोमवार को सुप्रीम फेडरल कोर्ट में अपील दायर की। जिसमें 2023 में एक असफल तख्तापलट के प्रयास में उनकी भूमिका के लिए उन्हें मिली 27 साल और 3 महीने की जेल की सजा की समीक्षा और उसे कम करने का अनुरोध किया गया। बोल्सोनारो की कानूनी टीम ने तर्क दिया कि मुकदमे में उचित प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है, जिसमें उचित बचाव का अभाव और एक त्रुटिपूर्ण और विरोधाभासी दलील सौदेबाजी गवाही पर भरोसा शामिल है। उन्होंने आरोपों को लागू करने के तरीके में कानूनी त्रुटियों का भी हवाला दिया।

## भारत-अमेरिका की नौसेनाओं ने किया संयुक्त युद्ध अभ्यास

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता पर केंद्रित संयुक्त युद्ध अभ्यास किया, ताकि दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी तालमेल और क्षमता को मजबूत किया जा सके। अमेरिका के सातवें बेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका और भारत की नौसेनाएं साथ उड़ान भर रही हैं।

डिएगो गार्सिया के पास संयुक्त पी-8 प्रशिक्षण ने पनडुब्बी-रोधी युद्ध कौशल और समुद्री क्षेत्र की जागरूकता को निखारा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की हमारी सामूहिक क्षमता को बढ़ाया। रक्षा दृश्य सूचना वितरण सेवा (डीवीआईडीएस) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि कमांडर टास्क फोर्स 72 (सीटीएफ) के

**मजबूत हुआ आपसी तालमेल और क्षमता**

मिशन में समुद्री गश्ती और टोही विमान (एमपीआरए) पी-8ए पोसाइडन ने भारतीय नौसेना के एमपीआरए पी-8आई के साथ डिएगो गार्सिया और हिंद महासागर के पास संयुक्त अभ्यास में भाग लिया। यह अभ्यास 22 से 28 अक्टूबर के बीच आयोजित किया गया था। पी-8आई के डिएगो गार्सिया पहुंचने के बाद अमेरिकी और भारतीय चालक दल ने अभ्यास के लिए संचालन योजना पर मिलकर काम किया, जिससे समुद्री में सूचना साझा करने और सहयोग की नींव रखी गई। इस तट आधारित चरण को संयुक्त उड़ान और द्विपक्षी पनडुब्बी-रोधी और संचार अभ्यास के साथ पूरा किया गया।

## ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान

**टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की। इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया। साथ ही जापान को हर संभव मदद का ऐलान किया। तकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई। तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा। साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नामिनेट भी करेगा। ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रम्प आज दोपहर तकाइची के साथ योकोसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा करेंगे। यहां अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जार्ज वाशिंगटन तैनात है।

# ईरान में बंधक बनाए गए 4 गुजराती भारत लौटे

## 6 अभी भी फंसे, डंकी रूट से ऑस्ट्रेलिया जाते समय तेहरान में हुआ था अपहरण

**गांधीनगर।** ईरान में बंधक बनाए गए गुजरातियों के बारे में एक नया खुलासा हुआ है। चार नहीं, बल्कि कुल 13 लोग इलीगल तरीके से आस्ट्रेलिया और यूरोप में घुसपैठ करने के लिए निकले थे। जिन्हें फिरौती के लिए ईरान के तेहरान में बंधक बना लिया गया था। इनमें से तीन पहले ही गुजरात लौट आए थे, जबकि चार की आज सोमवार सुबह वतन वापसी हो गई। हालांकि, अभी भी 6 लोग वहां फंसे हुए हैं।

13 गुजरातियों को बैंकाक ले जाया गया था हरियाणा के दो एजेंट्स 16 अक्टूबर को 13 गुजरातियों को लेकर आस्ट्रेलिया और यूरोप के लिए रवाना हुए थे। सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी।145 से बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। इनमें से 4 को तेहरान के मरकजी

**सभी लोग थाई एयर एशिया की फ्लाइट संख्या एफडी145 से बैंकाक पहुंचे थे**

ईरान नाम की होटल में बंधक बनाया गया था। बाकी लोगों को अलग-अलग होटलों में रखा गया था। एक शख्स ने इन चारों के परिवार को फोन करके 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। परिवार को एक वीडियो भेजा गया था, जिसमें अपहृत लोगों को नग्न कर के जमीन पर औंधे मुंह लिटाकर पीटा जा रहा था। अपहृत लोगों में एक महिला और तीन युवक शामिल थे, जिनमें से तीन गांधीनगर जिले के मानसा तालुका के बापुपुरा और एक बड़पुरा का रहने वाला है। विधायक जेएस पटेल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई थी। 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे गांव के करीबी सूत्रों ने बताया कि गांव के ही एक एजेंट ने पिछले दिनों दो-तीन यात्रियों को डंकी रूट से अमेरिका भेजा था। यह एजेंट आस्ट्रेलिया में घुसपैठ कराने के लिए भी काम कर रहा था। यह बात मालूम होती ही बापूपुरा और एक बड़पुरा गांव के एक दंपति समेत चार लोगों ने आस्ट्रेलिया जाने के लिए इसी एजेंट के संपर्क में आए थे। इन चारों के साथ गुजरात के अलग-अलग शहरों के 9 और लोग भी शामिल थे। प्लान के मुता. बिक, सभी 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे। सभी पहले बैंकाक पहुंचे थे। यहां कुछ दिन रुकने के बाद उन्हें कतर और कतर से ईरान भेज दिया गया था। जहां सभी लोगों को बंधक बना लिया गया था। गौरतलब है कि इससे पहले भी डंकी रूट से विदेश जाने वालों की किडनैपिंग और फिरौती की मांग के मामले सामने आए है।

## जमैका से टकराएगा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान मेलिसा

**किंग्सटन/वाशिंगटन।** हरिकेन मेलिसा 2025 का सबसे ताकतवर तूफान बन गया है। यह कैरेबियाई देश जमैका की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले यह हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन में तबाही मचा चुका है। मेलिसा से जमैका में 3, हैती में 3 और डोमिनिकन रिपब्लिक में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है।

अमेरिकी मौसम वैज्ञानिकों ने चेता. वनी दी है कि यह तूफान विनाशकारी और जानलेवा साबित हो सकता है। मेलिसा की रफ्तार 175 मील प्रति घंटा यानी लगभग 282 किमी/घंटा तक पहुंच गई है। इससे यह कैटेगरी-5 हरिकेन बन गया है। यह तूफानों की सबसे खतरनाक श्रेणी है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान मंगलवार शाम (भारतीय समय के मुताबिक) जमैका के तट से टकरा सकता है। क्यूबा में 6 लाख और जमैका में



**हवा की रफ्तार 282 kmph छह लाख से ज्यादा लोग ऊंची जगहों पर भेजे गए**

28000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। अमेरिकी वायुसेना रिजर्व के 403वें विंग के 'हरिक. ेन हंटर्स' ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें तूफान मेलिसा का बिल्कुल बीच का हिस्सा दिख रहा है। यह वीडियो उस समय शूट किया गया था, जब तूफान रविवार को जमैका की ओर बढ़ रहा था।

